राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 302
लखनऊ, शनिवार 4 जुलाई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



उपनिदेशक झांसी मण्डल ने ग्राम कुरार का किया निरीक्षण 10
बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन दो दिनी दौरे पर आज आयेंगे यूपी 03

## यूपी की नौकरशाही पॉलिसी पैरालिसिस की शिकार नहीं : योगी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश की नौकरशाही अब पॉलिसी पैरालिसिस का शिकार नहीं है, बल्कि पूरी तेजी के साथ विकसित उत्तर प्रदेश के लक्ष्य को हासिल करने के लिए दौड़ने को तैयार है। विकसित भारत की आधारशिला उत्तर प्रदेश बनेगा और इसके लिए प्रदेश के प्रत्येक गांव, कस्बे और वार्ड को आत्मनिर्भर बनाना होगा। राजनीतिक नेतृत्व केवल विजन दे सकता है, लेकिन उसे धरातल पर उतारने की पूरी ताकत प्रशासनिक मशीनरी के पास होती है। इसलिए प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण और सकारात्मक कार्यसंस्कृति बेहद जरूरी है।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी के 464 करोड़ रुपये से अधिक लागत से 22 एकड़ से ज्यादा क्षेत्रफल में निर्मित अत्याधुनिक नवीन परिसर का



**सीएम ने किया डॉ. राम मनोहर लोहिया उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी के नवीन परिसर का लोकार्पण**

लोकार्पण करने के उपरांत प्रशासनिक अधिकारियों और प्रशिक्षुओं को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भवन का उद्घाटन किया और परिसर का निरीक्षण कर विभिन्न सुविधाओं व व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश की पिछले नौ वर्षों की विकास यात्रा स्वयं बहुत कुछ कहती है। शासन व आमजन के बीच प्रशासनिक अधिकारी सबसे महत्वपूर्ण सेतु होते हैं। यदि यह सेतु मजबूत होगा तो सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगा और जनता की धारणा भी सकारात्मक बनेगी। वर्ष 2017 से पहले दो-तीन दशकों तक उत्तर प्रदेश की छवि बेहद नकारात्मक हो गई थी। लोग मानने लगे थे कि देश की कोई भी योजना उत्तर प्रदेश में सफल नहीं हो सकती। इसके लिए केवल प्रशासनिक अधिकारी ही नहीं, बल्कि राजनीतिक नेतृत्व भी जिम्मेदार था। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मिशन कर्मयोगी के तहत आई-गॉट प्लेटफॉर्म पर क्षमता निर्माण के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश पहले काफी पीछे था, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रयासों से अब देश में पहले स्थान पर है। यह हमारे प्रशासनिक तंत्र की कार्यक्षमता का प्रमाण है। विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश के विजन को लेकर प्रदेशभर में व्यापक संवाद अभियान चलाया गया। विधानमंडल से लेकर गांवों की चौपाल तक चर्चा हुई। 300 वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षाविदों और पूर्व अधिकारियों ने विभिन्न वर्गों के बीच जाकर संवाद किया। प्रदेश सरकार के पोर्टल पर 98 लाख से अधिक सुझाव प्राप्त हुए, जिनके आधार पर विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया गया।

### टीमवर्क व सकारात्मक सोच ही सफलता का आधार

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अकादमी को भारत के अग्रणी स्कूल ऑफ पब्लिक लीडरशिप के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। नॉलेज टू डेवलपमेंट, डेवलपमेंट टू पब्लिक ट्रस्ट और पब्लिक ट्रस्ट टू नेशन बिल्डिंग की संकल्पना को साकार करने में यह संस्थान महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसी उद्देश्य से आधुनिक सुविधाओं से युक्त अकादमी का निर्माण कराया गया है। एकला चलो की सोच या टीम को कमजोर करने की मानसिकता से अच्छे परिणाम नहीं मिल सकते। टीमवर्क, सकारात्मक सोच और नवाचार ही सफलता का आधार हैं। प्रशासनिक अधिकारियों को लगातार सीखते रहने, तकनीक आधारित सुशासन, संवेदनशील प्रशासन और नवाचार को अपनाने की आवश्यकता है।

### अब पहचान का संकट नहीं, टॉप-3 अर्थव्यवस्था में यूपी

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने अपनी नई पहचान बनाई है। आज प्रदेश देश की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में अपनी जगह बना चुका है। सुरक्षा, सुशासन, क्राउड मैनेजमेंट, टेक्नोलॉजी आधारित सुधार और प्रशासनिक कार्यप्रणाली के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। अब यहां किसी के सामने पहचान का संकट नहीं है। अब कोई इसे बीमारू राज्य नहीं कह सकता। प्रदेश लगातार छह वर्षों से रेवेन्यू सरप्लस स्टेट बना हुआ है। भारत सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में प्रदेश लगातार पहले या दूसरे स्थान पर रहता है।

### तकनीक ने खत्म किया भ्रष्टाचार गरीब को मिला अधिकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि टेक्नोलॉजी आधारित सुधारों ने आमजन के जीवन में बड़ा बदलाव किया है। राशन वितरण में ई-पॉस मशीनें लागू होने से शिकायतें समाप्त हो गईं और गरीबों को उनका पूरा अधिकार मिलने लगा। पहले राशन व्यवस्था में भ्रष्टाचार होता था, लेकिन अब पारदर्शिता आई है और जनता संतुष्ट है। गन्ना किसानों को पहले पर्ची, ब्लैक मार्केटिंग और घटतौली जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। अब मोबाइल पर ही पूरी जानकारी उपलब्ध हो जाती है। डीबीटी व्यवस्था लागू होने से पेंशन और अन्य योजनाओं का पैसा सीधे लाभार्थियों के खाते में पहुंच रहा है और बिचौलियों की भूमिका समाप्त हो गई है।

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी जेल जाएंगे चंपत राय!

**विनय कटियार के दावे से हड़कंप, बोले-पीएम मोदी के संपर्क में हूं**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावे से जुड़े कथित गड़बड़ी के मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और राम मंदिर आंदोलन के प्रमुख चेहरों में चर्चा में रहे विनय कटियार का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने दावा किया कि मामले की जांच तेजी से चल रही है और जांच के आधार पर आगे चलकर चंपत राय को जेल जाना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संपर्क में हैं और उन्हें विश्वास है कि मामले में उचित रूप से सख्त कार्रवाई होगी।

मीडिया से मुखातिब विनय कटियार ने कहा कि मौजूदा घटनाक्रम पर आखिरी निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी। जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति साफ हो पाएगी। उन्हें विश्वास है कि जांच निष्पक्ष तरीके से आगे बढ़ेगी और जो भी निर्णय लिया जायेगा, वह तथ्यों के आधार पर होगा। श्री कटियार ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संपर्क में हैं और उन्हें उम्मीद है कि मामले में सही फैसला लिया जाएगा। उन्होंने ल दावा किया कि इस मामले में चंपत राय और गोपाल राव के नाम भी सामने आए हैं। ल आखिरी फैसला जांच एजेंसियों की रिपोर्ट के आधार पर ही होगा।

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,47,150/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,34,900/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,10,400/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,50,000/किग्रा |



## पीएम मोदी का अमरनाथ यात्रियों के नाम भावुक संदेश

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर में पवित्र अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले शिव भक्तों को शुभकामनाएं देते हुए यात्रा के दौरान स्वच्छता बनाए रखने, नियमों का पालन करने और यात्रा के समापन के बाद परिजनों को पौधा भेंट करने जैसे संकल्प लेने को कहा है।



प्रधानमंत्री ने अमरनाथ यात्रा शुरू होने के पहले दिन एक संदेश में कहा कि इसमें सम्मिलित होना, अपने आप में बहुत बड़ा सौभाग्य होता है। ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन हुई प्रथम पूजा के साथ ही भक्तों के लिए बाबा बर्फानी के दर्शन का क्रम शुरू हो जाता है। देश के कोने-कोने में श्रद्धालु इस पावन यात्रा में सम्मिलित होने के लिए तत्पर रहते हैं। उन्होंने कहा, हर वर्ष बाबा बर्फानी के प्रत्यक्ष दर्शन का यह अवसर, लाखों शिवभक्तों के लिए जीवन का एक अत्यंत शुभ और अविस्मरणीय अनुभव होता है। मैं इस वर्ष, यात्रा के इस अवसर पर आप सभी शिवभक्तों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। श्री मोदी ने कहा बाबा अमरनाथ के दर्शन की यह यात्रा, भारत की आध्यात्मिक यात्रा परंपरा का एक शाश्वत अध्याय है। हर वर्ष पूरे विश्व से सनातन संस्कृति को मानने वाले लाखों श्रद्धालु इस यात्रा में सम्मिलित होने के लिए जम्मू-कश्मीर पहुंचते हैं। अलग-अलग प्रांतों से, अलग-अलग भाषाएं बोलने वाले और विविध परंपराओं को मानने वाले लोग, महादेव के दर्शन का संकल्प लेकर इस यात्रा को पूरा करते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते कई दशकों से, श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड और जम्मू-कश्मीर सरकार बहुत कुशलता और सेवा भाव से यात्रा का प्रबंधन करते आ रहे हैं। इसके साथ ही, यात्रा को सुरक्षित संपन्न कराने में हमारे प्रशासन और सुरक्षाबलों की भी बहुत बड़ी भूमिका रहती है। इस वर्ष भी हजारों साथी इस दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने यात्रा के कुशल संचालन के लिए भारतीय सेना, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, जम्मू-कश्मीर पुलिस, भारत तिब्बत सीमा पुलिस, सीमा सुरक्षा बल, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े चिकित्सकों और कर्मियों, प्रशासन के अधिकारियों, सफाई मित्रों तथा भक्तों की सेवा में जुटे हर साथी का हृदय से अभिनंदन भी किया।

### यात्रा से पहले दिलाए पांच बड़े संकल्प

पीएम मोदी ने अमरनाथ यात्रियों से यात्रा के दौरान पांच संकल्प लेने का आग्रह करते हुए कहा कि पहला संकल्प हम अमरनाथ यात्रा के दौरान स्वच्छता के नियमों का पालन करें और पूरे यात्रा मार्ग में स्वच्छता बनाए रखने में अपना योगदान दें। दूसरा संकल्प – हम प्रशासन के सभी आदेशों, यातायात के नियमों और सुरक्षा संबंधी निर्देशों का पूरी निष्ठा से पालन करें। यात्रा के दौरान बारिश की वजह से फिसलन और ठंड का विशेष ध्यान रखें। तीसरा संकल्प – हम वोकल फॉर लोकल की भावना से यात्रा के खर्च का कम से कम 10 प्रतिशत उपयोग स्थानीय उत्पादों को खरीदने में करें। इससे जम्मू-कश्मीर के परिवारों और युवाओं की आजीविका को भी बल मिलेगा। चौथा संकल्प – हम बाबा अमरनाथ यात्रा के समापन दिवस, अर्थात रक्षाबंधन के अवसर पर अपने भाई या बहन को एक पौधा भेंट करें और एक पेड़ मां के नाम अभियान को आगे बढ़ाएं। पांचवां संकल्प – हम राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ पूरे वर्ष अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करें और विकसित भारत के निर्माण में अपना सक्रिय योगदान दें। प्रधानमंत्री ने कामना की, बाबा बर्फानी हम सभी को अपने कर्तव्यों के प्रति और अधिक समर्पित बनाएं, ताकि हम मिलकर विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध कर सकें।

## 52 हजार करोड़ के रक्षा सौदों को मंजूरी

### सेनाओं को मिलेंगे यूएवी, टैंक रोधी मिसाइल व वायु रक्षा प्रणाली

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

सरकार ने सशस्त्र बलों की मारक क्षमता बढाने तथा उन्हें अत्याधुनिक हथियारों से लैस करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 52 हजार करोड़ रुपये के रक्षा सौदों को मंजूरी दी है जिनमें भारतीय सेना के लिए, मानव रहित हवाई यान, इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सिस्टम, टैंक रोधी मिसाइल, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल, बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली, टैंकों के लिए सक्रिय सुरक्षा प्रणाली और जेट आधारित कामिकेज़ ड्रोन प्रणाली की खरीद शामिल है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को यहां हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक ने इन खरीद सौदों को सैद्धांतिक मंजूरी दी। रक्षा मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि इन खरीद सौदों में भारतीय सेना के लिए, मानव रहित



हवाई यान (यूएवी), इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सिस्टम आकाश तरंग, मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल (एमपीएटीजीएम) सिस्टम, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (एमआरएसएएम) हथियार प्रणाली, बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली (वी-शोराड्स), टैंकों के लिए सक्रिय सुरक्षा प्रणाली और जेट आधारित कामिकेज़ ड्रोन सिस्टम की खरीद शामिल है। आकाश तरंग प्रणाली सेना संरचनाओं को यूएवी से प्रभावी सुरक्षा प्रदान करेगी। एमपीएटीजीएम दुश्मन के मशीनीकृत खतरों का मुकाबला करने के लिए इन्फैंट्री की क्षमता को बढ़ाएगी। एमआरएसएएम प्रणाली विभिन्न प्रकार के स्टैंड-ऑफ हवाई खतरों के खिलाफ मध्यम दूरी की वायु रक्षा प्रदान करती है। मल्टी-स्पेक्ट्रल सेंसिंग के साथ वी-शोरैड्स भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई और प्रभावशीलता को बढ़ाएगा। सक्रिय सुरक्षा प्रणाली टैंकों के रक्षा तंत्र में सुधार करने और उनकी कार्यक्षमता बढ़ाने में सक्षम होगी। जेट-आधारित कामिकेज़ ड्रोन किफायती होने के साथ-साथ अधिक घातक और बेहतर इलेक्ट्रॉनिक युद्ध क्षमता प्रदान करते हैं। डीएसी ने भारतीय नौसेना के लिए मल्टी इन्फ्लुएंस ग्राउंड माइन (एमआईजीएम), नेवल शिपबोर्न अनमैन्ड एरियल सिस्टम (एनएसयूएएस) की खरीद और इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन सिस्टम के लिए भूमि आधारित परीक्षण सुविधा (एलबीटीएफ) की स्थापना को मंजूरी दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### मुंगेर में मिला 700 साल पुराना बरगद



**नई दिल्ली।** बिहार के मुंगेर में 700 साल पुराना बरगद के पेड़ की पुष्टि हुई है। रेडियोकार्बन डेटिंग तकनीक से पता चला कि इस पेड़ की आयु लगभग 700 वर्ष है। यह अध्ययन लखनऊ के बीरबल साहनी इंस्टीट्यूट ऑफ़ पैलियोसाइंसेज की डॉ. त्रिणा बोस के नेतृत्व में डॉ. मयंक शेखर और डॉ. अखिलेश के. यादव की मदद से किया, जिन्होंने मिलकर पेड़ की उम्र का पता लगाने के लिए एक नया और अनोखा तरीका विकसित किया और उसे लागू किया। शोधकर्ताओं ने पेड़ के तने और प्राचीन शाखा से नमूने लेकर एक्सलरेटर मास स्पेक्ट्रोमेट्री (एएमएस) और रेडियोकार्बन डेटिंग तकनीक का उपयोग किया। इससे पेड़ की आयु का वैज्ञानिक रूप से सटीक निर्धारण संभव हुआ। इस शोध में यह भी सामने आया कि यह बरगद ऐतिहासिक 'बड़ा बंगला ' से भी अधिक पुराना है। पहले माना जाता था कि पेड़ को भवन के निर्माण के समय लगाया गया था, लेकिन अब स्पष्ट हो गया है कि यह लगभग 700 वर्ष पुराना है और संभवत: उस प्राकृतिक वन का अवशेष है, जो कभी इस क्षेत्र में मौजूद था।

### मूसलाधार बारिश से मुंबई का जनजीवन अस्त व्यस्त

**मुंबई।** महाराष्ट्र में पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से शुक्रवार को मुंबई और आस पास के इलाकों में जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। भारतीय मौसम विभाग ने आज पुणे और रायगढ़ जिले के लिए रेड अलर्ट और मुंबई, ठाणे, पालघर जिले सहित सूबे के कोंकण, विदर्भ और मध्य महाराष्ट्र में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इससे इन जिलों में आपातकालीन व्यवस्था को सुसज्ज रखा गया है।

### कंटेनर ने रोडवेज बस यात्रियों को रौंदा, पांच की मौत

**एटा।** उत्तर प्रदेश के एटा जिले के बागवाला थाना क्षेत्र में शुक्रवार को तड़के एक सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। 11 लोग घायल हो गए। हादसा कीलरमाऊ गांव के पास उस समय हुआ, जब खराब होकर सड़क किनारे खड़ी रोडवेज बस में पीछे से तेज रफ्तार कंटेनर ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस के बाहर खड़े यात्री इसकी चपेट में आ गए। घायलों को वीरांगना अवंतीबाई मेडिकल कॉलेज भिजवाया गया। वहां डॉक्टरों ने बुलंदशहर निवासी सतेंद्र (38), फर्रुखाबाद निवासी राजेश (34), सुखराम (30), शैलेश (29) और एक अन्य अज्ञात व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया।

## घर बैठे फ्री में अपडेट करें आधार

**एजेंसी, नई दिल्ली।**




दूरदराज के क्षेत्रों के निवासी अब घर बैठे आसानी से अपने आधार कार्ड में ईमेल, मोबाइल नंबर, पता समेत अन्य अपडेट कर सकेंगे। एक जुलाई से शुरू हुई यह सुविधा अगले छह महीने तक निःशुल्क रहेगी। प्रथम दो दिनों में 25 लाख से अधिक लोगों ने अपने ईमेल अपडेट करवाए हैं।

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसार भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने यह पहल एक जुलाई से शुरू की। इससे निवासियों के लिए अपनी आधार जानकारी को अपडेट करना पहले से कहीं अधिक आसान हो गया है। मंत्रालय के मुताबिक जीवन को सुगम बनाने के उद्देश्य से डिज़ाइन किया गया नया आधार ऐप लोगों को अपने स्मार्टफोन से ही मोबाइल नंबर अपडेट और पता अपडेट सहित कई सेवाओं का आसानी से लाभ उठाने में सक्षम बना रहा है। अब तक 40 लाख से अधिक लोगों ने नए आधार ऐप का उपयोग करके अपने मोबाइल नंबर अपडेट किए हैं। वहीं, लगभग 10 लाख लोगों ने इस ऐप का उपयोग करके अपना पता भी अपडेट किया है। यह पहल डिजिटल इंडिया के अंतर्गत विकसित भारत की दिशा में लोगों के अनुकूल डिजिटल सेवा प्रदान करने के लिए यूआईडीएआई की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

## 20 जुलाई से शुरू हो सकता है संसद का मॉनसून सत्र

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

संसद का आगामी मॉनसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होने की संभावना जताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार यह सत्र करीब तीन सप्ताह तक चल सकता है, हालांकि इसकी आधिकारिक घोषणा अभी बाकी है। सामान्य तौर पर मॉनसून सत्र चार सप्ताह का होता है और इसमें लगभग 20 बैठकें आयोजित की जाती हैं, लेकिन इस बार बैठकों की संख्या कम रहने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

राजनीतिक दृष्टि से यह सत्र काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि कई राज्यों की बदलती राजनीतिक परिस्थितियों और विभिन्न दलों के भीतर जारी उठापटक का असर संसद में भी देखने को मिल सकता है। मॉनसून सत्र



ऐसे समय में प्रस्तावित है जब कई राजनीतिक दलों में अंदरूनी बदलाव और सांसदों के पाला बदलने की चर्चाएं तेज हैं।

राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा है कि कुछ दलों के सांसदों ने नए राजनीतिक रुख अपनाए हैं, जिससे संसद के दोनों सदनों में शक्ति संतुलन प्रभावित हो सकता है। ऐसे में विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच कई मुद्दों पर तीखी बहस देखने को मिल सकती है। सूत्रों के मुताबिक कुछ सांसदों द्वारा अलग गुट की मान्यता संबंधी प्रस्ताव भी लोकसभा अध्यक्ष के समक्ष लंबित हैं। माना जा रहा है कि सत्र शुरू होने से पहले या उसके दौरान इन मामलों पर निर्णय लिया जा सकता है। यदि ऐसा होता है तो संसद के भीतर दलगत गणित में बदलाव देखने को मिल सकता है, जिसका असर विधेयकों के पारित होने की प्रक्रिया पर भी पड़ सकता है। जानकारी के अनुसार केंद्र सरकार कुछ महत्वपूर्ण विधेयकों पर आगे बढ़ सकती है। इनमें महिला आरक्षण से जुड़े प्रस्तावों और परिसीमन से संबंधित सुधारों पर चर्चा की संभावना जताई जा रही है।

बताया जा रहा है कि सरकार राज्यों के प्रतिनिधित्व को संतुलित रखने के लिए लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाने जैसे विकल्पों पर भी विचार कर सकती है।

## सिंधु जल संधि : पाक को भारत का करारा जवाब

### आतंकवाद को समर्थन देना करना होगा बंद

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत ने सिंधु जल संधि को लेकर पाकिस्तान की हाल की बयानबाजी पर उसे करारा जवाब देते हुए कहा है कि इस मामले में भारत के रूख में कोई बदलाव नहीं आया है और पाकिस्तान को आतंकवाद को समर्थन देना बंद करना होगा।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को नियमित मीडिया ब्रीफिंग में इस बारे में पूछे गये सवालों के जवाब में कहा कि भारत की ओर से यह संधि स्थगित है और पाकिस्तान को आतंकवाद को समर्थन देने पर रोक लगानी होगी। उन्होंने कहा, सिंधु जल संधि पर भारत के



रूख में कोई बदलाव नहीं आया है। यह संधि स्थगित रहेगी जब तक कि पाकिस्तान विश्वसनीय और पूरी तरह से सीमा-पार आतंकवाद को समर्थन देना बंद नहीं कर देता। उल्लेखनीय है कि हाल ही में पाकिस्तान में सिंधु जल संधि पर आयोजित सेमिनार में पाकिस्तान के कई प्रमुख नेताओं ने कहा था कि यदि पाकिस्तान का पानी रोका जाता है तो वह इसके लिए युद्ध से भी पीछे नहीं हटेगा।

## यूपीटीईटी-2026 की दूसरे दिन की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपी टीईटी) की लिखित परीक्षा का आज दूसरा दिन है। आज दोनों पालियों में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गई है। त्रिदिवसीय परीक्षा का अंतिम पेपर चार जुलाई को प्रथम पाली में होगा। वहीं गुरुवार से आयोजित परीक्षा के पहले दिन दोनों पालियों में प्रदेश के 60 जिलों के 955 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्वक, पारदर्शी एवं नकलविहीन वातावरण में संपन्न हुई।

उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने शुक्रवार को बताया कि परीक्षा के दौरान आयोग में स्थापित एआई इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड रूम से उनकी, सदस्यगण, सचिव, परीक्षा नियंत्रक एवं उपसचिव की उपस्थिति में सभी परीक्षा केंद्रों की सघन निगरानी की गई।



परीक्षा देकर निकले कुछ अभ्यर्थियों ने कहा कि पेपर बहुत ही अच्छा था तो कुछ लोगों के चहेरे पर मायूसी देकर यह लगा रहा है कि उनका पेपर अच्छा नहीं गया है। कुछ लोगों ने पेपर कठिन सवाल होना बताया। फिलहाल अभ्यर्थियों ने परीक्षा केंद्रों की व्यवस्था पर संतुष्ट दिखे हैं। उल्लेखनीय है कि पहले दिन की परीक्षा की दोनों पालियों में कुल 8,07,636 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 6,84,614 यानी 84.76 फीसदी अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। महिला परीक्षार्थियों की उपस्थिति 84.69 फीसदी तथा पुरुष परीक्षार्थियों की उपस्थिति 84.86 फीसदी रही। परीक्षा के सफल संचालन में जिला एवं पुलिस प्रशासन का सक्रिय सहयोग मिला। केंद्रों पर चेकिंग के दौरान 15 लोग पकड़े गए थे। वह दूसरे लोगों की स्थान पर परीक्षा देने के लिए आये थे। इसके बाद दूसरे परीक्षा चेकिंग को और सख्त कर दी गई थी। ये सभी एआई कैमरों की मदद से पकड़े गये थे।

**तैयारी** | **भारतीय डाक ने शुरू की नई व्यवस्था**

## केंद्र, राज्य सरकार के कर्मचारी अब पीएलआई-आरपीएलआई एजेंट बन सकेंगे

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारतीय डाक ने केंद्र और राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए पोस्टल जीवन बीमा (पीएलआई) और ग्रामीण डाक जीवन बीमा (आरपीएलआई) योजनाओं के विपणन से जुड़ने का अवसर उपलब्ध कराया है। नई व्यवस्था के तहत डाक विभाग के कर्मचारियों को छोड़कर सातवें वेतन आयोग के पे-लेवल-8 तक के कार्यरत केंद्र और राज्य सरकार के कर्मचारी अदर डिपार्टमेंटल एम्प्लॉयी (ओडीई) के रूप में पंजीकरण करा सकेंगे।

भारतीय डाक के अनुसार डाक महानिदेशालय के हालिया आदेश के तहत ओडीई के चयन, संचालन, प्रोत्साहन राशि और कार्यप्रणाली संबंधी दिशा-निर्देशों को मानकीकृत किया गया है। इसका उद्देश्य सरकार समर्थित कम प्रीमियम वाली पीएलआई और आरपीएलआई योजनाओं की पहुंच का विस्तार करना है। इस व्यवस्था के तहत पात्र सरकारी कर्मचारी पीएलआई और आरपीएलआई पॉलिसियों के लिए अधिकृत बिक्री एजेंट के रूप में कार्य करेंगे।

उन्हें नई पॉलिसियां जुटाने और उनके नवीनीकरण पर निर्धारित शर्तों के अनुसार प्रोत्साहन राशि भी मिलेगी। भारतीय डाक ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि डाक विभाग के कर्मचारियों को छोड़कर पे-लेवल-8 तक के कार्यरत केंद्रीय और राज्य सरकारी कर्मचारी निर्धारित शर्तों के अधीन पीएलआई और




आरपीएलआई कारोबार जुटाने के लिए ओडीई के रूप में जुड़ सकते हैं और प्रोत्साहन राशि अर्जित कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि पीएलआई की शुरुआत वर्ष 1884 में हुई थी। इसे भारत सरकार का जीवन बीमा कार्यक्रम माना जाता है और प्रारंभ में इसे डाक कर्मचारियों के लिए शुरू किया गया था। बाद में इसका दायरा बढ़ाकर केंद्र एवं राज्य सरकार के कर्मचारियों, सार्वजनिक उपक्रमों, स्थानीय निकायों, विश्वविद्यालयों, सरकारी सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों तथा कुछ अन्य पात्र संस्थानों के कर्मचारियों तक कर दिया गया। कम प्रीमियम, सरकार समर्थित सुरक्षा और आकर्षक बोनस के कारण यह योजना लोकप्रिय मानी जाती है। ग्रामीण डाक जीवन बीमा (आरपीएलआई) की शुरुआत 1995 में ग्रामीण आबादी को जीवन बीमा का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई थी। यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले पात्र लोगों के लिए है और कम प्रीमियम पर जीवन बीमा सुरक्षा उपलब्ध कराती है। देश के विस्तृत डाक नेटवर्क के जरिए संचालित यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में बीमा कवरेज बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

# अपने जनपद को विकसित कर पर्यटन को दें बढ़ावा : आयुक्त

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में महाराजा सुहेलदेव सभागार, आयुक्त कार्यालय, गोण्डा में श्री देवीपाटन धाम तीर्थ विकास परिषद, बलरामपुर के अंतर्गत पर्यटन विभाग द्वारा स्वीकृत एवं संचालित परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मण्डल के विभिन्न जनपदों में संचालित पर्यटन विकास परियोजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। आयुक्त ने निर्माणाधीन परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए सभी कार्यदायी संस्थाओं एवं संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।



- दुर्गा शक्ति नागपाल ने पर्यटन परियोजनाओं की समीक्षा कर समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण कार्यों पर दिया जोर
- देवीपाटन धाम तीर्थ विकास परिषद की बैठक में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश

समीक्षा के दौरान आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने निर्देशित किया कि स्वामी नारायण मंदिर, छपिया में श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के आकर्षण को बढ़ाने के उद्देश्य से लेजर लाइट एंड साउंड शो स्थापित किए जाने हेतु शासन को प्रस्ताव शीघ्र प्रेषित किया जाए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की आधुनिक सुविधाएं धार्मिक पर्यटन को नई पहचान देंगी तथा देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों के अनुभव को और बेहतर बनाएंगी।

आयुक्त ने कहा कि पर्यटन स्थलों का विकास क्षेत्र की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत के संरक्षण के साथ-साथ स्थानीय रोजगार एवं आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देता है। इसलिए सभी परियोजनाओं में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाए।

बैठक में परियोजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति, भूमि संबंधी प्रकरणों तथा अन्य लंबित बिंदुओं की भी समीक्षा की गई। जिन परियोजनाओं में किसी प्रकार की बाधा है, उन्हें संबंधित विभागों के समन्वय से शीघ्र दूर कर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में जिलाधिकारी बलरामपुर ने एवं अन्य अधिकारियों वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रतिभाग किया, बैठक में संयुक्त विकास आयुक्त राकेश कुमार पाण्डे, पर्यटन विभागअधिकारी, कार्यदायी संस्थाओं एवं संबंधित विभागों के अधिकारी भौतिक रूप से उपस्थित रहे।

### सूचना प्रवाह यूट्यूब चैनल के प्रचार-प्रसार की मुहिम शुरू

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों एवं विकास कार्यों की प्रामाणिक जानकारी आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग ने अपना आधिकारिक यूट्यूब चैनल सूचना प्रवाह के लांच कर दिया है। इस चैनल के माध्यम से प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास परियोजनाओं, नीतियों, उपलब्धियों तथा जनहित से जुड़ी महत्वपूर्ण सूचनाओं का नियमित प्रसारण किया जा रहा है। अपर जिला सूचना अधिकारी अनिल कुमार ने सभी आमजन से अपील की है कि वे सूचना विभाग के आधिकारिक यूट्यूब चैनल सूचना प्रवाह को सब्सक्राइब करें तथा अधिक से अधिक लोगों तक इसकी जानकारी पहुंचाएं, ताकि सरकार की योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रामाणिक जानकारी समाज के प्रत्येक वर्ग तक प्रभावी रूप से पहुंच सके।

# फिर बच्चे को लेकर टावर पर चढ़ी महिला, पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर उतारा नीचे

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

गोंडा में तरबगंज थाना क्षेत्र के तिवारी बाजार की रहने वाली एक महिला अपने 6 वर्षीय मासूम बच्चे के साथ गोंडा रेलवे स्टेशन के सामने पार्किंग के परिसर में स्थित लगभग 80 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़ गई। बताया जा रहा है कि यह परिसर पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह का है।

महिला करीब 50 फीट की ऊंचाई पर अपने बच्चे के साथ बैठ गई, जिससे पूरे परिसर और प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। महिला विपक्षी दलों या किसी खास व्यक्ति की प्रताड़ना से इस कदर परेशान थी कि वह अपने तीन बच्चों को घर पर ही छोड़कर, एक बच्चे को साथ लेकर टावर पर जा बैठी। वह पिछले करीब 2 घंटे से वहां डटी हुई है।




जैसे ही इस आत्मघाती कदम की सूचना मिली, प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। मौके पर भारी पुलिस बल के साथ सिटी मजिस्ट्रेट पंकज वर्मा, सीओ आनंद राय और नगर कोतवाल बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी पहुंच गए। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा महिला से लगातार नीचे उतरने की मिन्नतें और अपील की जाने लगीं। जब महिला नीचे आने को तैयार नहीं हुई, तो सीओ सिटी आनंद राय ने सूझबूझ दिखाते हुए माइक से अपना मोबाइल नंबर बोला।

टावर पर बैठी महिला ने उस नंबर पर फोन करके सीओ को अपनी आपबीती सुनाई। महिला ने राम इकबाल नाम के एक व्यक्ति पर खुद को बुरी तरह प्रताड़ित करने का गंभीर आरोप लगाया है। इस दौरान घटना स्थल पर भारी संख्या में स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई है और पुलिस-प्रशासनिक टीमें लगातार महिला और उसके मासूम बच्चे को आश्वासन देकर सुरक्षित उतार लिया गया।

## खबरें एक नजर में

### दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** खरगू पुर थाना क्षेत्र में 17 दिन पूर्व दो बाईकों की आमने सामने टक्कर हो गई थी। जिस में दो युवक घायल हो गए थे। इलाज के लिए लखनऊ रेफर किया गया था। लखनऊ मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान बृहस्पतिवार की देर रात्रि में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है। खरगू पुर थाना क्षेत्र के सझवल गांव के निवासी ,22 वर्षीय विशाल नाऊ पुत्र भगवान दीन 20 वर्षीय विपिन ओझा पुत्र चंद्र प्रताप दोनों दोस्त एक बाइक पर सवार हो कर बीते 15 जून को पृथ्वी नाथ मंदिर जल चढ़ाने गए थे। जल चढ़ा कर वापस घर लौट रहे थे । गोंडा इटियाथोक मार्ग स्थित जानकी नगर पुलिस चौकी के समीप एक अन्य बाइक से टक्कर हो गई। जिस में दोनों घायल हो गए। इलाज के लिए बहराइच मेडिकल कालेज में ले जाकरभर्ती कराया गया। वहां से दोनों को लखनऊ मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया। इलाज के दौरान बृहस्पतिवार की देर रात्रि में विशाल नाऊ की मौत हो गई। विपिन ओझा की हालत गम्भीर बनी हुई है। मृतक विशाल नाऊ की मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक विशाल नाऊ की शादी बीते 7 मई को हुई थी।

### करंट से चौकीदार की मौत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के पूरे तिवारी बाल पुर जाट गांव के निवासी 50 राम भवन तिवारी पुत्र श्याम लाल कोतवाली देहात में चौकी दार के पद पर कार्यरत है द्य बृहस्पतिवार के दिन चौकी दारी करने कोतवाली देहात आया था।शुकवार की सुबह ड्यूटी खत्म कर के घर पहुंच गया। उस के पुत्र संतोष तिवारी ने बताया कि घर का टिल्लू पम्प खराब था ।उसी को ठीक कर रहे थे।तभी करंट उतर आया। इलाज के लिए मेडिकल कालेज लेकर गए।चिकित्सक ने देखने के बाद मृत्यु घोषित कर दिया।

### चोरी के माल के साथ चोर गिरफ्तार

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** नगर कोतवाली क्षेत्र के महराज गंज चौकी प्रभारी पिंटू यादव ने चोरी के माल के साथ अलीशान पुत्र शब्बीर निवासी कासी राम कालोनी को चोरी के जेवरात के साथ गिरफ्तार कर के जेल भेजा है। नगर कोतवाली क्षेत्र के सुभाष नगर निवासी पप्पू सोनी ने बीते एक जुलाई को नगर कोतवाली में तहरीर दिया कि उस का ज्वैलर्स की दुकान सुभाष नगर में है। दुकान के पीछे लकड़ी का दरवाजा तोड़ कर अंदर घुसा था। दुकान के अंदर रखा। सोने का जेवरात और कुछ नगदी सहित उठा ले गए। करीब दस लाख की चोरी हुई थी। पुलिस ने चोरी के माल के साथ अली शान को पुलिस ने सर्किट हाउस के पास से गिरफ्तार किया है।

### मकान का जर्जर छज्जा गिरने से किशोर की मौत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के नानपारा कोतवाली क्षेत्र के माघी गांव में शुक्रवार को एक मकान का जर्जर छज्जा गिरने से 17 वर्षीय किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। किशोर अपने मामा के घर घूमने आया था। मृतक की पहचान लखीमपुर जनपद के डेबर गांव निवासी गोविंद मौर्य (17) पुत्र छोटकन्ने मौर्य के रूप में हुई है। वह करीब दस दिन पहले नानपारा कोतवाली क्षेत्र के माघी गांव में अपने मामा नंद किशोर के यहां घूमने आया था।शुक्रवार सुबह करीब दस बजे गोविंद मकान के एक पुराने और जर्जर छज्जे को पकड़े हुए था। इसी दौरान छज्जा अचानक टूटकर भरभराकर गिर गया और सीधे गोविंद के ऊपर आ पड़ा। हादसे के बाद परिवार के लोग उसे बचाने के लिए दौड़े। मलबे को हटाकर उसे बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। गोविंद अपने दो भाइयों में सबसे बड़ा था। चौकी इंचार्ज सुरपति त्रिपाठी ने बताया कि मृतक के परिजन उसका शव लेकर लखीमपुर चले गए हैं। इस मामले में किसी भी पक्ष द्वारा कोई तहरीर नहीं दी गई है।



### चोरी की भैंस बरामद, तीन आरोपी गिरफ्तार



**कैसरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।** थाना कैसरगंज पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी की गई लाखों रुपये मूल्य की भैंस बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से पीड़ित परिवार ने राहत की सांस ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम भकरौली मुंगेशपुर निवासी रिजवान अहमद पुत्र जहीरुद्दीन की भैंस कुछ दिन पूर्व अज्ञात चोर चोरी कर ले गए थे। पीड़ित की तहरीर पर थाना प्रभारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम गठित की। वरिष्ठ उपनिरीक्षक रविंद्र कुमार चंद्र के नेतृत्व में गठित टीम ने लगातार सुरागरसी और मुखबिर तंत्र को सक्रिय रखा। इसी क्रम में 3 तारीख की रात परमहंस डिग्री कॉलेज के पवना रोड पर चोरी की भैंस को बाहर ले जाकर बेचने की फिराक में मौजूद तीन आरोपियों को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में शाकिर अली पुत्र रौनक अली निवासी परसेंदी थाना फखरपुर, पराग नारायण उर्फ यशवंत पुत्र अयोध्या तथा मुरली यादव पुत्र बाबूराम निवासी भखरौली कनपुरवा थाना कैसरगंज शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय भेज दिया तथा बरामद भैंस उसके मालिक रिजवान अहमद को सुपुर्द कर दी। कार्रवाई में वरिष्ठ उपनिरीक्षक रविंद्र कुमार चंद्र के साथ उपनिरीक्षक मानवेंद्र यादव, हेड कांस्टेबल गिरजाशंकर चौधरी, कांस्टेबल अर्चितानंद तिवारी, राधेश्याम एवं आशुतोष यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। स्थानीय लोगों ने पुलिस की सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि त्वरित कार्रवाई से चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

# पत्रकारों के हित में सूचना निदेशक की बड़ी पहल, आयुष्मान कार्ड बनवाना हुआ आसान

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़**

जनपद के पत्रकार बंधुओं की सुविधा एवं कल्याण को ध्यान में रखते हुए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा महत्वपूर्ण पहल की गई है। अपर जिला सूचना अधिकारी, गोण्डा ने बताया कि सूचना निदेशक विशाल सिंह के निर्देशानुसार अब पत्रकार बंधुओं के लिए आयुष्मान भारत कार्ड प्राप्त करने की प्रक्रिया और अधिक सरल बनाई जा रही है। उन्होंने बताया कि जिन पत्रकार बंधुओं ने आयुष्मान कार्ड के लिए आवेदन किया है, लेकिन किसी कारणवश उनका कार्ड अभी तक नहीं बन पाया है, वे beneficiary .nha.gov.in पोर्टल पर अपने आवेदन की स्थिति (स्टेटस) देख सकते हैं। यदि पोर्टल पर उनका नाम प्रदर्शित हो रहा है और किसी प्रकार के संशोधन की आवश्यकता है, तो वे मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय, गोण्डा से संपर्क कर आवश्यक संशोधन करा सकते हैं। अपर जिला सूचना अधिकारी ने बताया कि जिन पत्रकार बंधुओं ने अभी तक आयुष्मान कार्ड के लिए आवेदन नहीं किया है अथवा आवेदन करने के बावजूद उनका कार्ड नहीं बन पाया है, उनकी सुविधा के लिए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा शीघ्र ही एक नया ऑनलाइन पोर्टल प्रारंभ किया जाएगा।

पोर्टल प्रारंभ होने के बाद पत्रकार बंधु अपना आवेदन जिला सूचना कार्यालय, गोण्डा के माध्यम से ऑनलाइन उपलब्ध करा सकेंगे। उन्होंने बताया कि पोर्टल के संचालन की तिथि एवं अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त होते ही सभी पत्रकार बंधुओं को तत्काल अवगत कराया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक पात्र पत्रकार इस सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकें।

# डीएम का बेलसर क्षेत्र में औचक निरीक्षण, लापरवाही पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

- मनरेगा से निर्मित तालाबों की गुणवत्ता पर विशेष जोर, जिम्मेदार अधिकारियों को दिए निर्देश
- चार्ज न सौंपने पर ग्राम पंचायत सचिव के निलंबन के निर्देश, विकास कार्यों में जवाबदेही तय

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने तहसील तरबगंज के विकासखण्ड बेलसर अंतर्गत ग्राम पंचायत अकौनी, मुकुन्दपुर तथा मां बाराही देवी मंदिर क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर विकास कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए विकास कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया।

ग्राम पंचायत अकौनी में वर्ष 2020-21 में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत निर्मित तालाब का निरीक्षण करने पर उसकी स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई। इस पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। मौके पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि तत्कालीन ग्राम पंचायत सचिव श्याम सुंदर, ग्राम विकास अधिकारी द्वारा वर्तमान ग्राम पंचायत सचिव को अभी तक कार्यभार हस्तांतरित नहीं किया गया है। इस गंभीर लापरवाही को संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी ने जिला विकास अधिकारी को संबंधित ग्राम पंचायत सचिव श्याम सुंदर के निलंबन की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसके उपरांत जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत मुकुन्दपुर में मनरेगा के अंतर्गत निर्मित तालाब का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि तालाब का समुचित सुंदरीकरण, साफ-सफाई एवं सौंदर्यीकरण कर उसे जनहित के अनुरूप और अधिक उपयोगी बनाया जाए, ताकि ग्रामीणों को इसका अधिकतम लाभ मिल सके।

निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने मां बाराही देवी मंदिर परिसर का भी भ्रमण किया। स्थानीय लोगों ने अवगत कराया कि मंदिर के समीप प्रवाहित सुखुई नदी वर्तमान में विलुप्त होने की स्थिति में है। इस पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी तरबगंज एवं खण्ड विकास अधिकारी बेलसर को नदी की साफ-सफाई, अतिक्रमण हटाने, सुंदरीकरण एवं पुनर्जीवन के लिए समन्वित कार्ययोजना तैयार कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी तरबगंज प्रदीप कुमार, जिला विकास अधिकारी आदित्य तिवारी, डीसी मनरेगा जनार्दन प्रसाद, खंड विकास अधिकारी बेलसर रवि कुमार, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) रवि मिश्रा, जिला आपदा विशेषज्ञ राजेश श्रीवास्तव, संबंधित ग्राम पंचायतों के ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# शरारती तत्वों ने दुर्गा प्रतिमा को किया क्षतिग्रस्त, ग्रामीणों में आक्रोश

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

- सुबह पूजा करने पहुंचे श्रद्धालुओं ने देखा टूटा हाथ-पैर, पुलिस ने शुरू की जांच



हरदी थाना क्षेत्र के कटकुईया गांव स्थित एक प्राचीन मंदिर में स्थापित मां दुर्गा की पत्थर की प्रतिमा को गुरुवार देर रात अज्ञात शरारती तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। शुक्रवार सुबह जब ग्रामीण प्रतिदिन की तरह मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचे तो प्रतिमा का हाथ और पैर टूटा देखकर स्तब्ध रह गए।

घटना की सूचना फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मंदिर परिसर में एकत्र हो गए और लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही हरदी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की तथा घटना के संबंध में जानकारी जुटाई। घटना के बाद गांव में तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए पुलिस सतर्क रही। स्थानीय लोगों ने दोषियों की शीघ्र पहचान कर उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि धार्मिक आस्था से जुड़े स्थल पर इस प्रकार की घटना बेहद निंदनीय है और इससे लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं।

हरदी थानाध्यक्ष आलोक सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या यह किसी शरारती तत्व की हरकत प्रतीत होती है। प्रतिमा के क्षतिग्रस्त हिस्से को तत्काल जोड़वा दिया गया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है तथा घटना में शामिल अज्ञात शरारती तत्वों की तलाश के लिए पुलिस टीम को लगाया गया है।

पुलिस का कहना है कि दोषियों की पहचान होते ही उनके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### विधायक सुरेश्वर सिंह मौके पर पहुंचे

स्थानीय भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह भी मूर्ति क्षतिग्रस्त होने की सूचना पर मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली और क्षेत्र का माहौल खराब करने का प्रयास करने वाले अराजक तत्वों की शीघ्र गिरफ्तारी की बात कही। भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह ने कहा कि इससे पहले भी क्षेत्र के कई इलाकों में मूर्तियों को क्षतिग्रस्त करने के मामले हो चुके हैं। हमने प्रदेश के उच्च अधिकारियों को अवगत कराया है। जीरो टॉलरेंस की नीति में पुलिस का घटना के कई घंटे के बाद मौके पर पहुंचना गलत है। जब तक इस घटना का खुलासा नहीं हो जाता तब तक मंदिर में नई मूर्ति की स्थापना नहीं की जाएगी।

# भारत-नेपाल बॉर्डर पर कोडीन सिरप की बड़ी खेप बरामद, डीआईजी भड़के

- अशोक शुक्ला बोले- यह गुड वर्क नहीं, सुरक्षा में बड़ी चूक

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



भारत-नेपाल सीमा से सटे बहराइच के रूपईडीहा थाना क्षेत्र में भारी मात्रा में प्रतिबंधित कोडीन युक्त कफ सिरप की बरामदगी के बाद हड़कंप मच गया है। इस मामले को लेकर देवीपाटन रेंज के डीआईजी अशोक शुक्ला ने सीमा सुरक्षा व्यवस्था पर बेहद गंभीर सवाल खड़े किए हैं। मीडिया से बातचीत के दौरान डीआईजी ने दोटूक शब्दों में कहा कि इतनी बड़ी तादाद में नशीली दवाओं की खेप का सीमा तक पहुंच जाना किसी भी नजरिए से पुलिस का ÷गुड वर्क÷ नहीं है, बल्कि यह सीधे तौर पर हमारी सुरक्षा व्यवस्था और चौकसी में हुई एक बहुत बड़ी और गंभीर चूक का नतीजा है।

डीआईजी अशोक शुक्ला ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि असली गुड वर्क और कामयाबी तब मानी जाती, जब नशीली दवाओं और कोडीन सिरप की इतनी बड़ी खेप को सीमा क्षेत्र (बॉर्डर) तक पहुंचने से पहले ही दबोच लिया जाता। मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने बहराइच के पुलिस अधीक्षक को एक सप्ताह के भीतर इस पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने और दोषियों के खिलाफ ठोस व कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि इस पूरे प्रकरण की जांच आंख मूंदकर या खानापूर्ति के लिए नहीं, बल्कि पूरी पारदर्शिता, गहराई और सतर्कता के साथ की जानी चाहिए। बॉर्डर पर हुई इस बड़ी लापरवाही के बाद डीआईजी ने विभागीय अधिकारियों को भी कड़ा संदेश दिया है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि इस तस्करी के पीछे यदि किसी भी स्तर पर स्थानीय पुलिसकर्मी या अधिकारी की थोड़ी सी भी लापरवाही, ढिलाई या तस्करों के साथ किसी प्रकार की संलिप्तता (साठ-गांठ) सामने आती है, तो उसके खिलाफ तत्काल प्रभाव से कठोरतम दंडात्मक कार्रवाई की जाए। इस सख्त हिदायत के बाद से ही सीमावर्ती थानों पर तैनात पुलिस अधिकारियों और कर्मियों की कार्यप्रणाली पूरी तरह से रडार पर आ गई है।

### 6 महीने में तबादले का नियम हवा, लंबे समय से जमे कप्तानों पर गहराया शक

इस बड़ी बरामदगी के बाद पुलिस महकमे के भीतर चल रहा एक पुराना ढर्रा भी चर्चा का विषय बन गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे संवेदनशील थानों में आमतौर पर हर छह महीने के भीतर थाना अध्यक्षों (एसओ/एसएचओ) का तबादला करने का नियम है, ताकि स्थानीय तस्करों और अपराधियों के साथ पुलिस की कोई संभावित साठ-गांठ या नेटवर्क न पनप सके। इसके बावजूद, नियमों को ताक पर रखकर कुछ थाना अध्यक्ष लंबे समय से एक ही सीमावर्ती थाने की मलाईदार कुर्सी पर जमे हुए हैं, जिससे अब आला अधिकारियों का संदेह और ज्यादा गहरा गया है। बहरहाल, डीआईजी के इस कड़े तेवर के बाद बहराइच पुलिस महकमे में जबरदस्त हलचल मची हुई है और माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में बॉर्डर के थानों में बड़े फेरबदल और लापरवाहों पर बड़े एक्शन की गाज गिरना तय है।

# मौनी बाबा आश्रम में नवनिर्मित प्रसाधन गृह का लोकार्पण, स्वच्छता अभियान को मिली नई मजबूती

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

- नगर पालिका परिषद बहराइच की पहल, श्रद्धालुओं व स्थानीय नागरिकों को मिलेगी स्वच्छ एवं नि:शुल्क सुविधा



नगर पालिका परिषद बहराइच द्वारा शहर में स्वच्छता एवं जनसुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मौनी बाबा आश्रम परिसर में नवनिर्मित सार्वजनिक प्रसाधन गृह का लोकार्पण चेयरमैन प्रतिनिधि श्यामकरन टेकड़ीवाल ने किया। इस सुविधा के शुरू होने से आश्रम आने वाले श्रद्धालुओं, स्थानीय नागरिकों एवं राहगीरों को स्वच्छ एवं निःशुल्क प्रसाधन सुविधा उपलब्ध होगी। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए श्यामकरन टेकड़ीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के स्वच्छ भारत और स्वच्छ उत्तर प्रदेश के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए नगर पालिका परिषद लगातार कार्य कर रही है। इसी क्रम में शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, धार्मिक स्थलों तथा मलिन बस्तियों में आधुनिक प्रसाधन केंद्रों का निर्माण कराया जा रहा है, ताकि प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ, सुरक्षित और सम्मानजनक सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि स्वच्छ शहर का निर्माण केवल प्रशासन के प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसमें आमजन की सहभागिता भी आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से नगर पालिका के स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहयोग देने तथा क्षेत्र की समस्याओं से समय-समय पर अवगत कराने की अपील की।कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी प्रेम जालान ने की। उन्होंने नगर पालिका की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि धार्मिक स्थलों पर ऐसी मूलभूत सुविधाओं का विकास श्रद्धालुओं की सुविधा के साथ-साथ स्वच्छता व्यवस्था को भी मजबूत करेगा।इस अवसर पर सर्वानंद सरस्वती, विकास मतनहेलिया, राकेश चंद्र श्रीवास्तव, नन्हेलाल लोधी, सभासद हर्षित राज श्रीवास्तव, पुष्पनाथ तिवारी, मनीष रस्तोगी, राहुल दीक्षित, विनय जैन, धर्मेंद्र सिंह, राहुल राय, कमल शेखर, प्रकाश गुप्ता, मगन बिहारी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, समाजसेवी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### मिशन सेफ फ्यूचर के तहत स्कूली वाहनों की होगी सघन जांच



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश के निर्देश पर जनपद में 1 से 15 जुलाई 2026 तक मिशन सेफ फ्यूचर अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य जिले में संचालित सभी स्कूली वाहनों की फिटनेस, वैध परमिट एवं विद्यालयी परिवहन सुरक्षा मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कर छात्र-छात्राओं की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करना है। अभियान के प्रथम चरण में परिवहन विभाग द्वारा विद्यालय प्रबंधन से संपर्क कर बिना फिटनेस, बिना परमिट अथवा अन्य वैधानिक कमियों वाले स्कूली वाहनों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं और कमियां दूर करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए जा रहे हैं। द्वितीय चरण में 8 से 15 जुलाई तक परिवहन विभाग, पुलिस, यातायात पुलिस एवं शिक्षा विभाग की संयुक्त टीम विशेष प्रवर्तन अभियान चलाएगी।

# ग्रामीणों ने बिजली लगवाने व बिना बिजली के आए बिजली बिल माफ कराने के लिये किया प्रदर्शन

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



ग्रामीणों ने बताया कि बलरामपुर जिले के विकासखंड हरैया सतघरवा के ग्राम पंचायत भुसैलिया के खैरपुरवा,भवरही, महरनपुरवा में आज तक बिजली नहीं जली है ललिया से भवरही होकर खैरपुरवा तक सौभाग्य योजना अंतर्गत बिजली लाइन दौड़ाई गई थी जो लगभग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है तार और पोल जमीन पर पड़े हैं बिना बिजली जले कुछ लोगों के घर बिजली बिल भी आ गया है ऐसी स्थिति में ग्रामीणों के हित को ध्यान में रखते हुए बिजली मीटर की जांच करवाकर बिजली बिल माफ किया जाए एवं विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। यहां विद्युत आपूर्ति के लिए 33/11 के वी विद्युत उपकेंद्र महाराजगंज तराई जनपद बलरामपुर से लाइन जोड़ा गया था किन्तु विद्युत आपूर्ति नहीं हुई ग्रामीणों से आधार कार्ड मांगकर बिजली मीटर लगा दिया गया था जिसके कारण बिजली बिल बनकर आने लगा। ग्रामीणों के कई बार बुलाने पर समाजसेवी युगल किशोर शुक्ला एडवोकेट एवं पूर्व सांसद प्रत्याशी लोकसभा श्रावस्ती ने मौके पर जाकर बिजली समस्याओं को देखा तब ग्रामीणों ने जुटकर युगल किशोर शुक्ल एवं मन मोहन तिवारी के नेतृत्व में प्रदर्शन किया, इस अवसर पर युगल किशोर शुक्ल के साथ मनमोहन तिवारी, गोमती प्रसाद, ननकू, मंगल प्रसाद,संदीप तिवारी,नीतीश, राजेंद्र प्रसाद, अरुण यादव समेत गांव के तमाम मौजूद रहे, सभी ने जिला अधिकारी बलरामपुर को प्रार्थनापत्र भेजकर और जन सुनवाई पोर्टल पर आई जी आर एस करवाकर बिजली लगवाने एवं फर्जी बिजली बिल माफ करवाने की मांग किया। जिसका संदर्भ संख्या 40018226011805 है।

# डीएम-एसपी के निर्देशन में यूपीटीईटी-2026 का प्रथम दिवस सकुशल संपन्न

**बलरामपुर।**

उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा-2026 (PTET) आज जनपद के सभी निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर पूर्ण सुचिता, पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सकुशल संपन्न हुई। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं।

जनपद में कुल 06 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। सभी केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे। परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए सीसीटीवी कैमरों से सतत निगरानी की गई तथा उड़नदस्तों एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों द्वारा लगातार निरीक्षण किया



### डीएम-एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपीटीईटी) 2026 को जनपद में सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक श्री विकास कुमार द्वारा परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने भगवती आदर्श इंटर कॉलेज एवं एम.पी.पी. इंटर कॉलेज पहुंचकर परीक्षा संबंधी समस्त व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की प्रवेश व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# सीएम योगी ने आम महोत्सव का किया शुभारंभ

- महोत्सव में 800 से अधिक प्रकार के आम किए गए प्रदर्शित
- मुख्यमंत्री ने प्रगतिशील बागवानों को किया सम्मानित



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में नौवें तीन दिवसीय आम महोत्सव का उद्घाटन किया। आम महोत्सव 2026 की स्मारिका का विमोचन किया। साथ ही प्रगतिशील बागवानों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के उद्यान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने महोत्सव के सफल आयोजन में मुख्यमंत्री के सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उद्यान मंत्री ने बताया कि इस महोत्सव में 800 से अधिक प्रकार के आम प्रदर्शित किए गए, जो बच्चों और अभिभावकों के लिए एक अनूठा अनुभव प्रदान करते हैं। यह महोत्सव तीन स्थानों पर आयोजित किया गया। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, मलिहाबाद के बागानों में किसानों के साथ और जनभवन में राज्यपाल के साथ किया गया। इसका उद्देश्य राज्य के किसानों की समृद्धि और खुशहाली को बढ़ावा देना है। उद्यान विभाग द्वारा किए गए नवाचारों में आम की गुणवत्ता सुधारने के लिए पेपर बैग तकनीक का उपयोग, निर्यात प्रोत्साहन बोर्ड का गठन, हाई-टेक नर्सरी की स्थापना और कमल की खेती को बढ़ावा देना शामिल है। उद्यान मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री के कार्यकाल में हाई-टेक नर्सरी के माध्यम से दिए जाने वाले पौधों की संख्या 74 लाख से बढ़कर 29 करोड़ हो गई है।

## मेदांता अस्पताल पहुंचे सीएम, महंत नृत्य गोपाल दास का जाना हालचाल

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास का हाल-चाल जानने के लिए मेदांता अस्पताल पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पूज्य महंत नृत्य गोपाल दास के स्वास्थ्य की जानकारी चिकित्सकों से ली और उनके बेहतर उपचार के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने महंत जी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना भी की। महंत नृत्य गोपाल दास का लखनऊ के मेदांता अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मुलाकात की तस्वीरें साझा कीं। मुख्यमंत्री ने लिखा कि श्री मणिरामदास छावनी के पूज्य महंत एवं श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष नृत्य गोपाल दास जी महाराज से आज लखनऊ स्थित मेदांता हॉस्पिटल में भेंट कर उनका कुशल-क्षेम जाना तथा चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य के विषय में जानकारी ली। प्रभु श्री राम की कृपा से उन्हें शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हो, यही प्रार्थना है।



# राजेंद्र चौधरी की तबियत खराब, सिविल अस्पताल में भर्ती

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



- अखिलेश यादव पहुंचे अस्पताल, ब्रजेश पाठक ने भी जाना हाल

सपा के मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता और एमएलसी राजेंद्र चौधरी की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उन्हें लखनऊ के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों की टीम की निगरानी में इलाज चल रहा है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव अस्पताल पहुंचे और उनके स्वास्थ्य का जायजा लिया।

राजेंद्र चौधरी की तबीयत बिगड़ने की सूचना मिलते ही उन्हें लखनऊ के सिविल अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि चौधरी को हार्ट अटैक आया, आईसीयू में भर्ती कराया गया है। अस्पताल प्रशासन और चार डॉक्टरों की टीम उनकी लगातार निगरानी कर रही है। अखिलेश यादव ने अस्पताल पहुंचकर डॉक्टरों से गहन जानकारी ली। उन्होंने सोशल मीडिया पर भी पोस्ट कर चौधरी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। अस्पताल के बाहर सपा कार्यकर्ता जुटने लगे, जो उनके प्रति स्नेह और चिंता का प्रतीक हैं। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव कहते हैं कि राजेंद्र चौधरी अचानक बीमार पड़ गए। हम उन्हें तुरंत अस्पताल ले गए, और डॉक्टरों ने जरूरी शुरुआती इलाज शुरू कर दिया है। डिप्टी सिया ब्रजेश पाठक कहते हैं, एमएलसी राजेंद्र चौधरी की हालत अभी स्थिर है। हम सभी उनके जल्द ठीक होने की प्रार्थना करते हैं। अभी उन्हें यहां शुरुआती इलाज दिया जा रहा है। उन्हें कार्डियक अरेस्ट हुआ था, लेकिन अभी उनकी हालत स्थिर है। हम उनके जल्द ठीक होने की प्रार्थना करते हैं।

## खबरें एक नजर में

### चलती डीसीएम में लगी आग, दमकल ने पाया काबू

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार तड़के सीएनजी गैस सिलेंडरों से लदी एक चलती डीसीएम में आग लग गई। आग लगने के बाद चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर तीन दमकल गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। यह घटना शुक्रवार सुबह करीब 3.30 बजे दरोगा खेड़ा के पास कानपुर रोड से किसान पथ पर चढ़ते समय हुई। डीसीएम (एनएल 01 एजे 5567) मोहनलालगंज रोड की ओर जा रही थी। अचानक गाड़ी के इंजन से तेज धुआं और आग की लपटें उठने लगीं। आग देखकर चालक घबरा गया और गाड़ी को किनारे खड़ी कर मौके से भाग निकला। राहगीरों ने तत्काल फायर कंट्रोल रूम को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही सरोजनी नगर फायर स्टेशन से एफएसओ धर्मपाल सिंह के नेतृत्व में दो दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। इसके अतिरिक्त, आलमबाग फायर स्टेशन से भी एक दमकल गाड़ी बुलाई गई। तीनों दमकल गाड़ियों ने मिलकर कुछ ही देर में आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया। फायर कर्मियों के अनुसार, यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो सीएनजी गैस सिलेंडरों में भी आग लग सकती थी, जिससे एक बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। फिलहाल, आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है और मामले की जांच की जा रही है।

### युवती ने की आत्महत्या, कमरे में फंदे से लटका मिला शव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के पारा थाना क्षेत्र के दोदाखेड़ा में गुरुवार रात एक 30 वर्षीय युवती ने अपने घर के कमरे में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी शुक्रवार सुबह होने पर परिजनों ने पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, दोदाखेड़ा निवासी दीक्षा (30), पुत्री राम भजन, ने गुरुवार देर रात अपने कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। बताया गया कि उसने स्टूल के सहारे फंदा लगाया था। काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुलने पर परिजनों को संदेह हुआ। दरवाजा खोलकर देखने पर दीक्षा फंदे से लटकी मिली। परिजनों ने तत्काल उसे नीचे उतारा और अस्पताल ले जाने की तैयारी की, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही पारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है, जिससे आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। मृतका के पिता राम भजन रेलवे से सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं। परिवार में पांच बहनें और दो भाई हैं। इस अचानक हुई घटना से पूरा परिवार सदमे में है। पारा थाना पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए सभी पहलुओं की जांच कर रही है और मृतका के परिजनों व परिचितों से भी पूछताछ की जा रही है।

### करंट लगने से माली की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के गाजीपुर थाना क्षेत्र स्थित उर्मिला उपवन में शुक्रवार सुबह करंट लगने से एक माली की मौत हो गई। हादसा सुबह करीब 7 बजे हुआ। गंभीर हालत में कर्मचारियों ने उसे निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान दोपहर में उसकी मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान कल्लू के रूप में हुई है, जो मूल रूप से बहराइच का रहने वाला था और उर्मिला उपवन में माली का काम करता था। बताया जा रहा है कि सुबह ड्यूटी के दौरान पार्क की रेलिंग पर लगे लोहे के तार में किसी कारण करंट उतर आया। काम करते समय कल्लू उसकी चपेट में आ गया और मुंह के बल गिर पड़ा। घटना के बाद पार्क के कर्मचारियों ने उसे तत्काल निजी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर गाजीपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शुरुआती जांच में करंट लगने से मौत की बात सामने आई है। पुलिस और संबंधित विभाग यह पता लगाने में जुटे हैं कि पार्क की रेलिंग में करंट कैसे आया।

### पुरानी रंजिश में युवक की हत्या

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पीजीआई थाना क्षेत्र के सरथुआ गांव में शुक्रवार शाम करीब 4 बजे पुरानी रंजिश में 23 वर्षीय युवक की हत्या कर दी गई। आरोपियों ने उसे बेरहमी से पीटा। गंभीर हालत में परिजन उसे ट्रॉमा सेंटर ले गए, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अभिषेक रावत जगतखेड़ा में परिवार के साथ रहता था। वह शटरिंग का काम करता था। उसके परिवार में मां पुष्पा, भाई आदित्य और बिन्नी उर्फविशाल, बहनें छवि और आकांक्षा हैं। अभिषेक के पिता का करीब तीन वर्ष पहले निधन हो चुका है। परिजनों के अनुसार, अभिषेक का कुछ लोगों से पिछले दो-तीन वर्षों से पुरानी रंजिश चल रही थी। इसी रंजिश के चलते शुक्रवार को सरथुआ गांव में उन लोगों ने उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। घटना की सूचना पर पीजीआई थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जांच शुरू की। पुलिस का कहना है कि परिजनों की तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल की जा रही है। हत्या के पीछे पुरानी रंजिश को मुख्य वजह माना जा रहा है। अभिषेक की मौत की सूचना मिलने के बाद उसकी मां पुष्पा और अन्य परिजन ट्रॉमा सेंटर की इमरजेंसी में हंगामा करने लगे। परिजनों का आरोप था कि उनके बेटे को देखने नहीं दिया जा रहा है। उनका कहना था कि करीब दो घंटे से अधिक समय बीत जाने के बावजूद उन्हें अभिषेक का शव नहीं दिखाया गया।

# हर विधान सभा क्षेत्र में बनेगा एक आदर्श पशु चिकित्सालय

- पशुओं के सभी रोगों के निदान की उपलब्ध होगी नवीनतम सुविधाएं : धर्मपाल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश की प्रत्येक विधान सभा में एक आदर्श पशु चिकित्सालय की स्थापना का निर्णय लिया गया है। इसमें भारत सरकार द्वारा 26 नवम्बर, 2025 को जारी नवीन गाइडलाइन के अनुसार नवीन व आधुनिक आधारभूत संरचना, समस्त आधुनिक उपकरण से लैस पशु चिकित्सालय पर पशुओं के सभी प्रकार के रोगों के निदान की नवीनतम सुविधायें उपलब्ध होगी। आदर्श पशु चिकित्सालयों में अन्तःरोगी विभाग वार्ड की सुविधा भी उपलब्ध होगी, जिसमें रोगी पशु को सघन उपचार हेतु भर्ती किया जा सकेगा। पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने बताया कि प्रत्येक आदर्श पशु चिकित्सालय पर नवीन व्यवस्था के अनुसार अब एक नही दो पशु चिकित्साधिकारी, दो वेटेरिनरी फील्ड असिस्टेंट तथा दो वेटेरिनरी अटेंडेंट मानव संसाधन के रूप में उपलब्ध रहेंगे, जो क्षेत्र के पशुपालकों को उच्च गुणवत्तापरक उपचार एवं मार्डन डायग्नोसिस की सुविधायें प्रदान करेंगे। पशुपालन विभाग के संस्थाओं का उच्चीकरण एवं सुदृढ़ीकरण करते हुये, प्रदेश के समस्त पशुपालक भाइयों को पशु चिकित्सा, कृत्रिम गर्भाधान एवं बांझपन चिकित्सा, टीकाकरण, बधियाकरण इत्यादि की सेवा प्रदान करने तथा निराश्रित गोवंश संरक्षण हेतु वचनबद्ध हैं।

# प्रतिमाएं केवल कला का उत्कृष्ट उदाहरण नहीं : जयवीर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

- विगत पांच वर्षों के दौरान विभिन्न जनपदों में लगभग 43 महापुरूषों, राष्ट्रनायकों एवं संत महात्माओं की प्रतिमाएं स्थापित की गई



उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शुक्रवार को बताया कि किसी भी राष्ट्र की पहचान उसके महापुरुषों, उसके इतिहास और उसकी संस्कृति से होती है। प्रतिमाएँ केवल कला का उत्कृष्ट उदाहरण नहीं होतीं, बल्कि वे राष्ट्र की सामूहिक स्मृति और सांस्कृतिक चेतना की जीवंत प्रतीक हैं। सार्वजनिक स्थलों पर स्थापित ये प्रतिमाएँ नई पीढ़ी को निरंतर यह संदेश देती हैं कि महान व्यक्तित्वों ने अपने जीवन से राष्ट्र और समाज के लिए किन आदर्शों की स्थापना की। यही कारण है कि प्रदेश सरकार महापुरुषों की स्मृतियों को चिरस्थायी बनाकर उन्हें जन-जन की प्रेरणा का स्रोत बना रही है।

जयवीर सिंह ने बताया कि पिछले पाँच वर्षों में प्रदेश के विभिन्न जिलों में लगभग 43 महापुरुषों, राष्ट्रनायकों एवं संत-महात्माओं की प्रतिमाएँ स्थापित की जा चुकी हैं। इसके अतिरिक्त 14 प्रतिमाएँ पूर्ण होकर स्थापना के लिए तैयार हैं, जिन्हें आगामी एक-दो माह में स्थापित किया जाएगा।

वहीं, 17 अन्य प्रतिमाओं के निर्माण को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है तथा उनका निर्माण कार्य प्रगति पर है।

मंत्री ने बताया कि वीरता और स्वाभिमान के प्रतीक महाराणा प्रताप की साढ़े बारह फीट ऊंची अश्वारोही कांस्य प्रतिमाएँ एटा, बलिया, फिरोजाबाद तथा सिरसागंज (मैनपुरी) सहित विभिन्न स्थानों पर स्थापित की जा चुकी हैं। वाराणसी एवं मुरादाबाद में उनकी प्रतिमाएँ स्थापना के लिए तैयार हैं, जबकि देवलास (मऊ) एवं बाराबंकी में उनका निर्माण कार्य चल रहा है। इसी प्रकार सम्राट पृथ्वीराज चौहान, छत्रपति शिवाजी महाराज तथा रानी लक्ष्मीबाई की साढ़े बारह फीट ऊँची अश्वारोही कांस्य प्रतिमाओं की स्थापना भी प्रदेश के विभिन्न जनपदों में की जा रही है। उन्होंने बताया कि लखनऊ स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय तथा भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 65-65 फीट ऊँची भव्य प्रतिमाएँ स्थापित की गई हैं, जो राष्ट्रवाद, सुशासन और लोकसेवा के आदर्शों का संदेश देती हैं।

प्रयागराज में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा मैनपुरी में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमाएँ भी स्थापित की जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि महायोगी गुरु गोरखनाथ की साढ़े बारह फीट ऊँची प्रतिमा गोरखपुर हवाई अड्डे पर स्थापित किए जाने के लिए तैयार है। सरदार वल्लभभाई पटेल की साढ़े बारह फीट ऊँची प्रतिमाएँ प्रतापगढ़ एवं मिर्जापुर में स्थापित की जाएँगी।

# हर विद्यार्थी बनेगा एक पौधे का संरक्षक

- विद्यालयों से समाज तक पहुंचेगा हरित संदेश
- एक पेड़ मां के नाम 3.0 बनेगा प्रमुख अभियान
- हर छात्र निभाएगा पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश सरकार विद्यालयों को पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की प्रयोगशाला बनाने की दिशा में लगातार कदम बढ़ा रही है। इसी क्रम में इको क्लब्स फॉर मिशन लाइफ के अन्तर्गत जुलाई माह का गतिविधि कैलेंडर जारी किया गया है। जुलाई माह का यह कैलेंडर विद्यालयों में हरित संस्कृति को मजबूत करने और मिशन लाइफ के उद्देश्यों को धरातल पर उतारने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

कैलेंडर के अनुसार जुलाई में पूरे महीने स्वस्थ जीवनशैली अपनाना विषय पर आधारित गतिविधियां आयोजित होंगी, जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रकृति संरक्षण, पर्यावरणीय उत्तरदायित्व और सतत जीवनशैली के प्रति व्यावहारिक दृष्टिकोण विकसित करना है। 3कैलेंडर में अभिभावकों और स्थानीय समुदाय की सहभागिता पर भी विशेष बल दिया गया है, ताकि पर्यावरण संरक्षण केवल विद्यालय तक सीमित न रहकर जनभागीदारी का अभियान बन सके। योगी सरकार का उद्देश्य बच्चों में ऐसे व्यावहारिक संस्कार विकसित करना है, जो उन्हें प्रकृति के प्रति संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक बनाए। जुलाई माह की सबसे प्रमुख गतिविधि एक पेड़ मां के नाम 3.0 अभियान होगी। इसके अंतर्गत विद्यालय परिसर, सार्वजनिक स्थलों तथा स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप उपयुक्त स्थानों पर पौधरोपण कराया जाएगा। विद्यार्थियों को पौधों के वैज्ञानिक, सामाजिक और पर्यावरणीय महत्व से अवगत कराया जाएगा, ताकि वे केवल पौधे लगाएं ही नहीं, बल्कि उनके संरक्षण का संकल्प भी लें। कैलेंडर के अनुसार प्रत्येक लगाए गए पौधे की देखभाल, सिंचाई, संरक्षण और नियमित निगरानी की जिम्मेदारी विद्यार्थियों को सौंपी जाएगी। इसके साथ ही विद्यालयों में इको क्लब्स के माध्यम से पौधों की प्रगति की समीक्षा तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े सामुदायिक प्रयासों को भी प्रोत्साहित किया जाएगा।

### रचनात्मक गतिविधियों से बढ़ेगी जागरूकता

जुलाई के दौरान पोस्टर, स्लोगन, कोलाज, स्वतंत्र लेखन, वाद-विवाद और अन्य रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। विद्यार्थियों को प्रकृति भ्रमण के माध्यम से स्थानीय जैव विविधता, पौधों और प्राकृतिक संसाधनों का प्रत्यक्ष अध्ययन कराया जाएगा। दूसरे शनिवार को विशेष पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया जाएगा।

# बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन दो दिनी दौरे पर आज आयेंगे यूपी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन 04 जुलाई से दो दिवसीय सांगठनिक प्रवास पर उत्तर प्रदेश में रहेंगे। इस दौरान नवीन वरिष्ठ पार्टी नेताओं और पदाधिकारियों के साथ विभिन्न संगठनात्मक बैठकें करेंगे। साथ ही वे भाजपा जनप्रतिनिधियों, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नेताओं तथा विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियों से भी संवाद करेंगे। उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा की रणनीति को धार देने और प्रदेश भाजपा की नवगठित टीम के मार्गदर्शन हेतु राष्ट्रीय अध्यक्ष का यह प्रवास अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय अध्यक्ष संगठन को मजबूती देने के साथ-साथ शक्ति केंद्र संयोजक सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे। उत्तर प्रदेश भाजपा की नई टीम गठित होने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष का यह उत्तर प्रदेश का पहला दौरा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन 04 जुलाई को पूर्वाह्न 11 बजे लखनऊ स्थित चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुँचेंगे, जहाँ पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जाएगा।



## सेंटर भूली युवती को महिला सिपाही ने स्कूटी से पहुंचाया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपी-टीईटी) 2026 के तीसरे दिन शुक्रवार को 46 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा हो रही है। इस दौरान एक महिला पुलिसकर्मी ने एक युवती की परीक्षा छूटने से बचा ली। दरअसल, युवती केकेवी की जगह गलती से केकेसी परीक्षा केंद्र पहुंच गई। यह बात युवती ने पुलिसकर्मियों को बताया तो उन्हीं में से एक महिला पुलिसकर्मी ने तुरंत उसे अपनी स्कूटी पर बैठाकर सही परीक्षा केंद्र पर पहुंचाया। इसके चलते युवती की परीक्षा छूटने से बच गई। अभ्यर्थियों को थ्री लेयर जांच और बायोमेट्रिक सत्यापन के बाद ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया।


# जमीन से आसमां तक, बुलन्दियों का सफर

## 'आपका भरोसा, हमारा प्रयास' के रास्ते चलते हुए पूर्ण किए 24 वर्ष

24वीं वर्षगांठ

आपके विश्वास के 24 वर्ष

सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एवं उच्चस्तरीय इलाज की सुविधायें

- इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी
- कार्डियक, थोरेसिक एवं वस्कुलर सर्जरी
- रोबोटिक सर्जरी
- इमरजेंसी एवं ट्रॉमा सर्जरी
- रेडिएशन, मेडिकल एवं सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
- किडनी ट्रांसप्लांट एवं कॉर्निया ट्रांसप्लांट
- बोन मैरो/ स्टैम सेल ट्रांसप्लांट
- यूरोलॉजी (मिनीमल इनवेसिव/ लेजर सर्जरी)
- नैफ्रोलॉजी एवं 20 बेड डायलिसिस यूनिट
- गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी एवं गैस्ट्रो सर्जरी
- न्यूरो सर्जरी एवं न्यूरोलॉजी
- हैड एण्ड नैक सर्जरी
- क्रिटिकल केयर (ICU, ICCU, NICU, PICU)
- प्लास्टिक, कॉस्मेटिक व माइक्रो वस्कुलर सर्जरी
- इनफर्टिलिटी, आई.वी.एफ. एवं ICSI
- जोड़ प्रत्यारोपण, आर्थोस्कोपी एवं स्पोर्ट्स इन्जरी
- मिनिमल इनवेसिव सर्जरी
- प्रीमियम IOL ट्रांसप्लांटेशन एवं फेको सर्जरी
- हेयर ट्रांसप्लांट, लेजर एवं कॉस्मेटिक सर्जरी

एडवांस इमेजिंग एवं इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी
- 3 टैस्ला 48 चैनल MRI
- 256 स्लाइस ड्यूल सोर्स सी.टी. स्कैन

SRMS
श्री राम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, बरेली
9458705555



बरेली: न्यूनतम खर्च पर विश्वस्तरीय इलाज लेना हो तो आज सभी के जेहन में एक ही नाम आता है। और वह है एसआरएमएस मेडिकल कालेज। साल दर साल एसआरएमएस में बढ़ती मरीजों की संख्या, इस पर बढ़ते विश्वास को बयान करने के लिए काफी है और यही मरीजों का विश्वास इसकी उपलब्धि है। इमरजेंसी और गंभीर बीमारियों में बरेली और आसपास के मरीज दिल्ली या लखनऊ जाने के बजाय उपचार के लिए एसआरएमएस आते हैं। स्वस्थ होकर घर वापस जाते हैं। यह भरोसा किसी उपलब्धि से कम नहीं। इसी विश्वास और उपलब्धियों के सहारे एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज चार जुलाई 2026 को स्वास्थ्य सेवा में 24वीं वर्षगांठ बनाने के साथ ही 25वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति जी कहते हैं कि हमने पहले दिन से ही हेल्थ फॉर आल, हॉस्पिटल फार आल को अपना आदर्श बनाया। हम सभी मरीजों को कम खर्च में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दे रहे हैं। यही वजह है कि एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज पर बरेली और आसपास के मरीजों के साथ ही उत्तराखंड के लोगों का भी भरोसा बढ़ा है। यह विश्वास हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है। इन 24 वर्षों में मरीजों के विश्वास के साथ ही एसआरएमएस मेडिकल कालेज ने कई उपलब्धियां भी हासिल की हैं। इनमें 100 बेड का आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट, क्लीनिकल हेमेटोलॉजी, इनफर्टिलिटी सेंटर, ट्रॉमा सर्जरी सेंटर, स्पोर्ट्स इंजरी सेंटर अंतरराष्ट्रीय मानकों के साथ 110 बेड की क्रिटिकल केयर यूनिट का स्थापित होना अहम है। इसी वर्ष आईसीयू में एक अत्यंत आधुनिक लाइफ सपोर्ट सिस्टम ECMO को स्थापित किया गया है। यह मशीन दिल्ली और लखनऊ मे मध्य केवल एसआरएमएस में उपलब्ध है। यह मशीन गंभीर निमोनिया, हार्ट अटैक, कार्डियक एवं अंग प्रत्यारोपण वाले मरीजों के लिए बहुत ही उपयोगी है।

### विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर में इलाज की सभी अत्याधुनिक तकनीक उपलब्ध

एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज लखनऊ और दिल्ली के बीच स्थित पश्चिमी उत्तर प्रदेश का अत्याधुनिक संसाधनों से युक्त 1200 बेड का मल्टी सुपर स्पेशियलिटी एवं ट्रॉमा हास्पिटल है। जहां सभी उच्चस्तरीय एवं अत्याधुनिक चिकित्सीय सुविधाओं के साथ 24 घंटें ट्रॉमा सेवायें, अनुभवी एवं प्रशिक्षित डॉक्टरों की टीम, ट्रेंड पैरामेडिकल एवं नर्सिंग स्टाफ हर समय मरीज की सेवा में कुशलतापूर्वक समर्पित है। यहां प्रतिदिन 3000 से अधिक ओपीडी की सेवायें लेने आते है। साथ ही विभिन्न विभागों में लगभग 250 मरीज प्रतिदिन भर्ती होते है। कार्डियोलॉजी, न्यूरो साइंसेज, ट्रॉमा/एक्सीडेंट, गैस्ट्रो सर्जरी, प्लास्टिक एवं वस्कुलर सर्जरी, ऑर्थोपैडिक्स, गायनोकोलॉजी, जनरल सर्जरी एवं मेडिसिन आदि विभागों में प्रतिवर्ष 20 हजार से अधिक मरीज इमरजेंसी इलाज के लिए दूर-दूर से यहां पहुंचते हैं। यहां 20 अत्याधुनिक मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, 175 बेड का इंटेंसिव केयर यूनिट, 100 बेड का समर्पित कैंसर सेंटर, 20 बेड की डायलिसिस यूनिट, ब्लड ट्रांसफ्यूजन विभाग जैसी सभी सुविधायें उपलब्ध है। रोबोटिक, लैप्रोस्कोपिक, एण्डोस्कोपिक, आथ्रोस्कोपिक एवं लेजर सर्जरी जैसी सभी सर्जिकल सुविधायें यहां एक छत के नीचे उपलब्ध है। किडनी ट्रांसप्लांट, कोक्लियर इम्पलांट सर्जरी, कॉर्निया ट्रांसप्लांट, बोन मैरो ट्रांसप्लांट, इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी, आर्थोस्कोपी, ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, ब्रेन एवं स्पाइन सर्जरी, हैड एण्ड नेक सर्जरी, ऑन्को सर्जरी, ईआरसीपी, एण्डोवीनस लेजर ट्रीटमेंट, वस्कुलर सर्जरी जैसी समस्त सर्जरी यहां की जा रही है। एसआरएमएस मेडिकल कालेज में मरीजों के इलाज के लिए सर्वश्रेष्ठ टेक्नोलॉजी और उपकरण जैसे रोबोटिक आर्म, 4K3D लैप्रोस्कोप, लेमिनर फ्लो/ मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, विश्वस्तरीय क्रिटिकल केयर यूनिट, लीनियर एक्सेलिरेटर, ब्रेकीथैरेपी, कैथ लैब, डीएसए लैब, होल्मियम एवं थूलियम लेजर, एण्डोवीनस लेजर, सभी उच्चस्तरीय डायग्नोस्टिक सेवायें जैसे 3 टेस्ला 48 चैनल एमआरआई, 256 स्लाइस डयूल सोर्स सीटी स्कैन, वीडियो लैरेंजोस्कोपी, एंडोस्कोपी, वीडियो ब्रोंकोस्कोपी, एण्डो ब्रोकिंयल अल्ट्रासाउण्ड (ई-बस), स्लीप लैब, थोरोकोस्कोपी, इंटरवेंशनल रेडियोलाजी उपलब्ध हैं।

### एक दशक से देश के टाप मेडिकल कालेजों में एसआरएमएस का स्थान

मेडिकल शिक्षा में देश में तेजी से उभर रहा एसआरएमएस मेडिकल कालेज पिछले एक दशक से विभिन्न विश्वसनीय पत्रिकाओं जैसे इंडिया टुडे, आउट लुक, द वीक आदि के सर्वेक्षण में देश के टाप 40 मेडिकल कालेजों में स्थान हासिल किए हुए है। आउट लुक मैगजीन 2026 के सर्वेक्षण में एसआरएमएस अस्पताल को उत्तर प्रदेश में दूसरे स्थान पर रखा गया। जबकि कैंसर सेंटर के रूप में आर.आर.कैंसर एण्ड रिसर्च सेंटर को देश में 17वें एवं कार्डियोलॉजी सेंटर को 21वें स्थान पर जगह मिली। एसआरएमएस देश के कुछ मेडिकल कॉलेजों में शामिल है जिन्हें **एनएबीएच** की पूर्ण मान्यता प्राप्त है।

## खबरें एक नजर में

### ट्रेन से गिरकर युवक गंभीर रूप से घायल, जिला मेडिकल कॉलेज रेफर

**तिलहर-शाहजहांपुर।** चलती ट्रेन से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर उसे एंबुलेंस से सीएचसी भिजवाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसे गंभीरावस्था जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक गांव घुसवारी निवासी सुनील पुत्र श्यामपाल 25 बरेली से ट्रेन से तिलहर आ रहा था। वह तिलहर नहीं उतर सका। और आगे रूजवारी फाटक के पास ट्रेन की गति कम होने पर वह उतरने के दौरान गिर गया। जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही घायल का भाई रामौतार मौके पर पहुंचा। इसके बाद एंबुलेंस से घायल को सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

### मदरसों में शिक्षण कार्य सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगा

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषदकी रजिस्ट्रारडी के निर्देश पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रसून राय ने जनपद के सभी सहायता प्राप्त एवं मान्यता प्राप्त मदरसों के प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया है। आदेश के अनुसार, भीषण गर्मी और कि पूर्व आदेश तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया गया है तथा अब सभी मदरसे परिषद द्वारा निर्धारित नियमित समय-सारिणी के अनुसार संचालित होंगे। उन्होंने आदेश में कहा है कि 1 अप्रैल से 30 सितंबर तक मदरसों में शिक्षण कार्य प्रात 8 बजे से अपराह्न 2 बजे तक संचालित किया जाएगा। वहीं मध्यावकाश प्रात: 10:00 बजे से 10:30 बजे तक रहेगा। यह समय जनपद के सभी मान्यता प्राप्त एवं अनुदानित मदरसों पर समान रूप से लागू होगा श्री राय ने कहा कि निरीक्षण के समय मदरसा का समय परिवर्तन पाया जाता है तो प्रबंधक प्रधानाचार्य के विरुद्ध कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### पाक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तर, लखनऊ से बरामद हुई किशोरी के बयान के बाद हुई कार्रवाई




**खुदागंज,शाहजहांपुर।** पुलिस ने पॉक्सो एक्ट से जुड़े एक मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस के अनुसार, आरोपी को मुखबिर की सूचना पर कसरक तिराहा थाना कटरा क्षेत्र से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक देहात के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी तिलहर के पर्यवेक्षण में अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना थाना अध्यक्ष राकेश कुमार मौर्य के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। 19 जून को थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने थाना खुदागंज में लिखित शिकायतीपत्र देते बताया था कि उसकी लगभग 16 वर्षीय पुत्री और 14 वर्षीय भतीजी घर में आपसी विवाद के बाद बिना बताए कहीं चली गई हैं। इस सूचना पर थाना खुदागंज में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा संख्या 152/2026, धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान 1 जुलाई 2026 को किशोरी को लखनऊ से सकुशल बरामद किया गया। पुलिस ने उसे मेडिकल परीक्षण एवं आवश्यक सहायता के लिए वन स्टॉप सेंटर भेजा। इसके बाद न्यायालय में दर्ज कराए गए पीड़िता के बयान के आधार पर मुकदमे में धारा 65(1), 87 बीएनएस तथा 3ध्4(2) पॉक्सो एक्ट की बढ़ोतरी की गई।जांच के दौरान प्रकाश में आए आरोपी सनी पुत्र गुरदीप, निवासी ग्राम परसिया, थाना खमरिया, जनपद लखीमपुर खीरी की तलाश की जा रही थी। शुक्रवार सुबह करीब 8रू30 बजे मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने कसरक तिराहा, थाना कटरा क्षेत्र से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। इस दौरान पुलिस टीम में महिला उपनिरीक्षक तनु कुमारी, हेड कांस्टेबल अजय देवल तथा कांस्टेबल विपिन कुमार शामिल रहे।

### पीडब्लूडी विभाग के अधिकारियों और चेयरमैन पुत्र ने जलभराव क्षेत्र का निरीक्षण

**कांट, शाहजहांपुर।** नगर क्षेत्र स्थित ब्लॉक परिसर के बीज गोदाम में जलभराव की समस्या को लेकर शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर पंचायत चेयरमैन पुत्र रईस मियां भी मौजूद रहे। बताया गया कि नगर पंचायत के नाले का पानी निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण ब्लॉक परिसर स्थित बीज गोदाम में भर जाता है। इससे बीज गोदाम के कर्मचारियों, किसानों तथा आसपास के मोहल्लों के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लगातार जलभराव से संक्रामक रोग फैलने की आशंका भी बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस संबंध में पूर्व में नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी नूरजहां से शिकायत की गई थी, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका। अधिशासी अधिकारी नूरजहां ने बताया कि संबंधित अधिकारियों के साथ मौके का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया गया है। शीघ्र ही जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराई जाएगी, ताकि बीज गोदाम परिसर और आसपास के क्षेत्र को जलभराव की समस्या से राहत मिल सके।

### खेत पर ट्यूबवेल चलाने गए किसान की करंट लगने से मौत



**खुदागंज, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव सुथा में खेत पर बने ट्यूबवेल पर पानी लगाने गए एक किसान की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया, जबकि पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव सुथा निवासी अमरपाल सिंह (48 वर्ष) पुत्र रामकुमार सिंह गुरुवार की देर रात करीब 2 बजे अपने खेत पर बने ट्यूबवेल पर धान की फसल में सिंचाई करने के लिए गए थे। बताया जाता है कि इसी दौरान अचानक किसी कारणवश उन्हें करंट लग गया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। मृतक के छोटे भाई ओमकार सिंह ने खुदागंज थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि शुक्रवार सुबह जब वह ट्यूबवेल पर पहुंचे तो उनके बड़े भाई जमीन पर पड़े मिले। इसके बाद उन्होंने तत्काल परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे, जहां अमरपाल सिंह को मृत देख सभी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक की पत्नी रीना देवी का विलाप देखकर मौके पर मौजूद लोगों की आंखें भी नम हो गईं। वह बार-बार बेसुध होकर कहती रहीं कि, ऐसी कौन-सी घड़ी थी जब तुम खेत पर गए और फिर वापस घर नहीं लौटे। अब बच्चों की देखभाल कौन करेगा?ष् इस दौरान वह कई बार बेहोश भी हो गईं। वहीं पुत्री नैंसी और पुत्र मोनू सिंह का भी रो-रोकर बुरा हाल था। किसान की आकस्मिक मौत से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। ग्रामीणों ने शोक व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य ने बताया कि किसान की करंट लगने से मौत होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# मादक पदार्थ तस्कर व गैंगस्टर रियाज उर्फ बाबू मुठभेड़ में गिरफ्तार

- तिलहर क्षेत्र में रटा पुल के पास मुठभेड़ में रियाज को बाएं पर में लगी गोली
- एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे ने भुठभेड़ स्थल पहुंचकर लिया जायजा
- दिल्ली, मुजफ्फर नगर, बरेली, कटरा व तिलहर में दर्ज हैं आठ संगीन मामले

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**





बीती रात पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मादक पदार्थ तस्कर व गैंगस्टर एक्ट समेत कई मामलों में वांछित अभियुक्त को रियाज मोहम्मद उर्फ बाबू को मुठभेड़ के दौरान घायल होने पर उसे गिरफ्तार कर लिया। पैर में गोली लगने से घायल रियाज को सीएचसी लाया गया। जहां से उसे जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। उच्चाधिकारियों ने कोतवाल प्रिंस शर्मा समेत टीम को इस बड़ी कार्यवाही के लिए शाबाशी दी है। गौर तलब है कि रियाज मोहम्मद उर्फ बाबू पुत्र सरताज मूलतः बरेली जनपद के फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र के गांव पढ़ेरा का रहने बाला है। इस गांव की मादक पदार्थ तस्करी के लिए खासी पहचान है। इसी गांव से स्मैक आदि की तस्करी शुरू करने बाला रियाज ने दशकों पूर्व कटरा में जड़ें जमाई। यहां सफेदपोशों की छत्रछाया और रसूख के चलते उसने बड़ा साम्राज्य खड़ा कर लिया। रियाज मोहम्मद पर मादक पदार्थ तस्करी मामले में दिल्ली क्राइम ब्रांच में एनडीपीएस एक्ट के तहत दो, मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना थाने एक, बरेली के देवरनिया थाने में एक, तथा कटरा थाने में दो मामले दर्ज किए गए। जबकि फतेहगंज पूर्वी थाना में मारपीट मामले में रियाज वांछित है। एसपी सौरभ दीक्षित ने जनपद की कमान संभालते ही मादक पदार्थों की तस्करी मामले में संलिप्त और वांछितों की फेहरिस्त में रियाज उर्फ बाबू पर फोकस किया। और अधीनस्थों को हर हालत में उसकी गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। कटरा थानाध्यक्ष का गैर जोन स्थानांतरण होने के चलते एसपी सौरभ दीक्षित व एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे ने उक्त मामले में तिलहर कोतवाल प्रिंस शर्मा को सक्रिय करते हुए गिरफ्तारी के निर्देश दिए। एसओजी, सर्विलांस व तिलहर कोतवाली टीम ने जाल बिछा दिया। इसी के मद्देनजर गुरुवार रात करीब साढ़े दस बजे मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने तिलहर-निगोही रोड पर रटा पुल के समीप मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से घायल हुए रियाज मोहम्मद उर्फ बाबू को गिरफ्तार कर तत्काल सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर आयुष्मान तिवारी ने परीक्षण कर रियाज को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। उधर मुठभेड़ की सूचना मिलते ही एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे आनन फानन में मौके पर पहुंची और मुठभेड़ स्थल का निरीक्षण किया। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलित कर पड़ताल की। पकड़े गए मादक पदार्थ तस्कर एवं गैंगस्टर रियाज मोहम्मद के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, पांच जिन्दा कारतूस, पेशन प्रो बाइक बरामद हुई। उसे गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाल प्रिंस शर्मा, सर्विलांस एसओजी प्रभारी मनोज कुमार, एसआई गौरव शर्मा, सौरभ शुक्ला, देवेन्द्र कुमार, हेड कांस्टेबिल संजीव कुमार, विजय प्रताप, जितेन्द्र कुमार, अशोक कुमार, रोहित शर्मा व कॉन्सटेविल अनिल कुमार कल्यान शामिल रहे।

### अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्कर रियाज की 80 करोड़ की संपत्तियां हुईं थीं कुर्क

**28 मार्च को मुजफ्फरनगर पुलिस ने ऑपरेशन सवेरा के तहत की थी बड़ी कार्रवाई**

मनोज प्रबल



**तिलहर-शाहजहांपुर।** तीन माह पूर्व अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्कर रियाज उर्फ बाबू की 80 करोड़ रुपये से अधिक की 34 संपत्तियां कुर्क की गई थीं। जो उत्तर प्रदेश में एनडीपीएस एक्ट के तहत अब तक की सबसे बड़ी जब्ती मानी गई। मुख्य आरोपी कटरा निवासी हिस्ट्रीशीटर बाबू उर्फ रियाज उर्फ असफाक जो लंबे समय से स्मैक तस्करी के एक बड़े नेटवर्क से जुड़ा था। इससे पहले मुजफ्फर नगर के बुढ़ाना थाना पुलिस ने आरोपी के कब्जे से भारी मात्रा में स्मैक बरामद की थी। इसके बाद रियाज के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। एसपी देहात आदित्य बंसल के नेतृत्व में एक टीम द्वारा की गई आरोपी की आर्थिक जांच में रियाज द्वारा नशे के अवैध कारोबार से कमाए गए धन को अपने व परिजनों के नाम पर विभिन्न संपत्तियों में निवेश किया जाना पाए जाने पर पुलिस ने ठोस साक्ष्यों के आधार पर एनडीपीएस एक्ट की धारा 68 एफ के तहत सक्षम प्राधिकारी नई दिल्ली को रिपोर्ट भेजी गई थी। सक्षम प्राधिकारी द्वारा 24 मार्च 2026 को उक्त संपत्तियों को जब्त करने का आदेश जारी किया। इसी क्रम में 26 और 27 मार्च 2026 को कटरा व बरेली में कार्रवाई करते हुए कुल 34 संपत्तियों को कुर्क किया गया था। जब्त की गई संपत्तियों में कृषि भूमि, रिहायशी प्लॉट, आलीशान मकान, चार मंजिला कॉम्प्लेक्स, ईंट भट्टे, शोरूम और महंगे वाहन शामिल थे। एसएसपी संजय कुमार वर्मा व एसपी देहात आदित्य बंसल के निर्देशन 25 मार्च को पुलिस टीम भारी बल के साथ कटरा पहुंची थी। जहां मजिस्ट्रेट/ तहसीलदार दीपेंद्र कुमार व तत्कालीन सीओ ज्योति यादव के सानिध्य में दो दिन के भीतर करीब 55 करोड़ रुपये की 20 संपत्तियों को कुर्क किया गया था। इसके बाद 27 मार्च को टीम बरेली पहुंची थी और वहां करीब 25 करोड़ रुपये की 14 प्रॉपर्टी पर कुर्की की कार्रवाई की गई थी।

### आज कृष्णानगर मंदिर में आएंगे डॉ. स्वामी विवेकानन्द

**शाहजहांपुर।** कृष्णानगर कॉलोनी स्थित श्रीकृष्ण मंदिर कमेटी द्वारा 4 जुलाई को श्री भगवद आश्रम हरिद्वार के श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी विवेकानन्द के सानिध्य में एक भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हिसार (हरियाणा) से पधार रहे भजन गायक दिव्य दास के मुखारबिंद से सुंदर सुंदर भजन प्रस्तुत किए जाएंगे। मीडिया प्रभारी दीप गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि भजनों के उपरान्त महामंडलेश्वर डॉत्र स्वामी विवेकानन्द द्वारा श्रीकृष्ण मंदिर का इतिहास पत्रिका का विमोचन भी किया जाएगा। कार्यवाहक प्रधान हरीश बजाज ने बताया कि 1008 श्री महामंडलेश्वर डॉ. विवेकानन्द के साथ रविन्द्रानंद (मस्तराम बाबा) भी पधार रहे हैं। युवा समिति के प्रधान संजीव सचदेव ने अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर भजनों को सुनकर पुण्य लाभ अर्जित करें।

## सपा जिलाध्यक्ष ने किया पौधारोपण

**शाहजहांपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन पर 1 जुलाई से 7 जुलाई तक वृक्षारोपण अभियान के तहत 3 जुलाई को ब्लाक भावल खेड़ा के सेक्टर न (3) के ग्राम रहीमपुर प्राथमिक विद्यालय मंदिर के पास सपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चैयरमैन तनवीर खां ने वृक्षारोपण किये और सभी




क्षेत्रवासियों के साथ पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को दोहराया। इस अवसर पर नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, सपा नगर विधानसभा महासचिव लल्ला सिंह यादव, जोन प्रभारी जबर सिंह, सेक्टर प्रभारी परमजीत सिंह, दिनेश कुमार, कल्याण सिंह, अरविंद कुमार, संजीव यादव, विशाल गौतम, राजेश भास्कर आदि मौजूद रहे।

## एनडीआरएफ द्वारा संचालित जागरूकता-प्रशिक्षण पहल की हुई सराहना

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



मानसून पूर्व तैनाती के अंतर्गत वर्तमान में हनुमतधाम आश्रय स्थल में तैनात 8वीं वाहिनी, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल टीम 8 एम द्वारा सामुदायिक जागरूकता एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रमों का निरंतर संचालन किया जा रहा है।

इसी क्रम में सहायक उप निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में एनडीआरएफ टीम ने गांव घूसगावन भावलखेड़ा मे आपदा प्रबंधन एवं जीवनरक्षक विषय पर एक विशेष जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को रक्तस्राव नियंत्रण, सीपीआर, आपातकालीन एवं गैर-आपातकालीन निकासी तकनीकें, बाढ़ के दौरान उपयोग किए जाने वाले अस्थायी तैरन उपकरण तथा विभिन्न आपदाओं के दौरान अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही एनडीआरएफ टीम द्वारा इन तकनीकों का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया, जिससे ग्रामीणों को आपात परिस्थितियों में प्रभावी एवं त्वरित प्रतिक्रिया देने का प्रशिक्षण प्राप्त हो सके। लेखपाल मदनपाल अन्य ग्रामीण व कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने एनडीआरएफ द्वारा संचालित जन-जागरूकता एवं प्रशिक्षण पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण ग्रामीणों में आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा उन्हें प्रथम प्रत्युत्तरकर्ता के रूप में तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न कर कपड़े के थैले अपनाने की अपील

**शाहजहांपुर।** वन महोत्सव 1 से 7 जुलाई 2026 के अंतर्गत महानगर क्षेत्र के न्यू सिटी ककरा स्थित जैव विविधता पार्क में उद्यान विभाग, नगर निगम द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया। अभियान में महापौर अर्चना वर्मा, नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी व पार्षदों द्वारा प्रतिभाग करते हुए एक पेड़ मां के नाम पौधों को रोपित कर पर्यावरण को सरंक्षित करने का संदेश दिया गया। पार्षदों, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. मनोज कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक जल-उद्यान प्रभारी विजय नारायण मौर्य, सहायक अभियंता जल रवि कुमार विश्वकर्मा, सैफ सिद्दीकी, नामित पार्षद अल्पना श्रीवास्तव, नगर निगम के अन्य अधिकारी, उद्यान लिपिक अमर दीप,



आईईसी टीम एवं आईटीसी टीम ने अभियान में सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। अभियान के दौरान नागरिकों को नो सिंगल यूज प्लास्टिक संदेश अंकित कपड़े के थैले वितरित किए गए तथा सभी से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने, कपड़े के थैले अपनाने एवं पर्यावरण संरक्षण में अपना सक्रिय सहयोग देने की अपील की गई। यह अभियान स्वच्छ, हरित एवं सुंदर शाहजहांपुर के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगा।

### जल जीवन मिशन की व्यवस्था बनी ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब

**15 दिन से गांव में नही पहुंच रहा टंकी का पानी, शिकायत के बाद भी समाधान नहीं**

**कांट, शाहजहांपुर।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत मल्हपुर में जल जीवन मिशन की व्यवस्था ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले करीब 15 दिनों से गांव में टंकी का पानी नहीं पहुंच रहा है। कई बार विभागीय अधिकारियों और हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराने के बावजूद जिम्मेदार कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंच रहे हैं, जिससे भीषण गर्मी में लोग पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार गांव की एक बड़ी आबादी जल जीवन मिशन की जलापूर्ति पर निर्भर है, लेकिन लगातार आपूर्ति ठप रहने से लोगों को अन्य स्रोतों से पानी की व्यवस्था करनी पड़ रही है। उनका आरोप है कि शिकायतों के बाद भी विभाग की ओर से न तो समस्या का स्थायी समाधान किया गया और न ही जिम्मेदार कर्मचारी गांव पहुंचे। इस संबंध में जब कांट के संबंधित अवर अभियंता से उनका पक्ष जानने के लिए संपर्क किया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तत्काल जलापूर्ति बहाल कराने और लापरवाह कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।ग्राम प्रधान अनुराग मिश्रा ने बताया कि पिछले लगभग 15 दिनों से जलापूर्ति बंद है। कई बार विभागीय हेल्पलाइन और अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई।ददरौल विधायक अरविंद सिंह ने कहा कि जल जीवन मिशन सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। यदि किसी स्तर पर लापरवाही या कर्मचारियों की मनमानी सामने आती है तो दोषियों के खिलाफ कार्रवाई कराई जाएगी।

## सीएचसी स्टाफ की एडवांस में उपस्थिति मिली दर्ज

- डीएम के निर्देश पर एसडीएम ने किया सीएचसी का निरीक्षण
- निरीक्षण के दौरान एसडीएम को सीएचसी में मिली काफी खामियां

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



डीएम के निर्देश पर सीएचसी का निरीक्षण करने पहुंचे एसडीम सदानंद सरोज ने मेडिसिन स्टॉक, हाजिरी रजिस्टर, दबाओं की उपलब्धता एवं स्नेक बाइट और डॉग बाइट वैक्सीन की जानकारी ली। इस दौरान एसडीएम को काफी खामियां मिली। डीएम के निर्देश के बाद सीएचसी पहुंचे एसडीएम ने सबसे पहले अधीक्षक की जानकारी की तो पता लगा कि वह फील्ड पर गये है। जिसके बाद दवाओं एवं वैक्सीन की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। उपस्थित रजिस्टर देखा तो उसमें कई कर्मचारियों की एडवांस में उपस्थित दर्ज पाई। जिस पर कोई भी डॉक्टर जवाब नहीं दे पाया। इसी दौरान वार्ड बॉय रामकुमार कई दिनों से अनुपस्थित थे। जिसकी अनुपस्थित एसडीएम ने रजिस्टर में दर्ज की और एडवांस में हाजिरी लगाने वाले कर्मचारियों को नोटिस जारी करने को कहा। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम में जांच करने पर भारी घोटाला दिखाई दिया। जिसकी क्रॉस चेकिंग कराने के निर्देश दिए।

### डेढ़ वर्ष से नहीं चढ़ाया गया ब्लड

**पुवायां।** सीएचसी के निरीक्षण के दौरान मेडिसिन स्टॉक निरीक्षण करते हुए एसडीएम ने ब्लड स्टाक की जानकारी ली तो पता चला कि अस्पताल में दो यूनिट ब्लड उपलब्ध है लेकिन डेढ़ वर्ष से किसी को ब्लड नहीं चढ़ाया गया। इस जानकारी से यह साफ पता चल रहा है कि अस्पताल में ऑपरेशन का कार्य नहीं किया जाता। गंभीर मरीजों को निजी अस्पतालों में या मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया जाता है।

### स्टाफ नर्स ने मात्र 6 स्कूलों में 163800 सेनेटरी नैपकिन वितरित की

सरकार की महत्वपूर्ण राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम योजना में स्वास्थ्य कर्मियों ने बहुत बड़ा खेल कर दिया। इस योजना के तहत सीएचसी में दो टीमें गठित की गई। जिनको सेनेटरी पैड नैपकिन स्कूलों में बालिकाओं को निशुल्क वितरित करने के लिए दिए गए। इस में से एक टीम ने बीते वर्ष 2025 में मात्र 6 स्कूलों में ही 163800 सेनेटरी पैड नैपकिन वितरित कर दी। जब कि कई स्कूलों के संचालक सीएचसी पहुंचे तो उनसे कह दिया गया कि नैपकिन खत्म हो गई। अब अगले वर्ष दी जाएगी। सवाल यहां पर उठाता है जब टीम के पास 163800 नैपकिन उपलब्ध थे तो थोड़ी-थोड़ी सभी स्कूलों को दी जानी चाहिए थी। वही एसडीएम सदानंद सरोज ने बताया कि -निजी मेडिकल संचालक अस्पताल में बैठकर दवाई लिख रहा था। ऐसी खबर अखबार में प्रकाशित होने के बाद डीएम ने जांच के निर्देश दिए थे। जांच में डॉक्टर ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इसके अतिरिक्त अस्पताल में अन्य भी कई खामियां पाई गई है। जिनकी रिपोर्ट डीएम को भेज दी जाएगी। जिसके बाद अग्रिम आदेश के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## बाढ़ से पहले तैयारियों में जुटी रेड क्रॉस सोसाइटी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

- संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बनाए जाएंगे आश्रय स्थल

जनपद में संभावित बाढ़ की आशंका को देखते हुए इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी ने राहत एवं बचाव तैयारियों को तेज कर दिया है। संभावित बाढ़ प्रभावित कटरी क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण एवं भ्रमण करने के उपरांत मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय परिसर स्थित इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सोसाइटी के सचिव डॉ. विजय जौहरी ने की। बैठक में संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में समय रहते अस्थायी आश्रय स्थल स्थापित करने, राहत सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने, स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने तथा आपदा के समय त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों की विस्तृत रणनीति पर चर्चा की गई। इसी क्रम में कटरी क्षेत्र के ग्राम हेतमपुर स्थित आर.एस. कॉन्वेंट पब्लिक इंटर कॉलेज के अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता, अखिल भारतीय जन विकास मंच भारत (राष्ट्रवादी नौजवानों का गैर-राजनीतिक सामाजिक संगठन) के संस्थापक कुंवर मुनीश सिंह परिहार (एडवोकेट) को विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों की सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन की दृष्टि से इंडियन रेड



क्रॉस सोसाइटी द्वारा तिरपाल प्रदान किया गया। साथ ही विद्यालय को भविष्य में भी आवश्यकतानुसार प्राथमिकता के आधार पर हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया। रेड क्रॉस सोसाइटी ने स्वास्थ्य जागरूकता अभियान, खेलकूद गतिविधियों, शैक्षिक सामग्री वितरण, जरूरतमंद एवं अनाथ बच्चों को सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा मानवीय सेवा कार्यों में निरंतर सहयोग देने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं समाजसेवियों ने सेवा, शिक्षा, मानवता और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में समन्वय के साथ कार्य करने तथा जरूरतमंद लोगों तक हरसंभव सहायता पहुँचाने का संकल्प लिया। बैठक में प्रमुख रूप से डॉ. विजय जौहरी, कुंवर मुनीश सिंह परिहार (एडवोकेट), अतुल चतुर्वेदी, आर्यन सिंह परिहार, रजनीश यादव, इकबाल मंसूरी, महावीर वर्मा, राममूर्ति कश्यप, नितेश यादव सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## दानवीर भामाशाह जयंती पर व्यापारियों का सम्मान

**पुवायां,शाहजहांपुर।** दानवीर भामाशाह जयंती के अवसर पर नगर उद्योग व्यापार मंडल की ओर से व्यापारी सम्मान पखवाड़ा के तहत व्यापार मंडल के महामंत्री कपिल गुप्ता बीटू के प्रतिष्ठान पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के व्यापारियों को अंगवस्त्र, माल्यार्पण और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान नगर अध्यक्ष कृष्ण कुमार लील ने कहा कि दानवीर भामाशाह ने अपना सर्वस्व राष्ट्रहित में समर्पित कर व्यापारिक समाज के लिए आदर्श स्थापित किया। उनका त्याग और राष्ट्रभक्ति व्यापारियों को समाज और देश के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देती है। इस अवसर पर किराना व्यापारी रवि



सक्सेना, चक्की व्यापारी जितेंद्र कश्यप, रेडीमेड व्यापारी उत्तम गुप्ता तथा किराना व्यापारी ब्रजकिशोर कटियार को सम्मानित किया गया। जिसके बाद कपिल गुप्ता ने कहा कि व्यापारी वर्ग हमेशा राष्ट्र निर्माण, सामाजिक कार्यों, आपदा राहत और सांस्कृतिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर योगदान देता रहा है। ऑनलाइन ट्रेडिंग और बाजार की मंदी जैसी चुनौतियों के बावजूद व्यापारी समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा से कर रहा है। व्यापार मंडल व्यापारियों के सम्मान और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निरंतर संघर्षरत है। कार्यक्रम में महामंत्री कपिल गुप्ता ष्बीटूष्, कोषाध्यक्ष मंगल मिश्रा, युवा अध्यक्ष अखिलेश अग्निहोत्री, युवा महामंत्री विशाल गुप्ता, युवा कोषाध्यक्ष प्रशांत गुप्ता, निर्भय गुप्ता, लकी गुप्ता, सुनील अग्रवाल आदि व्यापारी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लिए 15 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित



**शाहजहांपुर।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत जनपद में नाई, बढई, दर्जी, कुम्हार, लोहार, राजमिस्त्री, हलवाई, मोची एवं धोबी ट्रेडों में 10 दिवसीय प्रशिक्षण एवं टूलकिट वितरण योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रशिक्षण एवं टूलकिट प्रदान किये जाने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। जानकारी देते हुए उपायुक्त उद्योग संजय कुमार सिंह ने बताया कि योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदक उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए, आवेदन की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। आयु की गणना आवेदन की तिथि से की जाएगी। आवेदक को पारम्पारिक कारीगरी जैसे नाई, बढई, दजी, कुम्हार, लोहार, राजमिस्त्री, हलवाई, मोची एवं धोबी अथवा दरकारी व्यवसाय से जुड़ा होना चाहिए। योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त किए जाने हेतु किसी प्रकार की शैक्षिक योग्यता आवश्यक नहीं हे, परिवार का केवल एक सदस्य ही योजनान्तर्गत आवेदन हेतु पात्र होगा। परिवार का आशय पति अथवा पत्नी से है। साथ ही योजनान्तर्गत पात्रता के लिए जाति एक मात्र आधार नहीं होगा। योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त करने हेतु ऐसे व्यक्ति भी पात्र होगे, जोकि परम्परागत कारीगरी करने वाली जाति से भिन्न हों। ऐसे आवेदकों को परम्परागत कारीगरी से जुड़े होने के प्रमाण के रूप में ग्राम प्रधान, अध्यक्ष नगर पंचायत अथवा नगर पालिका-नगर निगम के सम्बन्धित वार्ड के सदस्य द्वारा निर्गत किया गया प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। हस्तशिल्पी पहचान पत्र धारक परिवार के सदस्यों को उपर्युक्त प्रस्तर 6 में उल्लिखित प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य नहीं होगा। आनलाइन आवेदन पत्र 15 जुलाई तक कर सकते है। आनलाइन आवेदन पत्र पूर्ण रूप से 15 जुलाई तक स्वीकार किए जायेगे। अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस में जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र अथवा मोबाइल नंबर 9548515974 से सम्पर्क कर सकते है।

### भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक वाणिज्य के समन्वय पर आधारित पुस्तक का हुआ विमोचन



**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय के वाणिज्य संकाय के अध्यक्ष प्रोफेसर अनुराग अग्रवाल के द्वारा संपादित पुस्तक का विमोचन उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के द्वारा किया गया। भारतीय ज्ञान परंपरा एवं आधुनिक वाणिज्य के समन्वय पर आधारित इस पुस्तक का शीर्षक एप्लीकेशंस ऑफ इंडियन नॉलेज सिस्टम इन कॉमर्स : ट्रेडिशनल विजडम टू डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन है। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा केवल अतीत की धरोहर नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के विकास की भी सशक्त आधारशिला है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप भारतीय ज्ञान प्रणाली को उच्च शिक्षा एवं शोध से जोड़ना समय की आवश्यकता है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो पुष्पेंद्र बहादुर सिंह ने इस मौके पर संपादकों को बधाई देते हुए कहा कि यह पुस्तक वाणिज्य शिक्षा के क्षेत्र में भारतीय परंपरागत ज्ञान, नैतिक मूल्यों एवं आर्थिक चिंतन को डिजिटल परिवर्तन से सम्बद्ध करने का कार्य करेगी। उल्लेखनीय है कि पुस्तक में भारत के विभिन्न प्रांतों के विद्वानों के द्वारा लिखे गए शोध पत्रों को 21 अध्यायों के रूप में संकलित किया गया है। पुस्तक में भारतीय ज्ञान प्रणाली के सिद्धांतों को आधुनिक व्यापार, वित्त, प्रबंधन, उद्यमिता तथा डिजिटल अर्थव्यवस्था के संदर्भ में प्रस्तुत किया गया है। पुस्तक के संपादक मंडल में प्रो. अनुराग अग्रवाल के साथ साथ केंद्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश के वाणिज्य विभाग के सह-आचार्य डॉ. कृष्ण कुमार वर्मा एवं शिबली नेशनल कॉलेज, आजमगढ़ के इतिहास विभाग के सहायक आचार्य डॉ. सिद्धार्थ सिंह भी शामिल हैं। विमोचन के अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री श्री योगेंद्र उपाध्याय ने संपादकों को बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह पुस्तक विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों के लिए बहुआयामी रूप से उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान और आधुनिक तकनीक के समन्वय से ही आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा।

# गांधी भवन में कोई भी कार्यक्रम बिना निर्धारित शुल्क के आयोजित नहीं किया जाएगा

▸ शहीद उद्यान के जीर्णोद्धार एवं गांधी भवन संचालन व्यवस्था को लेकर शहीद उद्यान समिति की बैठक सम्पन्न

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित वीसी सभागार में शहीद उद्यान समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहीद उद्यान के रखरखाव, आगंतुकों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा गांधी भवन के संचालन एवं शुल्क निर्धारण सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में डीएम ने शहीद उद्यान परिसर में लगे सभी जर्जर एवं टूटे-फूटे झूलों को तत्काल बदलवाने के निर्देश दिए। उन्होंने खराब पड़ी लाइटों को बदलने, फाउंटेन को शीघ्र संचालित कराने तथा उद्यान की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के लिए आउटसोर्सिंग के माध्यम से सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति करने के निर्देश भी दिए। साथ ही उद्यान का नियमित निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत एवं रखरखाव कार्य समयबद्ध ढंग से कराने हेतु निर्देशित किया। डीएम ने शहीद उद्यान को सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक शनिवार सायं 6 बजे नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग, संगीत एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे स्थानीय कलाकारों को मंच मिलने के साथ-साथ आमजन के लिए भी बेहतर सांस्कृतिक वातावरण उपलब्ध हो सके। बैठक में गांधी भवन के संचालन संबंधी महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए। डीएम ने गांधी भवन में विद्युत संबंधी कार्यों के सुचारु संचालन हेतु एक इलेक्ट्रीशियन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए, जिसके लिए 5,000 रूपए प्रतिमाह मानदेय तथा प्रत्येक कार्यक्रम पर 500 अतिरिक्त भुगतान की व्यवस्था की गई है। उन्होंने गांधी भवन प्रेक्षागृह की बुकिंग के लिए शुल्क भी निर्धारित किया। सामान्य कार्यक्रमों के लिए बिना वातानुकूलन 9,000 तथा एसी सहित 12,000 शुल्क निर्धारित किया गया है। अन्य प्रकार के कार्यक्रमों के लिए बिना एसी 12,000 तथा एसी सहित 15,000 शुल्क तय किया गया है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक कार्यक्रम के लिए 3,000 की सिक्योरिटी राशि जमा कराना अनिवार्य होगा। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि गांधी भवन में कोई भी कार्यक्रम बिना निर्धारित शुल्क के आयोजित नहीं किया जाएगा। बैठक में नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी, नगर मजिस्ट्रेट रजनीकांत सहित संबंधित अधिकारी एवं शहीद उद्यान समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# भ्रष्टाचार पर डीएम का हंटर, कानूनगों पर गिरी गाज

**शाहजहांपुर।** जनपद में भ्रष्टाचार को लेकर डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। उन्होंने सदर तहसील के ककरा काकर कुंड के लेखपाल रिश्वत प्रकरण में लेखपाल योगेश कुमार तिवारी के निलंबन व गिरफ्तारी के बाद कानूनगों जुगेंद्रपाल सिंह को भी निलंबित कर दिया है। उन्होंने गुरुवार को एडीएम प्रशासन व एसडीएम सदर से कानूनगो की भी रिपोर्ट तलब की थी। जिसके बाद एसडीएम सदर की आख्या के अन्तर्गत दिलशाद बानों के नाम पैतृक जमीन शहर के ग्राम ककरा कांकर कुण्ड की प्रारम्भिक मेड़बन्दी कराये जाने के सम्बन्ध में दिनों योगेश कुमार तिवारी निलम्बित लेखपाल को उत्कोच किये जाने पर गिरफ्तार किया गया। प्रारम्भिक मेड़बन्दी के दौरान योगेश कुमार तिवारी निलम्बित लेखपाल के साथ कानूनगों जुगेन्द्र पाल सिंह साथ में मौजूद थे। उक्त से स्पष्ट पाया गया कि कानूनगों जुगेन्द्र पाल सिंह अपने अधीनस्थ लेखपालों पर शिथिल पर्यवेक्षण करने तथा अपने कर्तव्यों व शासकीय दायित्वो के प्रति लापरवाह है। निलम्बन अवधि में कानूनगो जुगेन्द्रपाल सिंह को वित्तीय हस्त नियम संग्रह, खण्ड-2, भाग 2 संख्या 4 के मूल नियम 53 के प्रावधानों के अनुसार जीवन निर्वाह भत्ते की धनराशि, अर्द्ध वेतन पर देय अवकाश वेतन की राशि के बराबर देय होगी तथा जीवन निर्वाह भत्ते की धनराशि पर महंगाई भत्ता, यदि ऐसे अवकाश पर देय है, भी अनुमन्य होगा किन्तु ऐसे कर्मचारी को जीवन निर्वाह भत्ते के साथ अन्य कोई महँगाई भत्ता देय नहीं होगा। जिन्हें निलम्बन से पूर्व या प्राप्त वेतन के आधार पर महँगाई भत्ता या भत्ते का उपान्तिक समायोजन प्राप्त नहीं था। निलम्बन के दिनांक को प्राप्त वेतन के आधार पर अन्य प्रतिकर भत्ते भी निलम्बन की अवधि में इस शर्त पर देय होंगे जब इसका समाधान हो जाए कि उनके द्वारा इस मद में व्यय वास्तव में किया जा रहा है, जिसके लिये उक्त प्रतिकर भत्ते अनुमन्य हैं। डीएम के आदेश पर उक्त प्रकरण में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रथम को जांच अधिकारी नामित किया गया है। जांच अधिकारी एक पक्ष में आरोप पत्र का आलेख तैयार कर प्रस्तुत करेंगे। निलम्बन अवधि में जगेन्द्रपाल सिंह को कार्यालय रजिस्ट्रार कानूनगो सदर से सम्बद्ध किया गया है।

▸ ककरा काकर कुंड लेखपाल रिश्वत प्रकरण में कानूनगो भी निलंबित

## अब शनिवार को नहीं सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवसः जिलाधिकारी

**टीईटी परीक्षा के दृष्गित डीएम ने जारी किया आदेश**



**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) जनपद में 2, 3 व 4 जुलाई को कराई जा रही है। जिसके दृष्गित 4 जुलाई को प्रथम शनिवार को होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस को अब 4 जुलाई के स्थान पर 6 जुलाई सोमवार को आयोजित किया जाएगा। उक्त आदेश डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने जारी किया है। उन्होंने बताया कि उक्त निर्णय टीईटी परीक्षा के चलते लिया गया है।

## बगैर मानचित्र निर्माण कार्यों की बनेगी सूची, होगा सख्त एक्शनः सचिव

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




▸ सिटी मजिस्ट्रेट को शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण सचिव पद की जिम्मेदारी

महानगर क्षेत्र में बगैर मानचित्र पास कराएं हो रहे, निर्माण कार्यों पर सख्त एक्शन लिया जाएगा और उनको चिंहाकन कर एक सूची तैयार की जाएगी। उक्त बातें शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण के सचिव पद का चार्ज संभालने के बाद सिटी मजिस्ट्रेट रजनीकांत ने कहीं। उन्होंने कहा कि जो भी निर्माण प्राधिकरण क्षेत्र में हो रहे, उनके स्वामियों को ककरा स्थित प्राधिकरण दफ्तर आकर नक्शा, लेआउट पास करना ही होगा। बगैर मानचित्र, नक्शा पास कराएं किसी तरह का निर्माण कार्य अनाधिकृत मानते हुए उस पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। आफिस स्टाफ के साथ बैठक कर प्राधिकरण के कामकाजों को रफ्तार दी जाएगी। साथ ही जो कालोनाइजर लोग प्राधिकरण क्षेत्र में अनाधिकृत रुप से निर्माण करा रहे हैं, उनको भी नक्शा बगैरह पास कराना ही होगा। बता दें कि अभी तक प्राधिकरण सचिव का दायित्व अपर नगर आयुक्त अजय त्रिपाठी संभाल रहे थे। लेकिन 30 जून नगर निगम के अपर नगर आयुक्त एसके सिंह के रिटायरमेंट के बाद डीएम ने आदेश जारी कर अपर नगर आयुक्त अजय त्रिपाठी को पुनः मूल तैनाती पर नगर निगम भेज दिया है, जबकि सिटी मजिस्ट्रेट रजनीकांत को शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण में सचिव की कमान सौंप दी है।

# आम बहार आपके द्वार विषयक हुआ आम भण्डारा

▸ वन महोत्सव अन्तर्गत वृहद ग्रीन चौपालों व पौधरोपण का आयोजन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



वन महोत्सव के तृतीय दिवस पर प्रभागीय वनाधिकारी सचिन कुमार के कुशल निर्देश में वन विभाग द्वारा अनेक स्थानों पर वृक्षारोपण किया गया। खुटार रेंज की सेहरामऊ बीट के अन्तर्गत ग्राम लड़ती में वृक्षारोपण किया गया, कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अमनदीप ग्राम प्रधान लड़ती द्वारा वृक्षारोपण कर किया गया, साथ ही जल, जंगल और जमीन को बचाने की इस मुहिम में बढ़-चढ़ भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। वृक्षारोपण अन्तर्गत स्थानीय ग्रामीणों द्वारा मुख्य रूप से आम, पीपल, पाकड़, अर्जुन, जामुन, सागौन एवं आवंला इत्यादि पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय वनाधिकारी दिनेश बडौला द्वारा आम भंडारे का आयोजन किया, जिसमें विभिन्न प्रजाति के पौधे स्थानीय ग्रामीणों को उपलब्ध कराकर वृक्षों के महत्व, पर्यावरण संरक्षण एवं रोपित पौधों के संरक्षण तथा संवर्धन के प्रति जागरूक किया गया। शाहजहाँपुर रेंज की उचैलिया सेक्शन अन्तर्गत उप प्रभागीय वनाधिकारी डॉ सुशील कुमार के नेतृत्व में ग्राम पंचायत जलालपुर ता. गुर्री में वन महोत्सव के साथ-साथ ग्रीन चैपाल का भी भव्य आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय ग्रामीणों द्वारा विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपित किये गये तथा वृक्षों के महत्व, पर्यावरण संरक्षण एवं रोपित पौधों के संरक्षण तथा संवर्धन के प्रति जागरूक किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम अन्तर्गत क्षेत्रीय वनाधिकारी शत्रुघ्न प्रसाद द्वारा आम भण्डारा-आम बहार आपके द्वार विषयक आम के देशी पेड़ों को वितरित कर स्वदेशी अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर वन विभाग का समस्त फील्ड स्टाफ व सम्मानित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## 115 जोड़ों का एक साथ बंधा परिणय सूत्र में बंधन

**मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत जलालाबाद में हुआ आयोजन**



**शाहजहांपुर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत फकीरे शाह रोड स्थित चुंगी मंडी परिसर, जलालाबाद में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 115 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया, जिनमें 112 हिंदू एवं 3 मुस्लिम नवयुगल शामिल रहे। वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक रीति-रिवाजों के बीच संपन्न हुए विवाह समारोह में जनप्रतिनिधियों ने नवदंपतियों को आशीर्वाद देकर उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की। कार्यक्रम में विधायक हरिप्रकाश वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उनके साथ जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राजीव वर्मा, मिर्जापुर, कलान एवं जलालाबाद के ब्लॉक प्रमुख, डीआरडीए के परियोजना निदेशक, संबंधित नगर निकायों एवं विकास खंडों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। मंच संचालन एसएस कॉलेज शाहजहांपुर के वीर सिंह ने किया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिला समाज कल्याण अधिकारी राकेश कुमार शर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण , प्रशासनिक अधिकारियों तथा अन्य विभागीय कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

## हंगामा के बीच हटाया गया अतिक्रमण

**जैतीपुर तिलहर।** दातागंज स्टेट हाईवे पर गांव अली अकबरपुर नवादा के राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की सरकारी भूमि से शुक्रवार को प्रशासन द्वारा अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की शुरू की गई। इस दौरान कई बार हंगामे की स्थिति बनी लेकिन पुलिस ने स्थिति को संभाल लिया। एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार अमित कुमार के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने सरकारी जमीन पर बनी अवैध पक्की दुकानों तथा वहां रखे खोखों को हटाने का अभियान शुरू किया। कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जैतीपुर सहित कई थानों की पुलिस मौके पर तैनात रही। राजस्व विभाग ने तीन जेसीबी मशीनों की मदद से सरकारी भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाया। इस दौरान एक व्यक्ति ने जेसीबी मशीन के सामने खड़े होकर कार्रवाई में बाधा डालने का प्रयास किया,जिस पर पुलिस ने तत्काल उसे हिरासत में लेकर स्थिति को नियंत्रित किया। अतिक्रमण हटाने का अभियान करीब सात घंटे तक चला। इस दौरान काफी संख्या में पुलिस बल सुरक्षा की दृष्टि से मौजूद रहा।

# टीईटी एग्जामः दूसरे दिन 371 अभ्यर्थी रहे परीक्षा में अनुपस्थित

▸ पहली पाली में 3580 तथा दूसरी पाली में 3633 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी)-2026 के दूसरे दिन जिले के नौ परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा को निष्पक्ष एवं सकुशल कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहा। एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्रा सहित अन्य अधिकारियों ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बता दें कि पहली पाली में 3792 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें 3580 ने परीक्षा दी, जबकि 212 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में भी 3792 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें 3633 ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 159 अभ्यर्थी गैरहाजिर रहे। दोनों पालियों में कुल 371 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की सघन जांच की गई तथा परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित दिशा-निर्देशों का पूरी तरह पालन कराया गया। पूरे दिन परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई और कहीं से भी किसी प्रकार की अव्यवस्था, नकल अथवा अन्य शिकायत की सूचना नहीं मिली।

> ‘जनपद में 9 केंद्रों पर टीईटी परीक्षा का आयोजन कराया जा रहा है। जिसमें दूसरे दिन परीक्षा दोनों पाली में शांतिपूर्ण व सकुशल संपन करा ली गई है। कहीं से कोई शिकायत नहीं आई है। निरंतर कन्ट्रोल रुम व विजिट कर परीक्षा केंद्रों पर निगरानी रखी जा रही है।’
>
> -रजनीश कुमार मिश्रा, एडीएम प्रशासन

**यह बनाए गए परीक्षा केंद्रः** जीएफ कॉलेज (ब्लॉक-ए), जीएफ कॉलेज (ब्लॉक-बी), जनता इंटर कॉलेज, आर्य महिला पीजी कॉलेज, आर्य महिला इंटर कॉलेज, एबी रिच इंटर कॉलेज, देवी प्रसाद इंटर कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज, श्री हरिकुमार पाठक कन्या इंटर कॉलेज।

# भाकियू ने एसडीएम को ज्ञापन देकर दी आंदोलन की चेतावनी

**तिलहर - शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




भारतीय किसान यूनियन तहसील अध्यक्ष के नेतृत्व में किसानों ने एसडीएम को 13 सूत्रीय मांग पत्र देकर 15 दिनों में समस्या निस्तारण न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।एसडीएम ने मांगों से यूनियन को मांगें उच्चाधिकारियों को अवगत कराने का आश्वासन दिया है ।

शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष गेंदनलाल वर्मा के नेतृत्व में दर्जनों की संख्या में किसान एकत्रित होकर तहसील मुख्यालय पहुंचे और एसडीएम जीत सिंह राय से भेंट कर 13 सूत्रीय ज्ञापन दिया।

गेंदनलाल ने कहा की नगर के बाईपास चौराहे पर जल्द बस अड्डे का निर्माण किया जाए और अभी जो बस अड्डा नगर के अंदर चल रहा है वहां तक सभी बसों का जाना सुनिश्चित किया जाए। नगर और ग्रामीण क्षेत्र में नंदी शालाओं का निर्माण हो ।खाद्य समितियों से किसानों को उचित मात्रा में खाद का वितरण कराया जाए और गड़बड़ी करने वाले कर्मचारियों पर कार्यवाही की जाए । नगर के खाद विक्रेताओं को स्टॉक संख्या चस्पा करने का निर्देश दिया जाए।युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष आदित्य प्रताप सिंह लोधी ने कहा कि नगर में पिंक टॉयलेट बने हुए हैं जिनपर ताला लटका रहता है । जिन्हें खुलवाया जाए जिससे कि महिलाओं को शर्मिंदगी का सामना न करना पड़े।नगर के मोहल्ला मौजमपुर स्थित सरला देवी इंटर कॉलेज बाली गली में स्थानीय सब्जी विक्रेता आदि खुले में पेशाब करने के लिए बैठ जाते हैं जिससे बालिकाओं को काफी दिक्कत होती है यहां पर पेशाब घर बनवा जाए।उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं को वरीयता से निस्तारित किया जाए अन्यथा संगठन 15 दोनों के बाद आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन देने बालों में दिनेश चंद्रसक्सेना, हरिओम यादव, गुड्डू, राजवीर सिंह, कासिम, केंद्रपाल सिंह, रमेश सिंह यादव, द्वारिका प्रसाद, मोहम्मद इस्लाम आदि शामिल रहे।

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने मुवक्किल एस.के. फाइनेंस कम्पनी लखीमपुर खीरी के निर्देश पर यह नोटिस दे रहा हूँ कि मेरे मुवक्किल का एक ग्राहक मो. नबी पुत्र बदरूददीन निवासी-देउवापुर मजरा पहाड़पुर, परगना-खीरी, तहसील-लखीमपुर,जिला-खीरी एक किता आवासीय मकान क्षेत्रफल 53.671 वर्गमीटर स्थित ग्राम-देउबापुर,मजरा पहाड़पुर, परगना-खीरी, तहसील-लखीमपुर, जिला-खीरी को श्री बदरूददीन पुत्र इशरार अली एस.के. फाइनेंस कम्पनी लखीमपुर खीरी से लोन कराना चाहता है। उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित ऑरिजिनल डीड दान पत्र दिनांक 13.09.2022, जिसकी रजिस्ट्री बही संख्या प्रथम, जिल्द 15156, पृष्ठ संख्या 253 से 268, दस्तावेज संख्या 15966, जोकि बदरूददीन पुत्र इशरार अली के हक में अब्दुल वारिफ पुत्र अलीजान ने निष्पादित किया था, जोकि अन्य कागजों के साथ एक थैले में रखा था। दिनांक 03.03.2026 को अपने घर से तहसील सदर लखीमपुर खीरी जाते समय रास्ते में कहीं थैला गिर गया, जो काफी तलाश करने पर भी नहीं मिला। उक्त की सूचना थाने में दे दी गई। अतः जिस किसी व्यक्ति अथवा बैंक या अन्य संस्था को इसके बाबत कोई आपत्ति हो तो वह नीचे लिखे पते व मोबाइल नम्बर पर इस प्रकाशन के 7 दिन के अन्दर सम्पर्क करें/अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि के बाद किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

सतेन्द्र पाल सिंह यादव(एडवोकेट)
डा.राजेंद्र प्रसाद भवन, चैम्बर नं. 5, जजी कचहरी, शाहजहाँपुर
मो. 9621238632

# पुवायां में जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद का स्वागत

▸ गौ रक्षा और राष्ट्रमाता के संदेश के साथ नाहिल निवासी विवेक मिश्रा को सौंपा चतुरंगिनी सेना का पुवायां प्रतिनिधि का दायित्व

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




जगदुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज शुक्रवार को पुवायां स्थित गोल्डन पैलेस पहुंचे। जहां उपस्थित श्रद्धालुओं ने स्वामी जी का फूल मालाओं से स्वागत किया। जिसके बाद समाजवादी पार्टी के नेता गोपाल अग्निहोत्री ने अपनी धर्मपत्नी ममता अग्निहोत्री के साथ जगदुरु शंकराचार्य की चरण पादुकाओं का विधिवत पूजन किया। जिसके बाद श्रद्धालुओं में गोपाल अग्निहोत्री, विवेक मिश्रा, अभय मिश्रा, पुनीत मिश्रा रानू ने अलग अलग भेंट प्रदान कर स्वामी जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में साध्वी जगदंबा ने महिला विंग की सर्वाध्यक्ष के रूप में चतुरंगिनी सेना के गठन के विषय में अपने विचार व्यक्त किए। जिसके बाद जगतगुरु शंकराचार्य ने गौ हित और गौ रक्षा के उद्देश्य से निकाली जा रही यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए गाय को राष्ट्रमाता घोषित किए जाने की मांग दोहराई। श्रद्धालुओं को गौ संरक्षण और सनातन धर्म की रक्षा के लिए जागरूक रहने का संदेश दिया गया। जगदुरु शंकराचार्य ने कहा कि गौ रक्षा के उद्देश्य से यह यात्रा उत्तर प्रदेश की सभी विधानसभा क्षेत्रों तक पहुंच रही है। उन्होंने सनातन धर्म की रक्षा, सामाजिक एकता और धर्मार्थ कार्यों के महत्व पर भी अपने विचार रखे। उन्होंने गौ रक्षा और सनातन धर्म की रक्षा करने वाले को ही अपना अमूल्य मत देने की अपील की। जिससे सनातन धर्म की रक्षा हो सके और गौ माता को राष्ट्रीय पशु का दर्जा मिल सके। यात्रा के बारे में उन्होंने कहा कि यात्रा की शुरुआत 3 मई 2026 को गोरखपुर से हुई थी। 22 जुलाई को यह यात्रा लखनऊ पहुंचेगी, 23 जुलाई को विश्राम रहेगा तथा 24 जुलाई को यात्रा का समापन किया जाएगा। वही जगतगुरु शंकराचार्य ने नाहिल निवासी बजरंग दल के विवेक मिश्रा को चतुरंगिनी सेना में पुवायां का प्रतिनिधि घोषित किया। कार्यक्रम में गोपाल अग्निहोत्री, विवेक मिश्रा, आशीष तिवारी, रोहित गुप्ता, आलोक मिश्रा, पंडित वासुदेव शास्त्री, विनय मिश्रा, प्रभात मिश्रा, राजवीर सिंह, प्रशांत गुप्ता, कपिल गुप्ता बीटू, पुनीत मिश्रा रानू,अवनीश मिश्रा, अतुल मिश्रा, राजन त्रिवेदी, सोमदेव मिश्रा, राम प्रकाश मिश्रा, डॉ अतुल पांडे, अभय मिश्रा, अनुज अग्निहोत्री आदि श्रद्धालु, सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## ससुराल पत्नी को लेने जा रहे बाइक सवार की सड़क दुर्घटना में हुई मौत



**पीलीभीत।** गुरुवार को ऋषिपाल अपनी मोटरसाइकिल से पत्नी को लेने के लिए अपनी ससुराल लिलहर मुड़िया गांव गया था। ससुराल पहुंचने के बाद, वह सुबह के समय पास के एक चौराहे पर मोटरसाइकिल से घूमने निकला था। सुबह करीब 10:00 बजे एक तेज रफ्तार कार ने उसकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऋषिपाल सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों और परिजनों की मदद से घायल ऋषिपाल को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। उसकी हालत गंभीर बनी हुई थी। डॉक्टरों के प्रयासों के बावजूद, गुरुवार देर शाम उपचार के दौरान रिशिपाल ने दम तोड़ दिया। शुक्रवार सुबह पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। परिजनों ने बताया कि ऋषिपाल अपने पांच भाई-बहनों में सबसे बड़ा था। उसकी शादी दिसंबर माह में हुई थी। इस घटना से परिवार में शोक का माहौल है। बिलसंडा थाना अध्यक्ष जगदीप मलिक ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और तहरीर के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## इथेनॉल का मोल

खाड़ी युद्ध के चलते उपजे ईंधन संकट ने भारत समेत पूरी दुनिया को सबक दिए हैं कि देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिये नये विकल्प तलाशे जाएं। भारत जैसे देश के लिये तो यह बड़ी चुनौती है क्योंकि हम पूरी तरह कच्चे तेल व गैस के लिये विदेशी संसाधनों पर ही निर्भर हैं। जिससे संकटपूर्ण स्थितियों में न केवल महंगाई बढ़ती है बल्कि हमारी दुर्लभ विदेशी मुद्रा भी दांव पर लगती है। ऐसे ही संकट से जूझने के लिये देश ने इंधन के विकल्प पर गंभीरता से विचार किया। देश में पहले ही सामान्य पेट्रोल में बीस फीसदी इथेनॉल मिलाया जा रहा है। देश में विदेशी मुद्रा की बचत व आत्मनिर्भरता की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है। हाल ही में फ्लेक्स-फ्यूल गाड़ियों के लिये ज्यादा इथेनॉल वाले ई-85 फ्यूल उपलब्ध कराया गया। लेकिन अभी भी उपभोक्ता और ऑटोमोटिव इंडस्ट्री के बीच कई मुद्दों को लेकर चिंताएं बनी हुई हैं। दरअसल,ये वाहन ई-85 यानी 85 फीसदी इथेनॉल और 15 फीसदी पेट्रोल तथा ई-100 यानी शुद्ध इथेनॉल वाले मिश्रण पर चलने के लिये डिजाइन किये गए हैं। जबकि पेट्रोल से चलने वाली सामान्य गाड़ियां ई-20 यानी बीस फीसदी इथेनॉल और 80 फीसदी पेट्रोल के अनुकूल होती हैं। दरअसल, चुनिंदा आउटलेट्स पर ई-85 उपलब्ध कराने का निर्णय आयातित कच्चे तेल पर निर्भरता कम करने के मकसद से लिया गया है। यह एक हकीकत है कि आज भी देश का नब्बे फीसदी कच्चा तेल आयातित किया जा रहा है। दुनियाभर में गाहे-बगाहे पैदा होने वाले भू-राजनीतिक संकटों ने बार-बार देश के ऊर्जा इकोसिस्टम की खामियों को ही उजागर किया है। इसमें दो राय नहीं है कि फ्लेक्स-फ्यूल गाड़ियों के लिये इथेनॉल को मुख्य ईंधन के रूप से बढ़ावा देने का मकसद ऊर्जा जरूरतों में आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में बढ़ना है। वहीं दूसरी ओर इसके उपयोग से हम ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में भी कमी ला सकते हैं। निश्चय ही वाहनों में इथेनॉल को बढ़ावा देना देश में आयातित कच्चे तेल के दबाव को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। लेकिन इस बदलाव को सिरे चढ़ाने के लिए बहुत सोच-समझकर आगे बढ़ना चाहिए, जिससे लोगों की आशंकाएं दूर हो सकें। जरूरत लोगों का भरोसा हासिल करने की है। भारत में इथेनॉल मिले तेल के उपयोग ने इसके होने वाले तमाम फायदों को साबित किया है। इससे काफी विदेशी मुद्रा की बचत भी हुई है। साथ ही देश में इथेनॉल का सशक्त उद्योग विकसित हुआ है। यदि बाजार में इथेनॉल पर लोगों का भरोसा बढ़ता है और इसकी मांग बढ़ती है तो इससे किसानों को कमाई के नये अवसर मिल सकते हैं। इथेनॉल की ज्यादा मांग होने पर गन्ने और मक्का का बाजार विस्तार लेगा। वहीं दूसरी ओर ई-85 की कीमत पारंपरिक पेट्रोल के मुकाबले कम रखने के फैसले से, उन उपभोक्ताओं को फायदा हो सकता है, जिनके पास इसके अनुकूल गाड़ियां है। भले ही इस फ्यूल की ईंधन दक्षता कम हो, लेकिन यह कदम देश की अर्थव्यवस्था को संबल देगा। बहरहाल, इस उम्मीद के साथ ही, हमें हकीकत का भी ध्यान रखना है। दरअसल, ऑटोमोबाइल बनाने वाली कंपनियों ने इंजन की क्षमता, जंग लगने, ईंधन सिस्टम पर प्रभाव और इसकी दीर्घकालिक क्षमता को लेकर चिंताएं जताई हैं। निःसंदेह, इन मुद्दों को सीधे खारिज करने के बजाय इन पर गंभीर रूप से मंथन करना चाहिए। अगर इन मुद्दों का निराकरण नहीं होता है तो भ्रम व संशय की स्थिति बनी रहेगी। जिसे अविलंब दूर करने की भी जरूरत है। इस वैकल्पिक ईंधन की सहज उपलब्धता के साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर व गाड़ियों को इसके अनुरूप बनाना, वैकल्पिक ईंधन की गुणवत्ता के मानकों का निर्धारण तथा इससे जुड़े तकनीकी प्रशिक्षण में सुधार किया जाना चाहिए। इस तथ्य को नकारा नहीं जा सकता कि बॉयोफ्यूल इतनी जल्दी फॉसिल फ्यूल का विकल्प नहीं बन सकता। इस बाबत पर्याप्त तैयारी, पारदर्शिता और सभी हितधारकों का सहयोग लेना जरूरी है। इस मामले में जल्दबाजी करने से बचा जाना चाहिए। यदि हम सजगता व सतर्कता से आगे बढ़ते हैं तो ई-85 एक सफल मॉडल बन सकता है। अन्यथा हम एक अच्छा मौका चूक सकते हैं।

# प्रदेश सरकार ने भिक्कावाला पंप नहर का आधुनिक तकनीक से किया पुनरोद्धार

*अभिषेक सिंह*

उत्तर प्रदेश के बिजनौर जनपद की रामगंगा-फिक्का दोआब क्षेत्र में स्थित भिक्कावाला पंप नहर आज केवल एक सिंचाई संरचना नहीं, बल्कि प्रशासनिक दृढ़ता, आधुनिक इंजीनियरिंग और किसानों के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता का जीता-जागता प्रतीक बन चुकी है। उत्तर प्रदेश सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा संचालित यह परियोजना - जो दशकों की बाढ़, सिल्टेशन और संरचनात्मक क्षति के कारण लगभग निष्क्रिय हो चुकी थी, को वर्तमान सरकार ने एक व्यापक पुनरुद्धार अभियान के माध्यम से न केवल पुनर्जीवित किया है, बल्कि इसे एक सफल इंजीनियरिंग मॉडल के रूप में भी स्थापित किया है।

**ऐतिहासिक पृष्ठभूमि : वीर सैनिकों के लिए एक वचनः-** भिक्कावाला पंप नहर की स्थापना के पीछे एक अत्यंत मार्मिक और सम्मानजनक उद्देश्य था। यह परियोजना मूल रूप से उन भूतपूर्व सैनिकों को समर्पित थी, जिन्होंने देश की सीमाओं की रक्षा की और सेवानिवृत्ति के बाद कृषि कार्य के लिए सरकार द्वारा आवंटित भूमि पर आकर बसे। उस समय यह सुनिश्चित किया गया कि इन वीर जवानों के खेतों को सिंचाई हेतु जल मिले। इस योजना के मूल मंत्र में यह नहर आज भी उतनी ही प्रासंगिक है जितना दशकों पहले थी। परियोजना को दो चरणों में पूरा किया गया। इस परियोजना की स्थापना सर्वप्रथम वर्ष 1972 में की गई, इसके बाद वर्ष 1982 में स्थापित हुआ। दोनों चरणों को एक एकीकृत जलीय तंत्र के रूप में डिज़ाइन किया गया था, जो मिलकर बिजनौर जिले की सबसे जटिल पंप-आधारित सिंचाई प्रणालियों में से एक बनाते हैं।

जनपद बिजनौर के इस्लामनगर ग्राम पंचायत में स्थित इस परियोजना की भौगोलिक स्थिति भी इसे विशेष बनाती है। रामगंगा फिका दोआब नहर के जल को उठाकर कृषकों को सिंचाई हेतु दूरस्थ खेतों तक जलापूर्ति उपलब्ध कराने के चुनौतीपूर्ण कार्य को आधुनिक मशीनों एवं यंत्रों की सहायता से संपादित करने का कार्य कुशलतापूर्वक पूर्ण किया जाता है जिससे कृषकों को निर्बाध जल की उपलब्धता सुनिश्चित रहे।

**तकनीकी संरचनाः एक परिष्कृत जल-वितरण प्रणालीः-** भिक्कावाला पंप नहर एक हाइब्रिड हाइड्रोलिक मैकेनिज्म पर संचालित होती है- एक ऐसी प्रणाली जो जल को पंप करके 12 किलोमीटर से अधिक लंबे नहर नेटवर्क के माध्यम से वितरित करती है। नहर प्रणाली दो चरणों में विभाजित है। प्रथम चरण की जल प्रवाह क्षमता 25 क्यूसेक है, जबकि द्वितीय चरण की क्षमता 12.5 क्यूसेक है। पूरे तंत्र में 60 हॉर्स पावर के शक्तिशाली सेंट्रीफ्यूगल पंप लगाए गए हैं। निर्बाध संचालन सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष अतिरिक्त व्यवस्था की गई है। प्रथम चरण में दो सक्रिय पंप और एक स्टैंडबाय पंप, तथा द्वितीय चरण में एक सक्रिय और एक स्टैंडबाय पंप है ताकि किसी भी तकनीकी खराबी की स्थिति में जल आपूर्ति बाधित न हो।



योगी आदित्यनाथ जी के कुशल निर्देशन में उत्तर प्रदेश सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग ने एक व्यापक आधुनिकीकरण अभियान शुरू किया, जिसमें मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और सिविल तीनों क्षेत्रों में एक साथ क्रांतिकारी सुधार आरम्भ किये गये। मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल कायाकल्प के अन्तर्गत पुराने और जीर्ण पंपों की जगह नए 12.5 क्यूसेक पंप सेट, उन्नत इंडक्शन मोटर और ऑटो ट्रांसफॉर्मर स्थापित किए गए जो अधिक दक्षता और कम ऊर्जा खपत के साथ कार्य करते हैं। जर्जर पाइपिंग को नई पाइपलाइन से बदला गया और सुरक्षा के लिए जीआई चेन लिंक फेंसिंग लगाई गई। परिसर में एलईडी स्ट्रीट लाइट और सोलर लाइटिंग सिस्टम लगाए गए जिससे बिजली पर निर्भरता कम हुई। सुरक्षा व्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिए सीसीटीवी कैमरे भी स्थापित किए गए, जिससे महत्वपूर्ण कृषि अवसंरचना की चौबीस घंटे निगरानी की जा सके। सिविल एवं संरचनात्मक जीर्णोद्धार के अन्तर्गत सिविल इंजीनियरिंग के मोर्चे पर भी कार्य उतना ही व्यापक था। नहर चैनलों में जहां ब्रिक लाइनिंग टूट गई थी, उसे नए सिरे से बनाया गया। बोल्डर पिचिंग की मरम्मत और सुदृढ़ीकरण का कार्य किया गया। डिलीवरी टैंक को 0.5 मी. उठाया गया, चेक वॉल और क्यू-नेट वॉल का संपूर्ण जीर्णोद्धार किया गया। द्वितीय चरण में किलोमीटर 1.741 से किलोमीटर 5.600 तक नहर की री-सेक्शनिंग की गई। यह 3.86 किलोमीटर का हस्तक्षेप उस खंड को नया जीवन देने वाला सिद्ध हुआ जो पहले सबसे अधिक क्षतिग्रस्त था।

भिक्कावाला पम्प नहर से कुल नहर नेटवर्क लगभग 12.24 किलोमीटर में फैला है। इस नेटवर्क में रसूलपुर, जामुनवाला और पाथरावाला जैसी महत्वपूर्ण माइनर संरचनाएं शामिल हैं जो जल को खेतों के अंतिम छोर (टेल एंड) तक पहुंचाती हैं। प्रथम चरण में 6.64 किमी0 की वितरण नहरें और 4.30 किमी लंबी अफजलगढ़ मुख्य नहर शामिल हैं, जबकि द्वितीय चरण में 5.60 किमी की नहर प्रणाली है।

**जब थम गई जल की धाराः-** अपनी समस्त इंजीनियरिंग श्रेष्ठता के बावजूद भिक्कावाला पंप नहर प्रकृति की विनाशकारी शक्तियों से अछूती नहीं रही। वर्षों तक भारी बारिश, बार-बार आने वाली बाढ़ ने नहर की संरचनात्मक अखंडता को गंभीर क्षति पहुंचाई। नहर की लाइनिंग के साथ लगाई गई बोल्डर पिचिंग कई स्थानों पर टूट-बिखर गई थी। ब्रिक लाइनिंग कई खंडों में ध्वस्त हो चुकी थी जिससे जल का रिसाव और बर्बादी हो रही थी। डिलीवरी टैंक में खराबी आने से वितरण तंत्र बाधित हो गया था, और चेकवॉल तथा क्यू-नेट वॉल की हालत भी जर्जर हो गई। परिणामस्वरूप नहर का पानी टेल एंड तक नहीं पहुंच पा रहा था और दूरस्थ खेतों के किसान सिंचाई से वंचित हो रहे थे। स्थिति को और कठिन बनाते हुए, पंप स्टेशन पर कर्मचारियों के आवासीय क्वार्टर भी इतने जर्जर हो गए थे कि चौबीस घंटे संचालन और सुरक्षा सुनिश्चित करना लगभग असंभव हो चला था। समग्र रूप से, पूरी प्रणाली अपनी क्षमता की सीमा से परे जर्जर हो चुकी थी।

**पुनरुद्धारः एक त्रिआयामी नवीनीकरणः-** नहर की इन समस्याओं की गंभीरता को देखते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल निर्देशन में उत्तर प्रदेश सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग ने एक व्यापक आधुनिकीकरण अभियान शुरू किया, जिसमें मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और सिविल तीनों क्षेत्रों में एक साथ क्रांतिकारी सुधार आरम्भ किये गये। मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल कायाकल्प के अन्तर्गत पुराने और जीर्ण पंपों की जगह नए 12.5 क्यूसेक पंप सेट, उन्नत इंडक्शन मोटर और ऑटो ट्रांसफॉर्मर स्थापित किए गए जो अधिक दक्षता और कम ऊर्जा खपत के साथ कार्य करते हैं। जर्जर पाइपिंग को नई पाइपलाइन से बदला गया और सुरक्षा के लिए जीआई चेन लिंक फेंसिंग लगाई गई। परिसर में एलईडी स्ट्रीट लाइट और सोलर लाइटिंग सिस्टम लगाए गए जिससे बिजली पर निर्भरता कम हुई। सुरक्षा व्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिए सीसीटीवी कैमरे भी स्थापित किए गए, जिससे महत्वपूर्ण कृषि अवसंरचना की चौबीस घंटे निगरानी की जा सके। सिविल एवं संरचनात्मक जीर्णोद्धार के अन्तर्गत सिविल इंजीनियरिंग के मोर्चे पर भी कार्य उतना ही व्यापक था। नहर चैनलों में जहां ब्रिक लाइनिंग टूट गई थी, उसे नए सिरे से बनाया गया। बोल्डर पिचिंग की मरम्मत और सुदृढ़ीकरण का कार्य किया गया। डिलीवरी टैंक को 0.5 मी. उठाया गया, चेक वॉल और क्यू-नेट वॉल का संपूर्ण जीर्णोद्धार किया गया। द्वितीय चरण में किलोमीटर 1.741 से किलोमीटर 5.600 तक नहर की री-सेक्शनिंग की गई। यह 3.86 किलोमीटर का हस्तक्षेप उस खंड को नया जीवन देने वाला सिद्ध हुआ जो पहले सबसे अधिक क्षतिग्रस्त था। कर्मचारियों के आवासीय क्वार्टरों की भी मरम्मत की गई ताकि संचालन दल के लिए उचित कार्य-परिस्थितियां सुनिश्चित हो सकें। रुपये 367.86 लाख की लागत की इस पुनरूद्धार परियोजना को 31 मार्च 2026 की निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण कर लिया गया- यह तथ्य अपने आप में नियोजन और क्रियान्वयन की गुणवत्ता का प्रमाण है। लगभग 1,110 हेक्टेयर सिंचाई क्षेत्र की बहाली से बेहतर फसल उत्पादन, भूजल पर कम निर्भरता और 1,247 किसान परिवारों के लिए अधिक सुरक्षित कृषि चक्र के उत्पादन का लाभ मिला है।

**पानी से परे, एक नई उम्मीदः-** किसानों की हितैषी योगी सरकार ने भिक्कावाला नहर का पुनरुद्धार केवल एक सफल अवसंरचना परियोजना ही नहीं है बल्कि इसका प्रमाण है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री जी किसानों के हित में पुरानी सिंचाई प्रणालियों को अप्रचलित मानकर छोड़ा नहीं बल्कि लक्षित निवेश और तकनीकी दक्षता से उन्हें पूरी क्षमता के साथ पुनर्जीवित किया है, और उनकी मूल क्षमता से भी अधिक बेहतर बनाया गया है।

बिजनौर के इस्लामनगर ग्राम पंचायत और आसपास के रामगंगा-फिका दोआब क्षेत्र के किसानों के लिए यह नहर वरदान साबित हुई है। इस नहर से पानी समय पर उनके खेतों तक पहुंचता है। अब सूखे मौसम में उनकी फ़सल नहीं मरेगी। भिक्कावाला पंप नहर में आज केवल रामगंगा का जल लेकर नहीं बहती-वह विश्वास, तकनीक और समृद्धि की एक सतत धारा बहाती है। यह नहर हर खेत को पानी के संकल्प की दिशा में एक सच्चा और प्रेरणादायक मील का पत्थर साबित हुई है।

## विचार

# शांतिमय विश्व के निर्माण में सहकारिता



डॉ. शैलेश

आज विश्व अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है। सशस्त्र संघर्षों के कारण लाखों लोग विस्थापित हो रहे हैं। आर्थिक असमानताएँ बढ़ रही हैं, जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न आपदाएँ अधिक बार घटित हो रही हैं और समाज, सामाजिक, जातीय तथा वैचारिक विभाजनों के कारण लगातार ध्रुवीकृत हो रहा है। ऐसे समय में सहकारिताएँ विकास का एक वैकल्पिक मॉडल प्रस्तुत करती हैं, जो लाभ से अधिक लोगों को, प्रतिस्पर्धा से अधिक सहयोग को तथा अल्पकालिक आर्थिक लाभों की अपेक्षा दीर्घकालिक सामुदायिक कल्याण को प्राथमिकता देता है। आधुनिक सहकारी आंदोलन की शुरुआत वर्ष 1844 में इंग्लैंड के रोचडेल पायनियर्स से मानी जाती है। लोकतांत्रिक प्रबंधन, स्वैच्छिक सदस्यता, शिक्षा, समानता और समुदाय के प्रति उत्तरदायित्व जैसे उनके सिद्धांत आज भी विश्व की लगभग 30 लाख से अधिक सहकारी संस्थाओं का मार्गदर्शन कर रहे हैं। वर्तमान में ये संस्थाएँ कृषि, वित्त, आवास, स्वास्थ्य, ऊर्जा, मत्स्य पालन, खुदरा व्यापार और शिक्षा जैसे विविध क्षेत्रों में एक अरब से अधिक सदस्यों को सेवाएँ प्रदान करते हुए करोड़ों लोगों की आजीविका का आधार बनी हुई हैं।

**समावेशी और शांतिपूर्ण समाज के निर्माण में सहकारिताओं की भूमिका:-** वर्ष 2026 का अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस का विषय इसलिए भी विशेष रूप से प्रासंगिक है क्योंकि आज शांति का अर्थ केवल युद्ध की अनुपस्थिति नहीं माना जाता। वास्तविक शांति का अर्थ—भूख, बेरोजगारी, भेदभाव, सामाजिक बहिष्कार और शोषण से मुक्ति है। जिन समुदायों को आजीविका, सुलभ वित्तीय सेवाएँ, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएँ और सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध होती है, वे संघर्ष और अस्थिरता के प्रति कम संवेदनशील होते हैं। सहकारिताएँ स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाकर, असमानताओं को कम करके तथा सामाजिक और आर्थिक लचीलापन बढ़ाकर इन उद्देश्यों की पूर्ति में प्रत्यक्ष योगदान देती हैं।

विश्वभर में कृषि सहकारिताएँ छोटे किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज, उर्वरक, तकनीक, ऋण, बीमा और बाज़ार तक पहुँच उपलब्ध कराती हैं। उपभोक्ता सहकारिताएँ उचित मूल्य पर वस्तुएँ उपलब्ध कराते हुए बाज़ार की विकृतियों से उपभोक्ताओं की रक्षा करती हैं। सहकारी बैंक और क्रेडिट यूनियन वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देते हैं, विशेषकर उन क्षेत्रों में जहाँ पारंपरिक बैंकिंग सेवाएँ सीमित हैं। आवास सहकारिताएँ सुरक्षित और किफायती आवास उपलब्ध कराती हैं, जबकि श्रमिक सहकारिताएँ सम्मानजनक रोजगार और लोकतांत्रिक कार्यस्थल सुनिश्चित करती हैं। प्राकृतिक आपदाओं और संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में भी सहकारिताएँ आजीविका पुनर्स्थापित करने और समुदायों में विश्वास बहाल करने वाली अग्रणी संस्थाओं के रूप में उभरी हैं।

संयुक्त राष्ट्र ने भी सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में सहकारिताओं को महत्त्वपूर्ण साझेदार के रूप में मान्यता दी है। गरीबी उन्मूलन, खाद्य सुरक्षा, लैंगिक समानता, सम्मानजनक रोजगार, उत्तरदायी उपभोग, जलवायु बदलाव के प्रतिउचित कार्रवाई और असमानताओं में कमी जैसे अनेक लक्ष्यों की प्राप्ति में सहकारिताओं की उल्लेखनीय भूमिका रही है। संवाद, सहभागिता और साझा उत्तरदायित्व को बढ़ावा देकर वे लोकतांत्रिक संस्कृति और सामाजिक शांति को भी सुदृढ़ बनाती हैं।

**भारत का सहकारी आंदोलन समावेशी विकास का सफल मॉडल:-** भारत का सहकारी आंदोलन इस मॉडल की परिवर्तनकारी क्षमता का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। देश में आठ लाख से अधिक पंजीकृत सहकारी समितियाँ और करोड़ों सदस्य ग्रामीण तथा शहरी जीवन के लगभग प्रत्येक क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। दुग्ध उत्पादन, कृषि, बैंकिंग, आवास, हथकरघा, मत्स्य पालन और उपभोक्ता सेवाओं जैसे क्षेत्रों में सहकारिताएँ समावेशी विकास की महत्वपूर्ण आधारशिला बन चुकी हैं।

भारत की सबसे उल्लेखनीय सफलता अमूल के नेतृत्व में विकसित दुग्ध सहकारी आंदोलन है। गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ के माध्यम से संचालित इस मॉडल ने श्वेत क्रांति को जन्म दिया, जिसने भारत को दुग्ध उत्पादन में विश्व का अग्रणी देश बना दिया। इस मॉडल ने लाखों छोटे दुग्ध उत्पादकों, विशेषकर महिलाओं, को मूल्य श्रृंखला का सक्रिय भागीदार बनाकर आर्थिक सशक्तिकरण का नया अध्याय लिखा। इसने सिद्ध किया कि सामूहिक स्वामित्व, पेशेवर प्रबंधन और लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था आर्थिक समृद्धि तथा सामाजिक सशक्तिकरण दोनों सुनिश्चित कर सकती है। इसी प्रकार इफको जैसी सहकारी संस्थाओं ने उर्वरकों की उपलब्धता, टिकाऊ कृषि पद्धतियों के प्रसार और ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सहकारी बैंक और ऋण समितियाँ आज भी उन लाखों नागरिकों को वित्तीय सेवाएँ उपलब्ध करा रही हैं, जो अन्यथा औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था से वंचित रह जाते। सहकारी क्षेत्र के बढ़ते महत्व को देखते हुए भारत सरकार ने वर्ष 2021 में सहकार से समृद्धि के दृष्टिकोण के साथ सहकारिता मंत्रालय की स्थापना की। हाल के वर्षों में पारदर्शिता, डिजिटलीकरण, सुशासन, पेशेवर प्रबंधन और बहुउद्देश्यीय सहकारी समितियों के गठन जैसे अनेक सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं। हालांकि, राजनीतिक हस्तक्षेप, कमजोर प्रशासन, वित्तीय कुप्रबंधन तथा सदस्यों की सीमित भागीदारी जैसी चुनौतियों का समाधान करना भी आवश्यक है, ताकि सहकारी आंदोलन की विश्वसनीयता और प्रभावशीलता और अधिक मजबूत हो सके।

**कक्षा से शांति की संस्कृति का निर्माण:-** सहकारी आंदोलन का एक अत्यंत महत्वपूर्ण, किंतु अपेक्षाकृत कम चर्चित आयाम शैक्षणिक संस्थानों में संचालित विद्यालय सहकारिताएँ हैं। भारत में कुछ गैर सरकारी संस्थान और कुछ राज्य सरकार इस दिशा में काम कर रहे हैं। लेकिन अभी बहुत कुछ करना बाकी है। विद्यालय सहकारिताएँ विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक नागरिकता, वित्तीय साक्षरता, उद्यमिता और सामाजिक उत्तरदायित्व विकसित करने का प्रभावी माध्यम बन सकती हैं। विद्यालय सहकारिताएँ छात्रों द्वारा संचालित संगठन होती हैं, जिनका संचालन शिक्षकों के मार्गदर्शन में किया जाता है। ये स्टेशनरी स्टोर, पुस्तकालय, कैंटीन, बीज बैंक, पुनर्चक्रण इकाइयाँ, बचत क्लब, रसोई उद्यान अथवा सामुदायिक सेवा परियोजनाओं का संचालन कर सकती हैं। इससे भी अधिक महत्त्वपूर्ण यह है कि वे विद्यार्थियों के लिए ऐसे व्यावहारिक प्रयोगशाला के रूप में कार्य करती हैं, जहाँ सहयोग केवल पुस्तकों में पढ़ाया नहीं जाता, बल्कि व्यवहार में सीखा जाता है।

विद्यालय सहकारिताओं के माध्यम से छात्र लोकतांत्रिक चुनाव, पारदर्शी लेखा-जोखा, सामूहिक निर्णय-निर्माण, नेतृत्व क्षमता, विवाद समाधान, सामूहिक कार्य तथा नैतिक व्यावसायिक व्यवहार का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करते हैं। वे विविधताओं का सम्मान करना, सामूहिक उत्तरदायित्व निभाना तथा यह समझना सीखते हैं कि स्थायी सफलता व्यक्तिगत प्रतिस्पर्धा की अपेक्षा सामूहिक सहयोग से प्राप्त होती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 अनुभवात्मक अधिगम, व्यावसायिक शिक्षा, जीवन कौशल, उद्यमिता और सक्रिय नागरिकता पर विशेष बल देती है। विद्यालय सहकारिताएँ इन उद्देश्यों की पूर्ति का प्रभावी माध्यम बन सकती हैं। वे विद्यार्थियों में वित्तीय प्रबंधन, सतत विकास, स्थानीय उद्यमिता और सामुदायिक सहभागिता की व्यावहारिक समझ विकसित करती हैं। साथ ही, सहानुभूति, विश्वास और नागरिक उत्तरदायित्व जैसे मूल्यों का विकास करती हैं, जो शांतिपूर्ण और समावेशी समाज की आधारशिला हैं।

**वैश्विक शांति का सहकारी मार्ग:-** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस 2026 की विषय हमें विकास की व्यापक अवधारणा पर पुनर्विचार करने का अवसर प्रदान करती है। ऐसा आर्थिक विकास जो समाज के बड़े हिस्से को पीछे छोड़ देता है, अंततः असंतोष और संघर्ष को जन्म देता है। इसके विपरीत, सहभागी, न्यायसंगत और स्थानीय स्वामित्व पर आधारित विकास मॉडल समुदायों को अधिक सशक्त बनाता है तथा उन्हें सामूहिक रूप से चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनाता है। जब विश्व संघर्षों, आर्थिक अनिश्चितताओं, स्वास्थ्य संकटों और पर्यावरणीय आपदाओं का सामना कर रहा है, तब सहकारी मॉडल अनेक महत्वपूर्ण सीख प्रदान करता है। यह सिद्ध करता है कि व्यवसाय आर्थिक रूप से सफल होने के साथ-साथ सामाजिक रूप से उत्तरदायी भी हो सकते हैं; बिना कमजोर वर्गों को पीछे छोड़े समुदाय विकास कर सकते हैं; और लोकतंत्र केवल राजनीतिक संस्थाओं तक सीमित न रहकर आर्थिक जीवन में भी सशक्त रूप से फल-फूल सकता है।

भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में सहकारिताएँ संविधान में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के मूल्यों का सजीव उदाहरण हैं। वे सामाजिक विभाजनों को कम करती हैं, वंचित वर्गों को सशक्त बनाती हैं, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करती हैं और सहभागी शासन को गहरा करती हैं। विशेष रूप से विद्यालयों और युवा संगठनों के माध्यम से सहकारी शिक्षा में निवेश आने वाली पीढ़ियों में इन मूल्यों को स्थायी रूप से स्थापित कर सकता है। 4 जुलाई 2026 को जब विश्व अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस मनाएगा, तब इसका संदेश स्पष्ट और सार्वभौमिक होगा—स्थायी शांति केवल शक्ति के बल पर नहीं, बल्कि न्याय, समान अवसर, सहभागिता, आर्थिक समानता और मानवीय एकजुटता के आधार पर स्थापित की जा सकती है। सहकारिताएँ हमें यह विश्वास दिलाती हैं कि जब लोग साझा उद्देश्य, पारस्परिक सम्मान और सहयोग की भावना के साथ कार्य करते हैं, तब शांति केवल एक आदर्श नहीं रहती, बल्कि समाज की जीवंत वास्तविकता बन जाती है।

*असिस्टेंट प्रोफेसर, एमिटी यूनिवर्सिटी हरियाणा*



## राशिफल

- **मेषः-** कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। पेशे संबंधी कोई यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार बनेंगे।
- **वृषभः-** स्वयं पर भरोसा रख योजनाओं को सुचारू रुप से क्रियान्वित करें। सगे-संबंधों में सरल व व्यावहारिक बनने की कोशिश करें। अर्थाभाववश चिंता संभव।
- **मिथुनः-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध से मन हतोत्साहित होगा। संबंधों के प्रति कुछ नयी शिकायतें संभव। किसी विद्वान के विचारों से प्रभावित मन में उत्साह का संचार होगा।
- **कर्कः-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव।
- **सिंहः-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। रोजगार में अति व्यस्तता रहेगी किंतु कार्य को समय से पूर्ण करें।
- **कन्याः-** समस्याओं के समाधान हेतु मन नयी-नयी युक्तियों पर केंद्रित होगा। महत्वपूर्ण कार्य के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हो।
- **तुलाः-** मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में संतुलित वाणी का प्रयोग करें। कोई हितैषी बिगड़े हुए संबंधों को सुधरवायेगा।
- **वृश्चिकः-** सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु संतुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में सगे-संबंधियों का सहयोग प्राप्त होगा।
- **धनुः-** नये समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय में संतुलन बनाने का प्रयत्न करें। महत्वपूर्ण कार्य में आलस्य का त्याग करें।
- **मकरः-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम सार्थक होगा। रोजगार में प्रगति संभव।
- **कुंभः-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता से प्रगति के लिए आशान्वित होंगे। सुखद कार्य की व्यस्तता रहेगी।
- **मीनः-** क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न करें। रोजगार में लाभ के नये अवसर प्राप्त होंगे।

# जनता पर वार करने का लाइसेंस?



रत्नेश कुमार

लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति जनता होती है और संविधान उसकी सबसे बड़ी सुरक्षा। लेकिन जब आम नागरिक को यह महसूस होने लगे कि उसकी आवाज़ का महत्व लगातार कम होता जा रहा है, उसकी समस्याएँ सरकार की प्राथमिकताओं से बाहर होती जा रही हैं और सत्ता का झुकाव केवल आर्थिक एवं राजनीतिक रूप से प्रभावशाली वर्गों और पूंजीपतियों की ओर है, तब लोकतंत्र की दिशा और दशा पर गंभीर प्रश्न उठना स्वाभाविक है।

आज का सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि सरकार की जवाबदेही किसके प्रति है–देश की आम जनता के प्रति या उन चुनिंदा पूंजीपतियों और कॉरपोरेट घरानों के प्रति, जिनका आर्थिक प्रभाव लगातार बढ़ता जा रहा है? यदि किसानों, मजदूरों, बेरोजगार युवाओं, छोटे व्यापारियों और वंचित वर्गों की समस्याएँ लगातार बढ़ती रहें, जबकि नीतियाँ मुख्यतः बड़े आर्थिक हितों के अनुकूल दिखाई दें, तो सरकार की प्राथमिकताओं पर बहस होना लोकतंत्र का स्वाभाविक हिस्सा है।

चिंता का विषय तब और गंभीर हो जाता है जब सरकार की नीतियों की आलोचना करने वालों, जनहित के मुद्दे उठाने वालों, सामाजिक आंदोलनों से जुड़े लोगों, बुद्धिजीवियों, पत्रकारों तथा संविधान, लोकतंत्र, न्यायपालिका और अन्य संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता एवं निष्पक्षता की रक्षा की बात करने वालों को संदेह, विरोध या शत्रुता की दृष्टि से देखा जाने लगे। लोकतंत्र में असहमति कोई अपराध नहीं, बल्कि शासन को अधिक उत्तरदायी बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम है।



यह भी व्यापक बहस का विषय रहा है कि सार्वजनिक उपक्रमों, प्राकृतिक संसाधनों, भूमि, परिवहन, शिक्षा और अन्य सार्वजनिक परिसंपत्तियों से जुड़ी नीतियाँ किस सीमा तक जनहित में हैं और किस सीमा तक निजी पूंजीपतियों के हितों को बढ़ावा देती हैं। सरकार का दायित्व केवल आर्थिक विकास के आँकड़े प्रस्तुत करना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। यह लाभ क्षणिक न होकर दीर्घकालिक हो, अंतिम व्यक्त को आत्मनिर्भर बनाने वाली हो।

जब महंगाई, बेरोजगारी, कुपोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा जैसे बुनियादी प्रश्न लगातार बने रहें, तब केवल बड़े निवेश और कॉरपोरेट विकास को उपलब्धि मान लेना पर्याप्त नहीं हो सकता। लोकतंत्र की सफलता का वास्तविक पैमाना आम नागरिक का जीवन स्तर, उसकी गरिमा और उसके अवसर होते हैं।

चुनावी विजय किसी भी सरकार को शासन चलाने का संवैधानिक अधिकार अवश्य देती है, लेकिन वह जनता के प्रति उसकी जवाबदेही को समाप्त नहीं करती। जनादेश शासन का अधिकार देता है, जनता की आवाज़ को अनसुना करने का नहीं। लोकतंत्र में सरकार की सबसे बड़ी शक्ति उसकी संवेदनशीलता, पारदर्शिता और आलोचना को स्वीकार करने की क्षमता होती है।

सरकारें आती-जाती रहती हैं, लेकिन संविधान, लोकतांत्रिक संस्थाएँ और जनता का विश्वास स्थायी आधार हैं। इसलिए किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की सफलता इसी में है कि वह सत्ता के केंद्रीकरण के साथ नागरिक अधिकारों, सामाजिक न्याय, समान अवसर, संवैधानिक मूल्यों और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दे। यही लोकतंत्र की आत्मा है और यही किसी भी सरकार की सबसे बड़ी कसौटी भी।

साहित्य



## युग चेतना के अमर दीप...!

**संजय एम तराणेकर**

ज्ञान का ज्योति-पुंज निराला,
भारत का उज्ज्वल उजियारा।
युवा चेतना के प्रेरक बनकर,
जग में फैलाई सत्य की धारा।

उठो, जागो, आगे बढ़ते जाओ,
लक्ष्य मिले, तब तक न रुकना।
कर्म ही बने जीवन का साधन,
सत्य-पथ से कभी ना झुकना।

शक्ति, सेवा, प्रेम और साहस,
यही तो तुम्हारा सच्चा धन है।
मानव-सेवा में ही ईश्वर-सेवा,
ये विवेकानंदजी का वचन है।

शिकागो में गूँजती वहीं वाणी,
विश्व ने भारत को हैं पहचाना।
सनातन संस्कृति की महिमा,
हर एक हृदय ने मिलके माना।

युगों-युगों तक प्रेरणा देते रहो,
भारत का गौरव उसकी शान।
हे युगदृष्टा स्वामी विवेकानंद!
हम करें शत-शत तुम्हें प्रणाम।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### डीएम-एसपी ने टेट परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



फतेहपुर। नगर में आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा-2026 को सकुशल, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों, जिनमें राजकीय बालिका इंटर कॉलेज एवं राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय शामिल हैं, का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डीएम एवं एसपी द्वारा परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, सघन चेकिंग, सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली तथा परीक्षा कक्षों की निगरानी व्यवस्था का जायजा लिया गया। साथ ही ड्यूटी में तैनात पुलिस कर्मियों एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

### खबर का असर: डीआरएम झांसी ने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर समस्याएं दूर कराने का दिया आश्वासन



कुलपहाड़/महोबा। डीआरएम झांसी अनुरुद्ध कुमार ने अमृत भारत फेज टू रेलवे स्टेशन कुलपहाड़ का निरीक्षण कर एक सप्ताह में पंखे लगवाने सहित डिस्प्ले बोर्ड व पेयजल की समस्या अविलंब दूर किए जाने का आश्वासन दिया है। बता दें कि बीते दो दिन पूर्व झांसी में रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति की बैठक डीआरएम की मौजूदगी में आयोजित की गई थी। जिसमें नगर के सलाहकार समिति के सदस्य सगीर खान पहलवान ने उपस्थित रहकर अमृत भारत रेलवे स्टेशन कुलपहाड़ की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से रखा था। जिस पर डीआरएम झांसी अनिरुद्ध कुमार ने शुक्रवार को रेलवे स्टेशन कुलपहाड़ का समिति सदस्य की उपस्थिति में निरीक्षण किया। इस दौरान सदस्य सगीर पहलवान ने समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर डीआरएम ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर यात्री प्रतीक्षालय व टीन सैड में पंखे लगवाने का कार्य शुरू करा दिया जाएगा। और प्लेटफार्म पर डिस्प्ले बोर्ड के लिए बिभागीय उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर भेजने की बात कही है। साथ ही उन्होंने प्रतिक्षालय वेटिंग रूम, पेयजल सुविधा व शौचालय में पानी सप्लाई सहित अन्य जन सुविधाओं को जल्द ही दूर किए जाने का आश्वासन दिया।

### उरई कोतवाली पुलिस ने स्नैचिंग मामले में छह आरोपी किए गिरफ्तार, नकदी, मोबाइल व बाइक बरामद



उरई (जालौन)। कोतवाली उरई पुलिस एवं एसओजी सर्विलांस की संयुक्त टीम ने पर्स स्नैचिंग की घटना का सफल अनावरण करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना से संबंधित 16,600 रुपये की नकदी, पांच मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद की है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा दिया गया है। पीड़ित ने कोतवाली उरई में तहरीर देकर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसका पर्स छीन लेने की सूचना दी थी। शिकायत के आधार पर कोतवाली उरई में मु.अ.सं. 379/2026 के तहत धारा 304 बीएनएस में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने शीघ्र खुलासे के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी के पर्यवेक्षण तथा कोतवाली प्रभारी आनंद सिंह एवं एसओजी, सर्विलांस प्रभारी रिंकू सिंह के नेतृत्व में संयुक्त टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, सर्विलांस और मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान घटना में शामिल छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मनीष मिश्रा उर्फ हरि, रजनीश उर्फ अंशु चौधरी, शिवम बाथम, मोहित सोनी, अमित विश्वकर्मा तथा मुन्ना मंसूर के रूप में हुई है। सभी आरोपी जालौन जनपद के निवासी बताए गए हैं और इनकी उम्र लगभग 19 से 20 वर्ष के बीच है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से पर्स स्नैचिंग की घटना से संबंधित 16,600 रुपए पांच मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद की जिसे सीज कर दिया गया है। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी करते हुए आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। पर्स स्नैचिंग जैसी घटनाओं में शामिल अपराधियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। इस सफल कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफपुलिस की सक्रियता का संदेश गया है वहीं आम नागरिकों में सुरक्षा का भरोसा भी मजबूत हुआ है।

### चलती ट्रेनों में महिलाओं के हैंडबैग उड़ाने वाला शातिर दबोचा गया, तीन चोरी के मोबाइल बरामद

उरई (जालौन)। जीआरपी उरई पुलिस ने चलती ट्रेनों में चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से करीब 22,500 रुपये कीमत के तीन चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। आरोपी ने पूछताछ में पिछले छह-सात माह के दौरान चलती ट्रेनों में महिलाओं के हैंडबैग चोरी करने की घटनाएं स्वीकार की हैं। शुक्रवार तड़के करीब 3.50 बजे प्लेटफॉर्म नंबर-1 के पश्चिमी छोर पर रेलवे लाइन के पास चेकिंग के दौरान जीआरपी पुलिस ने बाबूलाल पाल (38) पुत्र राम प्रकाश निवासी ग्राम बनफरा थाना कोतवाली उरई, जनपद जालौन को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक वीवो और दो ओप्पो कंपनी के मोबाइल फोन बरामद हुए। बरामद मोबाइल जीआरपी उरई में दर्ज चोरी के मुकदमों से संबंधित पाए गए। पूंछतांछ में आरोपी ने बताया कि उसने लगभग छह-सात माह पहले तथा पांच-छह माह पहले चलती ट्रेनों में महिलाओं के हैंडबैग चोरी किए थे, जिनमें मोबाइल फोन और नकदी रखी थी। बरामद तीनों मोबाइल उन्हीं वारदातों से जुड़े हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफसंबंधित मुकदमों में आवश्यक धाराओं की बढ़ोत्तरी करते हुए आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तारी टीम का नेतृत्व थाना प्रभारी नागेंद्र सरोज, उप निरीक्षक प्रेमचन्द्र थाना जीआरपी उरई अनु. झांसी, सिपाही राजीव कुमार (विशेष ड्यूटी) थाना जीआरपी उरई, आलोक कुमार थाना जीआरपी उरई, अंजेश कुमार (विशेष डियूटी) थाना जीआरपी उरई ने किया।

# अधिक से अधिक प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार से जोड़ा जाएः डीएम

फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।



जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में जिला कौशल विकास समिति की बैठक गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई। बैठक में जिला समन्वयक द्वारा जनपद के लिए जिला कौशल विकास योजना 2026-27 की तैयार की गयी रूपरेखा को प्रस्तुत किया गया और बताया कि कार्ययोजना मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में विगत माह में जनपद के उद्यमियों, प्रशिक्षण प्रदाताओं के साथ बैठक करके एवं पॉलीटेक्निक व आईटीआई में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों से गूगलशीट के माध्यम से सुझाव प्राप्त करके कार्ययोजना बनायी गई है, जिसमें जनपद की रोजगारपरक आवश्यकताओं एवं मांगों को ध्यान में रखा गया है। जिलाधिकारी ने कहा समिति के गणमान्य सदस्यों/जनपद स्तरीय अधिकारियों और प्रशिक्षण प्रदाताओं से पुनः उनके सुझाव आमन्त्रित कर लिए जाय यदि अन्य कोई नये कोर्स हेतु सुझाव आता है तो कार्ययोजना में सम्मिलित कर सकते हैं। जिला कौशल विकास योजना 2026-27 में सम्मिलित किये गये 50 कोर्सों में सहमति व्यक्त की गई। उन्होंने कहा कि जनपद में दिए जा रहे कौशल प्रशिक्षण में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखें एवं प्रशिक्षित युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार व स्वरोजगार से जोड़े जाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि युवाओं को मुख्यमंत्री युवा उद्यम अभियान से जोड़ा जाय के लिए समन्वय बनाते हुए एक कार्यशाला का आयोजन प्रशिक्षार्थियों एवं प्रशिक्षण प्रदाताओं के साथ की जाय जिससे कि योजना का लाभ उठाते हुए युवा स्वरोजगार की तरफभी बढ़ सकें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, उपायुक्त उद्योग, जिला सेवायोजन अधिकारी, सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक, निदेशक आरसेटी, सहा. श्रमायुक्त, प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई सिविल लाईन, प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई जहानाबाद, एमआईएस मैनेजर, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, कौशल विकास मिशन एवं निजी प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## वरिष्ठ पत्रकार के घर में फायर, जांच में जुटी पुलिस



फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के खलील नगर के रहने वाले वरिष्ठ पत्रकार शाहिद अली पुत्र स्व. मोहम्मद अली के घर में एक बाइक में दो लोग सवार होकर पहुंचे और बीती रात फायर कर दिया और चलते बने। वही सीसीटीवी कैमरे में फायर करते हुए उनका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस दौरान सदर कोतवाली प्रभारी के नाम दिए गए शिकायती पत्र में वरिष्ठ पत्रकार शाहिद अली ने बताया वह रात्रि में सो रहे थे और सुबह जब अपने बेटे को स्कूल छोड़ने के लिए निकले तो शटर के पास एक खाली बुलट पड़ी हुई मिली। इस दौरान मोहल्ले वालों ने बताया कि रात्रि में उनके यहां फायर हुआ है। इस दौरान शाहिद अली ने पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक से फोन पर घटना की पूरी जानकारी दिया और बाईक सवारों की गिरफ्तारी की मांग किया। देखते ही देखते मौके पर सदर कोतवाली प्रभारी हेमंत मिश्रा के साथ भारी फोर्स बल पहुंचा और बाइक सवारों की तलाश में सीसीटीवी कैमरे अलग-अलग स्थान में जो लगे हैं उनको खंगाले गये। जिसमें फायर करता युवक कैमरे में कैद हुआ है। वही शाहिद अली के माने तो उनकी किसी से कोई रंजिश नहीं है फिर क्यों उनके घर में फायर हुआ यह जांच का विषय है। फिलहाल मोहल्ले में दहशत का माहौल है। शाहिद अली खुद ही नहीं समझ पा रहे हैं कि आखिर उनके यहां क्यों फायर हुआ। इस दौरान उन्होंने शक के आधार पर बताया कि कुछ दिन पहले उनके यहां किराएदार रहते थे जिन पर चाकू से हमला किया गया था लेकिन उस मामले का पटाक्षेप हो गया था। अब बाइक सवारों ने क्यों फायर किया यह जांच का विषय है।

# पुलिस मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर शाहनवाज उर्फ साहिल गिरफ्तार, पैर में लगी गोली, साथी फरार

फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।

थाना कल्यानपुर पुलिस ने शुक्रवार तड़के हुई मुठभेड़ में दो दर्जन से अधिक मुकदमों में वांछित हिस्ट्रीशीटर अपराधी शाहनवाज उर्फ साहिल को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसके बाएं पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। वहीं उसका साथी फिरोज मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस की टीमें जुटी हैं। पुलिस के अनुसार, कल्यानपुर थाना क्षेत्र के बिंदकी रोड स्थित दादन खेड़ा मोड़ के पास संदिग्ध बोलेरो वाहन को रोकने का प्रयास किया गया। इस दौरान बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में शाहनवाज उर्फ साहिल पुत्र मंसूर निवासी ग्राम विसहिया, थाना हथिगवा, जिला प्रतापगढ़ घायल हो गया, जबकि उसका साथी फिरोज निवासी ग्राम करारी, थाना करारी, जिला कौशांबी फरार हो गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन, एक अवैध तमंचा 315 बोर, दो खोखा कारतूस, दो मिस कारतूस, एक जिंदा कारतूस, एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन तथा दो हजार रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि शाहनवाज उर्फ साहिल थाना कल्यानपुर में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 131/2026 एवं 136/2026 (धारा 123 एवं 303(2) बीएनएस) में वांछित था। उसके विरुद्ध फतेहपुर सहित अन्य जनपदों के विभिन्न थानों में चोरी, लूट एवं अन्य गंभीर अपराधों से संबंधित दो दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस उसके अन्य आपराधिक इतिहास का भी सत्यापन कर रही है। थाना कल्यानपुर पुलिस ने मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है, जबकि फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि गिरफ्तार



अभियुक्त की पहचान साहिल उर्फ शाहनवाज निवासी ग्राम विसहिया, थाना हथिगवा, जनपद प्रतापगढ़ के रूप में हुई है। आरोपी की कार्यप्रणाली बेहद शातिर थी। वह कानपुर के बस स्टेशन एवं रेलवे स्टेशन के आसपास यात्रियों को सस्ते किराए पर बोलेरो से गंतव्य तक छोड़ने का झांसा देकर अपनी गाड़ी में बैठाता था। रास्ते में वह यात्रियों को नशीला पदार्थ पिलाकर अचेत या अर्धचेतन कर देता और उनके मोबाइल फोन, नकदी, एटीएम कार्ड व अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो जाता था। उन्होंने बताया कि जहरखुरानी की घटनाओं के खुलासे के लिए पुलिस ने सर्विलांस और सीसीटीवी फुटेज का गहन विश्लेषण किया। जांच के दौरान अभियुक्त और उसकी बोलेरो गाड़ी की पहचान हुई, जिसके बाद पुलिस टीम ने घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही अभियुक्त ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में उसके बाएं पैर में गोली लगी और उसे गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उसका साथी फिरोज निवासी करारी, जनपद कौशांबी अंधेरे का लाभ उठाकर भाग निकला। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन, अवैध तमंचा 315 बोर, कारतूस, नकदी, विभिन्न बैंकों के एटीएम कार्ड, मोबाइल फोन तथा अन्य सामान बरामद किया गया है। एसपी ने बताया कि साहिल उर्फ शाहनवाज के विरुद्ध फतेहपुर सहित अन्य जनपदों के विभिन्न थानों में चोरी, लूट, जहरखुरानी और अन्य गंभीर अपराधों के करीब 28 मुकदमे दर्ज हैं। वह हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। पुलिस उससे गहन पूछताछ कर रही है ताकि उसके गिरोह के अन्य सदस्यों और अन्य घटनाओं का भी खुलासा किया जा सके। फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

इन पुलिसकर्मियों की रही अहम भूमिकाः इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी सुमित देव पाण्डेय, उपनिरीक्षक संजय सिंह परिहार, शिवनारायण सिंह, विवेक कुमार, अनुज कुमार मिश्रा सहित कांस्टेबल कुलदीप सिंह, अभिषेक तिवारी, अंकित यादव, प्रेम सागर, अतुल यादव, अंकित पटेल, नीरज कुमार, दुर्गेश सिंह, इंजमाम अंसारी और निलेश कुर्मी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कल्यानपुर पुलिस की इस कार्रवाई को अंतरजनपदीय जहरखुरानी गिरोह के खिलाफ बड़ी सफलता माना जा रहा है।

# किसान का बेटा बना कृषि प्राविधिक सहायक, पूरे गांव में खुशी की लहर

पनवाड़ी/महोबा, समृद्धि न्यूज।

विकास खंड पनवाड़ी क्षेत्र के भरवारा गांव निवासी दीपेश कुमार सुल्लेरे पिता चंद्रशेखर सुल्लेरे का चयन उत्तर प्रदेश कृषि विभाग में कृषि प्राविधिक सहायक पद पर हुआ है। एक साधारण किसान परिवार से आने वाले दीपेश कुमार ने अपनी मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास से यह सफलता प्राप्त कर परिवार, गाँव और जिले का नाम रोशन किया है।दीपेश कुमार की प्रारंभिक शिक्षा गांव के स्वामी निर्गुणानन्द जूनियर हाई स्कूल से हुई। इसके बाद उन्होंने आदर्श पब्लिक इण्टरमीडिएट छतरपुर से इंटर



की तथा पूरनलाल रामप्रकाश डिग्री कॉलेज गहरौली से बी.एससी. (कृषि) की डिग्री प्राप्त की। उच्च शिक्षा के बाद वे लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते रहे और अंततः कृषि विभाग में कृषि प्राविधिक सहायक के पद पर चयनित हुए। चयन की सूचना मिलते ही पूरे गाँव और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएँ दीं। दीपेश कुमार सुल्लेरे ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, एवं बाबा को दिया। उन्होंने कहा यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और पूरी ईमानदारी से निरंतर प्रयास किया जाए, तो सफलता अवश्य मिलती है। ग्रामीणों का कहना है कि दीपेश कुमार की यह उपलब्धि गांव ही नहीं बल्कि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा है। उनका संघर्ष यह संदेश देता है कि कठिन परिश्रम, धैर्य और आत्मविश्वास से हर सपना साकार किया जा सकता है।

## पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह की वर्चुअल जनसुनवाई से फरियादियों को मिली राहत

- एसपी ने समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश

महोबा। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण



हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके। साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

## कूलर की कम्पलेंड ठीक करने आये मैकेनिक से की मारपीट

कोंच (जालौन)। वी-गार्ड कंपनी का मैकेनिक कम्पलेंड ठीक करने के लिए आया लेकिन मैकेनिक की मारपीट कर डाली जिसकी शिकायत मैकेनिक ने पुलिस से करके कार्यवाही की मांग की है। मामला बाबू पैलेस के पास का है जहां पर बी-गार्ड कंपनी में काम करने वाला अमरजीत पुत्र सतीश निवासी मोहल्ला नारो भास्कर जालौन कूलर कंप्लेंट मिलने पर ना मालूम के यहां पर भेजा गया था जिस पर मैकेनिक विवेक की दुकान पर आया और वहीं पर कूलर सही कर दिया लेकिन बिबेक संतुष्ट नहीं हुआ और बिबेक गाली गलौच करने लगा जिस पर मैकेनिक ने कहा कि मैने कम्पनी से आकर सही काम।किया है जिससे बिबेक उत्तेजित हो गया और मैकेनिक की मारपीट कर दी उक्त के सम्बन्ध में अमरजीत ने दिन शुक्रवार को कोतवाली में एक प्रार्थना पत्र देते हुए रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

## हैंडपम्प पर पानी भरने गयी वृद्ध महिला को सर्प ने काटा

कोंच (जालौन)। हैंडपम्प पर पानी भरने गयी एक वृद्ध महिला को पहले से ही बैठे सर्प ने अचानक से महिला को काट लिया जिससे हड़कम्प मच गया और उसे आनन फानन में इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। मोहल्ला जवाहर नगर निवासिनी जुबेदा पत्नी स्वर्गीय स्माइल उर्फ फेंकू अपने घर के बाहर लगे हेडपंप पर पानी भरने गई थी तभी वहां पर बैठे सर्प ने उसके हाँथ में काट लिया और जैसे ही महिला ने सर्प को देखा तो वह हड़बड़ा गयी और चिल्लाने लगी आबाज सुनकर परिजन व पड़ोसी मौके पर आ गए और आनन फानन में जुबैदा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां पर चिकित्सीय देखरेख में इलाज जारी है।

# थाना चरखारी मिशन शक्ति केन्द्र की पहल से पारिवारिक विवाद का सौहार्दपूर्ण समाधान

- पुलिस ने कराया काउंसलिंग उपरांत आपसी सुलह-समझौता

महोबा, समृद्धि न्यूज।

पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे के नेतृत्व में महिला सुरक्षा एवं पारिवारिक विवादों के निस्तारण हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना चरखारी पुलिस द्वारा सराहनीय कार्य किया गया। आवेदिका रीना देवी पत्नी अरुण, निवासी ग्राम अकठोहा थाना चरखारी जनपद महोबा द्वारा अपने



पति अरुण के विरुद्ध गाली-गलौज, मारपीट एवं विवाद किये जाने के संबंध में शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया।

प्राप्त प्रार्थना पत्र के क्रम में दोनों पक्षों को थाना पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र/महिला हेल्पडेस्क पर बुलाया गया, जहां उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा समझाया-बुझाया गया। बताया है कि मामला पारिवारिक विवाद से संबंधित होने के कारण मिशन शक्ति केन्द्र टीम एवं परिवारजनों की उपस्थिति में दोनों पक्षों की काउंसलिंग की गई, जिसमें आपसी संवाद के माध्यम से विवाद को समाप्त करने का प्रयास किया गया। काउंसलिंग उपरांत दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से सुलह-समझौता कर लिया तथा लिखित रूप से अवगत कराया कि अब उनके मध्य कोई विवाद शेष नहीं है और भविष्य में वे सौहार्दपूर्ण ढंग से जीवनयापन करेंगे। दोनों पक्षों द्वारा किसी प्रकार की पुलिस कार्यवाही न करने तथा भविष्य में इस संबंध में कोई शिकायत न करने की बात कही गई।

**आवश्यक सूचना**

सूचित करना है कि पासपोर्ट के अभिलेख में मेरा नाम असगर अब्बास पुत्र सरवर अब्बास से बदल कर सय्यद असगर अब्बास पुत्र सरवर अब्बास माता का पुराना नाम शहर बानो नया नाम सहर बानो निवासी 45, हलवाना मुस्त, डाकखाना लखनौती गंगोह नकुड़ सहारनपुर (उ.प्र) इण्डिया 24 7321 के नाम से जाना जाए। क्योंकि उपरोक्त नाम ही मेरे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड पर अंकित है। मोबाइल 9258197012

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**
**NER-LJN-2026-205**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत् है:- **ई-निविदा सं.: NER-LJN-2026-205; कार्य का नाम:** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल: आनंदनगर-गोंडा सेक्शन:-कौआपुर-तुलसीपुर सेक्शन के बीच इंटरलॉक्ड LC गेट नंबर 123A को डायवर्जन रोड और गेट लॉज के साथ शिफ्ट किया जाना।; **अनुमानित लागत (र):** ₹89,97,237.78; **अग्रिम धन (र):** ₹1,80,000/-; **समापन अवधि:** 03 माह; 1. उपरोक्त ई-निविदा संख्या **NER-LJN-2026-205** के लिए ई-निविदा दिनांक 22.07.2026 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। 2. उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से संबंधित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग**
**मुजाधि/डब्ल्यू-217** **लखनऊ**

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

# प्रशासन ने अवैध रूप से संचालित स्कूल, कोचिंग और लाइब्रेरी की सील

- उरई के स्टेशन रोड एवं करमेर रोड क्षेत्र में चला सघन अभियान

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।

जिला प्रशासन ने शुक्रवार को नगर क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित शिक्षण संस्थानों के विरुद्ध बड़ा अभियान चलाते हुए कई स्कूल, कोचिंग संस्थानों और एक लाइब्रेरी को सील कर दिया। नगर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में उरई विकास प्राधिकरण की इंफोर्समेंट टीम, क्षेत्राधिकारी नगर राजीव कुमार शर्मा तथा बिजली विभाग की संयुक्त टीम ने स्टेशन रोड क्षेत्र में व्यापक जांच और सीलिंग अभियान चलाया। कार्रवाई से संबंधित क्षेत्रों में पूरे दिन हलचल का माहौल बना रहा।

अभियान के दौरान सबसे पहले पंजाब नेशनल बैंक के सामने स्थित गली में एक ही भवन में संचालित मास्टरमाइंड वर्ल्ड पब्लिक स्कूल और जी.एस. कैरियर इंस्टीट्यूट की जांच की गई। प्रारंभिक जांच में आवश्यक मानकों एवं नियमों के उल्लंघन की आशंका के चलते प्रशासन ने दोनों संस्थानों को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया। इसके बाद टीम ने सोम फैक्टर के समीप शिक्षा फाउंडेशन नाम से संचालित कोचिंग संस्थान पर कार्रवाई की। निरीक्षण के उपरांत इस संस्थान को भी सील कर दिया गया। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद लोगों को स्पष्ट किया कि बिना आवश्यक



अनुमति एवं निर्धारित मानकों का पालन किए संचालित होने वाले संस्थानों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी। अभियान का अगला चरण हाथी मंदिर के पास स्थित सुमन प्लाजा के बेसमेंट में संचालित मेंटरशिप प्लस लाइब्रेरी तक पहुंचा। प्रशासनिक टीम ने वहां भी जांच करते हुए सीलिंग की कार्रवाई शुरू कर दी। कार्रवाई के दौरान पुलिस बल तैनात रहा जिससे पूरे अभियान को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जा सके। मौके पर नगर मजिस्ट्रेट, उरई विकास प्राधिकरण की इंफोर्समेंट टीम, क्षेत्राधिकारी नगर राजीव कुमार शर्मा, बिजली विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा पुलिस बल मौजूद रहा। अधिकारियों ने संबंधित संचालकों से आवश्यक अभिलेखों और स्वीकृतियों की भी जानकारी ली। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि शहर में अवैध निर्माण बिना अनुमति संचालित संस्थानों तथा सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी संस्थान को बख्शा नहीं जाएगा। फिलहाल कार्रवाई जारी है और जिला प्रशासन की ओर से विस्तृत आधिकारिक जानकारी तथा सीलिंग के कारणों का विस्तृत विवरण जारी किया जाना शेष है। स्थानीय लोगों की निगाहें अब प्रशासन की अगली कार्रवाई और आधिकारिक बयान पर टिकी हुई हैं।

**कार्यालय नगर पंचायत कुलपहाड़ जनपद-महोबा**

पत्रांकः 162/एन.पी.के./निविदा सूचना/2026-27 दिनांक-02.07.2026

(ई प्रोक्योरमेण्ट नोटिस)
**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सीवरेज एवं जल निकासी योजना अन्तर्गत नगर पंचायत कुलपहाड़ द्वारा निर्माण कार्य की निविदायें दिनांक 04.07.2026 से 13.07.2026 को अपरान्ह 06:00 बजे तक डाउनलोड व ऑनलाइन अपलोड की जायेगी, जिनकी तकनीकी बिड दिनांक 14.07.2026 को प्रातः 11:00 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी, जिन्हें विभाग की बेवसाईट http://etender.up.nic.in पर भी देखा जा सकता है। बिडर को सलाह दी जाती है कि बिड की नियम व शर्तों को ध्यान से पढ़ लें।

**संजीव कुमार**
**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत कुलपहाड़**
**जनपद- महोबा**

**वैभव अरजरिया**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत कुलपहाड़**
**जनपद- महोबा**

# बेसमेंट से चल रहे अस्पताल और पैथोलॉजी सेंटर

**लखनऊ कोचिंग अग्निकांड के बाद बंद कराने के निर्देश, सीएचसी अधीक्षक ने जांच अभियान की कही बात**

**रामसनेहीघाट,बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद रामसनेहीघाट तहसील क्षेत्र में बेसमेंट में अस्पताल और पैथोलॉजी सेंटरों का संचालन बदस्तूर जारी है। सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर संचालित हो रहे ऐसे संस्थान मरीजों की जान जोखिम में डाल रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों की ओर से अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। हाल ही में लखनऊ स्थित एक कोचिंग सेंटर में हुए अग्निकांड के बाद शासन ने प्रदेशभर में बेसमेंट में संचालित अस्पतालों, पैथोलॉजी सेंटरों और कोचिंग संस्थानों को तत्काल बंद कराने के निर्देश जारी किए थे। निर्देश के अनुपालन में मुख्य



चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) ने जिले में विशेष अभियान चलाकर कई अस्पतालों पर कार्रवाई की। साथ ही दो दिन पूर्व सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) अधीक्षकों को पत्र भेजकर अपने-अपने क्षेत्रों में सघन जांच अभियान चलाने तथा बेसमेंट में संचालित अस्पतालों और अवैध पैथोलॉजी सेंटरों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद शुक्रवार को तहसील मुख्यालय के मुरारपुर मोड़ स्थित लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे संचालित मन्नत हॉस्पिटल बेसमेंट में संचालित मिलता रहा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में ऐसे कई अन्य अस्पताल और पैथोलॉजी सेंटर भी नियमों को ताक पर रखकर खुलेआम संचालित हो रहे हैं। ग्रमीणों का कहना है कि कुछ अस्पताल संचालक स्वयं को विशेषज्ञ (एमडी) चिकित्सक बताकर मरीजों का उपचार कर रहे हैं। इससे आम लोग भ्रमित होकर इलाज करा रहे हैं, जबकि कई संस्थानों की वैधता और चिकित्सकों की योग्यता पर भी सवाल उठ रहे हैं। लोगों ने चिंता जताई कि यदि किसी बेसमेंट में संचालित अस्पताल में आग या अन्य कोई दुर्घटना हो जाए तो मरीजों और तीमारदारों को सुरक्षित बाहर निकालना बेहद मुश्किल होगा। ऐसे में किसी भी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। सीएचसी अधीक्षक डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में टीम गठित कर तहसील क्षेत्र में बेसमेंट में संचालित अस्पतालों, अवैध अस्पतालों और बिना मानक के चल रहे।

# ईको-पर्यटन सत्र में खुलेगा नियामतपुर ईको-टूरिज्म स्थल

- प्रकृति, पर्यटन और स्थानीय सहभागिता के संतुलन का मॉडल बनेगा नियामतपुर जयवीर सिंह

**लखनऊ/बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

राजधानी लखनऊ से सिर्फ 45 किलोमीटर की दूरी पर प्रकृति की एक नई दुनिया पर्यटकों का स्वागत करने के लिए लगभग तैयार है। बाराबंकी स्थित नियामतपुर वन क्षेत्र में विकसित किए जा रहे ईको-टूरिज्म प्रोजेक्ट का 95 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। करीब 52.50 लाख रुपये की लागत से तैयार यह टूरिज्म स्थल अगले ईको-पर्यटन सत्र में आम पर्यटकों के लिए खोल दिया जाएगा, जहां उन्हें प्रकृति की गोद में सैर, जैव विविधता




से रूबरू होने और शांत वातावरण का अनूठा अनुभव मिलेगा। पर्यटकों के लिए आधुनिक सुविधाओं के साथ प्रकृति का अनूठा अनुभव इस परियोजना के तहत पर्यटकों के लिए दो किलोमीटर लंबी नेचर ट्रेल (निर्धारित पैदल भ्रमण मार्ग) विकसित की गई है, जहां प्रकृति प्रेमी घने वन क्षेत्र के बीच पैदल भ्रमण करते हुए समृद्ध जैव विविधता, विभिन्न प्रजातियों के पेड़-पौधों, पक्षियों और प्राकृतिक सौंदर्य का करीब से अनुभव कर सकेंगे। यह ट्रेल पर्यटकों को प्रकृति के बीच सुकून भरे वातावरण का अहसास कराने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और वन संपदा के महत्व से भी परिचित कराएगी। आगंतुकों की सुविधा और बेहतर पर्यटन अनुभव को ध्यान में रखते हुए परिसर में आधुनिक हाट, स्वच्छ शौचालय, आकर्षक सेल्फी प्वाइंट, भव्य मुख्य प्रवेश द्वार तथा नाले पर ओवर ब्रिज का निर्माण कराया गया है। इसके अलावा पूरे क्षेत्र में दिशा-निर्देश एवं जागरूकता के लिए साइन बोर्ड लगाए जा रहे हैं। इन साइन बोर्डों पर वन क्षेत्र में पाई जाने वाली विभिन्न पेड़-पौधों की प्रजातियों, उनकी विशेषताओं और पारिस्थितिकी में उनकी भूमिका की जानकारी प्रदर्शित की जाएगी। इससे पर्यटक प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने के साथ-साथ वन क्षेत्र की जैव विविधता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को भी बेहतर ढंग से समझ सकेंगे।

## पैतृक भूमि को लेकर हुई मारपीट में दर्ज नहीं हुआ मुकदमा



**रामनगर, बाराबंकी।** पैतृक भूमि को लेकर हुई मारपीट के मामले मे पुलिस ने अभी तक मामला पंजीकृत नहीं किया।पीड़ित दर दर भटक रहा है।प्राप्त जानकारी के अनुसार यह मामला थाना रामनगर के अन्तर्गत ग्राम कटका का है। छोटे भाई बिलाल ने आरोप लगाया है कि मेंरे बड़े भाई और उनके परिजन मेरे हिस्से की कच्चे एक बीघे भूमि में जबरदस्ती मकान बनाकर कब्जा कर रहे थे।मुझे जानकारी मिली तो मै ससुराल से आकर यह कहाकि जमीन का हिस्सा बंटवारा करके बनाये। पीड़ित के मुताबिक जिससे यह लोग आग बबूला हो गये और मां बहन की गालियो के साथ मुझे मारपीट कर लहूलूहान कर दिया। मेरी पत्नी ने बीच बचाव कराने का प्रयास किया तो दबंग भाई और उनके पुत्रों ने उन्हें भी नहीं बख्शा। पहली तारीख को ही स्थानीय थाने पर मारपीट के घटना की तहरीर दी गयी।

# घर के अंदर घुसे चोर, लॉकर तोड़कर की तीन लाख की चोरी

**हैदरगढ़, बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली क्षेत्र के भिखारी का पुरवा मजरे कनवा गांव में चोर बीती रात परचून एवं फढ़ाही का धंधा करने वाले दुकानदार के बंद घर में रखे लाकर का ताला तोड़कर 3लाख की नगदी सहित लगभग 10 लाख रुपए के सोने चांदी के जेवर चुरा ले गए। चोरी की इस बड़ी घटना के खुलासे को लेकर घटनास्थल पर पहुंची फोरेंसिक टीम द्वारा साक्ष्य जुटाए गए हैं। कनवा गांव निवासी शिव शंकर यादव पुत्र गुरु शंकर यादव की दुकान व मकान हैदरगढ़ बछरावां मार्ग के किनारे कोतवाली क्षेत्र में स्थित भिखारी का पुरवा मजरे कनवा गांव में स्थित हैं। यहां पर वह अपनी पत्नी के साथ निवास करते हैं। गुरुवार रात ससुराल में पारिवारिक कार्यक्रम होने के कारण वह पत्नी को लेकर रात 9:30 बजे ससुराल चले गए थे और कार्यक्रम में शामिल होने के बाद रात रूककर सुबह 7:00 बजे वापस घर पहुंचे। घर के अंदर पहुंचे शिव शंकर और उनकी पत्नी के होश तब उड़ गए जब उन्होंने गैलरी एवं कमरे के तले खुले एवं लाकर का ताला टूटा एवं सामान बिखरा हुआ देखा। लकार में रखे लगभग 10 लाख रुपए कीमत के सोने चांदी की जेवर के अलावा लगभग 3 लाख रुपए की नगदी भी गायब थी। इसकी सूचना उन्होंने तत्काल 112 पुलिस को दी। इतनी बड़ी चोरी की सूचना पर 112 पुलिस के साथ-साथ हल्का दरोगा भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने इसकी जानकारी कोतवाल अनिल कुमार पांडे को दी।

## एसडीएम ने दिलाई नामित सभासदों को शपथ

**रामनगर, बाराबंकी।** तहसील सभागार में चेयरमैन रामशरण पाठक की अध्यक्षता में आयोजित नामित एंव निर्वाचित सभासदो को उपजिलाधिकारी आनन्द कुमार तिवारी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।मुख्य अतिथि श्री तिवारी ने शासन से मनोनीत सभासद एडवोकेट रामकुमार सोनी,इंद्रेश कुमार मौर्य और अनिरुद्ध रावत के साथ उपचुनाव में मोहल्ला धमेडी तीन से निर्विरोध निर्वाचित हुए आशुतोष शुक्ल को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। सामूहिक प्रयास से आदर्श नगर पंचायत अपने लक्ष्य पूर्ण करे। तहसीलदार विपुल कुमार सिंह,नायब त.सैयद तहजीब हैदर,अधिशासी अधिकारी प्रवीण कुमार दुबे,सभासद अवनीश मिश्र,टिंकू तिवारी,केडी खान, इसरार खान,मोहम्मद उस्मान,उदय प्रताप,मोहम्मद सुफियान, रिंकू शुक्ला,राजेश शुक्ला,पूर्व सभासद दयाशंकर तिवारी,बार एसोसिएशन अध्यक्ष शिव प्रकाश अवस्थी,महामंत्री कमलापति तिवारी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता,सभासद एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# बाबा बर्फानी दर्शन के लिए 17 सदस्यीय दल जम्मू रवाना




- व्यापार संगठन अध्यक्ष योगेश द्विवेदी ने सभी का माल्यार्पण कर किया स्वागत
- बर्फानी के दर्शन के लिए पहले से ही मेडिकल, रजिस्ट्रेशन करवाना होता है अनिवार्य

**हैदरगढ़,बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए आज हैदरगढ़ से 17 सदस्यीय दल जम्मू के लिए रवाना हुआ।

पिछले कई सालों से बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए जाने वाले नितिन मौर्य ने बताया कि भोले बाबा में आस्था रखने वाले तो बहुत से लोग हैं लेकिन बहुत कम लोग ही बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए जा पाते हैं क्योंकि इसमें पहले से ही मेडिकल, रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य होता है इस यात्रा पर जाने के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से फिट होना रहता है क्योंकि यह यात्रा काफी कठिन व दुर्गम होती है।

बस स्टॉप पर आज अध्यक्ष आलोक तिवारी और व्यापार संघ के अध्यक्ष योगेश द्विवेदी ने सभी भोले भक्तों को माला व पटका पहनाकर यात्रा के लिए रवाना किया व सुरक्षित यात्रा की बाबा बर्फानी से कामना की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन हैदरगढ़ संरक्षक दादा स्कंद तिवारी, समाजसेवी दीपू तिवारी उपाध्यक्ष सादाब अहमद मंडल प्रभारी विकास पांडे वरिष्ठ सलाहकर वाशिष्ट पांडे संगठन मंत्री सतीश मिश्रा मीडिया प्रभारी विष्णु शुक्ला नवनीत मिश्रा नीलू दया मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन से कटकर बुजुर्ग की मौत

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र अमेठी के कटरा कसारा गांव निवासी 65 वर्षीय राम आसरे जायसवाल की वाराणसी-लखनऊ रेल मार्ग पर ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसा जरबंधन का पुरवा, तारापुर के पास हुआ। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि राम आसरे जायसवाल मेहनतकश और परिश्रमी बुजुर्ग थे। वह साइकिल पर रंग, रोगन और सिंदूर लेकर गांव-गांव फेरी लगाकर बिक्री करते थे और इसी से अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनकी पत्नी का पहले ही निधन हो चुका था। परिवार में उनकी पांच



बेटियां हैं, जिनमें से दो की शादी हो चुकी है, जबकि तीसरी बेटी की शादी तय थी। ग्रामीणों के अनुसार रेलवे ट्रैक के दूसरी ओर मिश्रौली बाजार स्थित है और राम आसरे बाजार से लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि तारापुर क्षेत्र में लंबे समय से अंडरपास निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि अंडरपास बन जाता तो शायद यह हादसा टाला जा सकता था।

## खबरें एक नजर में

### सूचना निदेशक ने पत्रकार बन्धुओं के हितार्थ उठाया कदम



**रायबरेली,समृद्धि न्यूज़।** निदेशक सूचना सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उप्र विशाल सिंह ने बताया कि पत्रकार बन्धुओं के हितार्थ महत्वपूर्ण कदम उठाये गये है। अब पत्रकार बन्धुओं को आयुष्मान कार्ड और आसानी से प्राप्त हो सकेंगे। उन्होने बताया कि जिन पत्रकार बन्धुओं ने आयुष्मान कार्ड के लिए अपना आवेदन किया है और कतिपय कारणों से उनका कार्ड नहीं बन पाया है, वह https://beneficiary.nha.gov.in पोर्टल पर अपने कार्ड का स्टेटस चेक कर सकते है। पोर्टल पर नाम प्रदर्शित होने पर किसी भी प्रकार के संसोधन के लिए संबधित जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में सम्पर्क स्थापित कर संसोधन भी करा सकते है। उन्होने यह भी बताया कि जिन पत्रकार बन्धुओं ने अभी तक आयुष्मान कार्ड के लिए अपना आवेदन नहीं किया है या आवेदन किया है और उनका कार्ड नहीं बना है, इसके समाधान हेतु शीघ्र ही ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया जायेगा। पोर्टल शुरू होने के पश्चात पत्रकार बंधु अपने जनपद के जिला सूचना अधिकारी के माध्यम से पोर्टल पर अपना आवेदन उपलब्ध करा सकेंगे। पोर्टल प्रारम्भ होने की सूचना तत्काल उपलब्ध करा दी जाएगी।

### वाहन की टक्कर से महिला की मौत, पहचान में जुटी पुलिस



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिले के त्रिसुंडी चौकी क्षेत्र स्थित औद्योगिक क्षेत्र अंतर्गत बीते देर रात सड़क हादसे में एक अज्ञात महिला की दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सड़क किनारे जा रही करीब 45 वर्षीय महिला को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों ने महिला को सड़क किनारे खून से लथपथ पड़ा देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भादर ले गई, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मृतका मानसिक रूप से विक्षिप्त बताई जा रही है। फिलहाल उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है और सोशल मीडिया के माध्यम से महिला की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश के साथ–साथ मामले की जांच में भी जुटी हुई है।

### ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत चोरी के सामान संग युवक गिरफ्तार



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में संदिग्धों की चेकिंग व अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे ऑपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में थाना रामगंज पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त कौशल विश्वकर्मा उर्फ विधायक पुत्र शिवपूजन विश्वकर्मा निवासी ग्राम सिंगठी थाना पीपरपुर को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से तीन बोरियों व एक प्लास्टिक की झाल में एक प्रेशर कुकर, एक हैण्डपम्प का हेड, एक सीलिगं फैन बिना ब्लेड, एक भगौना, एक पीतल का घण्टा व किताबें बरामद हुई हैं। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि यह सामान चोरी का है जिसे करीब 10 दिन पहले दूल्हाराय जू.हा. स्कूल भादर से रात में चोरी किया था। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना रामगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# हल्की बारिश में ही सड़कों पर जलभराव सफाई व्यवस्था पर उठे सवाल



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

सवालों के घेरे में रही नगर पंचायत अमेठी की सफाई व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। हल्की बारिश के बाद ही कस्बे के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई है। अभी कुछ दिन पहले देवीपाटन मंदिर के गर्भगृह तक पानी भर जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसने नगर पंचायत की तैयारियों की पोल खोल दी थी। अब अमेठी कस्बे के कई मोहल्ले की सड़कों पर जलभराव और गंदगी से स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सैकड़ों लोगों का आवागमन प्रभावित होने के साथ ही वहीं, लंबे समय तक गंदा पानी जमा रहने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ने और संक्रामक बीमारियों का खतरा भी मंडरा रहा है। स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन से जलनिकासी की समुचित व्यवस्था कराने और सफाई अभियान चलाकर समस्या का शीघ्र समाधान करने की मांग की है।

## 19 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न हो रही उप्र टीईटी सम्पन्न

**रायबरेली,समृद्धि न्यूज़।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ ने बताया कि उ0प्र0 शिक्षक पात्रता की परीक्षा जनपद के 19 परीक्षा केन्द्रों पर सकुशल सम्पन्न हुई। परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु अधिकारियों द्वारा निरन्तर भ्रमणशील रहकर लगातार निगरानी की गई। आज की आयोजित परीक्षा में प्रथम पाली में कुल 8544 अभ्यर्थियों में से 7929 अभ्यर्थी उपस्थित व 615 अभ्यर्थी अनुपस्थित एवं द्वितीय पाली में कुल 8544 अभ्यर्थियों में से 8055 अभ्यर्थी उपस्थित व 489 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें, इस प्रकार दोनों पालियों में कुल 17088 अभ्यर्थियों में से 15984 अभ्यर्थी उपस्थित व 1104 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें।

# लावारिश हालात में पड़े मिले आधार कार्ड



- सूचना मिलते ही मौके पर जुटी लोगों की भीड़

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

सदर तहसील गेट के सामने कूड़े के ढेर में बड़ी संख्या में आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। मामले की जानकारी प्रशासन को दी गई, जिसके बाद नायब तहसीलदार और डाक विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा सभी आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच के दौरान आधार कार्ड पर मौजूद बारकोड को स्कैन करने का प्रयास किया गया, लेकिन बारकोड स्कैन नहीं हो सका। इससे दस्तावेजों की प्रामाणिकता को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं और फर्जीवाड़े की आशंका भी जताई जा रही है। हालांकि प्रशासन का कहना है कि जांच पूरी होने से पहले किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं होगा।

**एसडीएम ने दिए जांच के आदेश**

मामले की गंभीरता को देखते हुए सदर एसडीएम गौतम सिंह ने विस्तृत जांच के आदेश दिए हैं। जांच में यह पता लगाया जाएगा कि कूड़े में मिले आधार कार्ड असली हैं या फर्जी तरीके से तैयार किए गए हैं। साथ ही यह भी जांच का विषय है कि यदि ये वास्तविक दस्तावेज हैं तो इन्हें किसने और किन परिस्थितियों में यहां फेंका। प्रशासन यह भी पता लगाने का प्रयास कर रहा है कि दस्तावेज किसी लापरवाही का परिणाम हैं, किसी एजेंसी द्वारा अनुचित तरीके से नष्ट किए गए हैं या फिर इसके पीछे किसी प्रकार का संगठित फर्जीवाड़ा है। जांच के लिए संबंधित विभागों से भी जानकारी जुटाई जा रही है।

इस घटना के सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में चिंता का माहौल है। लोगों का कहना है कि यदि आधार जैसे महत्वपूर्ण पहचान पत्र इस तरह कूड़े में मिल रहे हैं तो यह सुरक्षा और गोपनीयता से जुड़ा गंभीर मामला है। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि जांच निष्पक्ष तरीके से कराई जाएगी और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# राजस्व को चूना लगाकर प्राइवेट वाहन से ढोए जाते हैं बच्चे

- स्कूली वाहन पर युवक ने किया हमला बच्चे हुए घायल
- स्वदेश सरस्वती शिशु मंदिर में चल रहे है प्राइवेट वाहन

**संतोष सिंह**

**महाराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** जब सैया है कोतवाल तो डर काहे का ये बात इस समय स्वदेश सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल पर सटीक बैठ रही है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा संचालित महाराजगंज का ये विद्यालय अक्सर नियम और कानून को ताक पर रखकर काम करने के लिए जाना जाता रहा है। मौजूदा समय में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है




तो इस विद्यालय ने नियम और कानून न मानने की कसम खा ली जहां एक ओर राजस्व को जमकर नुकसान हो रहा है तो वहीं बच्चों का जीवन भी खतरे में बना रहता है। मानक के अनुरूप न चलवा कर प्राइवेट वाहनों से बच्चों को ढोया जाता है। और वाहनों का टैक्स का परमिट भी नहीं होता और वह टैक्सी गाड़ियां भी नहीं होती लोगों की प्राइवेट गाड़ियां लगाकर लगातार विद्यालय नियम की धज्जियां उड़ा रहा है ।ताजा मामला गुरुवार सुबह स्कूली वैन यूपी 33 सी बी 9086 पूरे रानी महराजगंज से बच्चों को लेकर विद्यालय आ रही थी इसी दौरान सड़क किनारे खड़े अखिलेश मौर्या को वाहन से टक्कर लग गई जिससे वह साइकिल समेत गिर गया आरोप है कि इसके बाद आक्रोशित अखिलेश मौर्या द्वारा चालक अखिलेश के साथ मारपीट शुरू कर दी चालक किसी तरह जान बचाकर वहां से भाग तो आरोपी ने लाठी से स्कूली वैन पर हमला कर दिया हमले में वैन के शीशे टूट गए जिससे अंदर बैठे 6 बच्चों में चीख पुकार मच गई टूटे हुए शीशे के टुकड़े छात्र युवराज के चेहरे पर लग गए जबकि एक अन्य छात्र भी घायल हो गया वही घायलों को लेकर उनके परिजन कोतवाली पहुंचे जहां पर अखिलेश के खिलाफ तहरीर भी दी गई और मीडिया में अभिभावकों ने बयान भी दिया लेकिन उसके बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया और जिस प्राइवेट गाड़ी से बच्चों को ढोया जाता रहा है उसका तो कहीं जिक्र भी नहीं हुआ और ले देकर मामला निपटा दिया गया। नौनिहालों के जीवन के साथ प्राइवेट वाहन जहां खेल रहे हैं तो वही योगी आदित्यनाथ की सरकार द्वारा समस्त विद्यालयों के वाहनों की जांच के आदेश भी दिए गए थे वहीं सरस्वती शिशु मंदिर का यह विद्यालय प्राइवेट गाड़ी चलवा कर और उसमें बच्चों का जीवन खतरे में डालकर ऊंची पहुंच और पकड़ की ओर साफ इशारा करता हुआ नजर आ रहा है।

## सूखे कुएं में मिला बुजुर्ग का शव, हत्या की आशंका



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र अमेठी के हथकिला शिवालय के पास स्थित एक सूखे कुएं में एक बुजुर्ग का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस, फायर सर्विस टीम और ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला गया। इसके बाद बुजुर्ग को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान हथकिला टोला निवासी ननकऊ उम्र 75 वर्ष पुत्र जीबोध के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह गुरुवार दोपहर घर से निकले थे, जिसके बाद उनका कोई पता नहीं चला। शाम को गांव के कुछ लोग बकरी चराने के दौरान बाग में पहुंचे तो उन्होंने कुएं में शव देखा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फोरेंसिक साक्ष्यों के आधार पर ही मृत्यु के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गहन जांच कर रही है।

# जि.पं. की संपत्तियों का होगा सर्वे, अवैध कब्जों पर डीएम सख्त

- सात दिन में सर्वे रिपोर्ट देने के निर्देश, अवैध कब्जों और सिकमी किरायेदारों की होगी जांच

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने जिला पंचायत की संपत्तियों, निर्माण कार्यों और मानचित्रों की समीक्षा करते हुए अवैध कब्जों एवं अवैध प्लाटिंग पर कड़ा रुख अपनाया है। कैंप कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सात दिन के भीतर विस्तृत सर्वे कर स्पष्ट रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला पंचायत की परिसंपत्तियों पर संभावित अवैध कब्जों तथा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित जिला पंचायत की दुकानों में सिकमी किरायेदारों एवं अन्य अवैध कब्जों की जांच कराने के लिए अवर अभियंताओं को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सर्वे पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता से किया जाए तथा जहां भी अनियमितता मिले, उसकी स्पष्ट रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। इसके अलावा जनपद में हो रही अवैध प्लाटिंग पर भी जिलाधिकारी ने सख्ती दिखाते हुए सभी अवर अभियंताओं को अपने-अपने क्षेत्र में सात दिनों के भीतर सर्वे कर विस्तृत आख्या देने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी, अधिशासी अभियंता, अभियंता, अवर अभियंता तथा समस्त वसूली कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डीएम के स्पष्ट आदेश के बाद भी पिपरिया प्रकरण ठंडे बस्ते में!

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** विकासखंड बेहटा की ग्राम पंचायत पिपरिया में मनरेगा से जुड़े कथित भ्रष्टाचार के मामले में जिलाधिकारी के स्पष्ट आदेशों के बावजूद विभागीय कार्रवाई लंबित होने से प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि संबंधित अधिकारियों ने उच्चाधिकारियों को भ्रामक जानकारी देकर पूरी कार्रवाई को फाइलों में दबा दिया। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत पिपरिया निवासी पदुम कुमार ने ग्राम रोजगार सेवक ओमप्रकाश तिवारी पर मनरेगा कार्यों में गंभीर अनियमितताओं की शिकायत जिलाधिकारी से की थी। मामले की जांच उपायुक्त श्रम एवं रोजगार से कराई गई, जिसमें शिकायत सही पाई गई। इसके बाद जिलाधिकारी के कार्यालय आदेश संख्या–241, दिनांक 03 जून 2025 के तहत ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव और ग्राम रोजगार सेवक के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए। डीएम के आदेश के अनुपालन में 16 जून 2025 को लहरपुर कोतवाली में तीनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया। इसके बाद संबंधित आरोपियों ने न्यायालय से गिरफ्तारी के संबंध में अंतरिम राहत प्राप्त कर ली। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि न्यायालय का आदेश केवल गिरफ्तारी से संबंधित था, विभागीय कार्रवाई पर कोई रोक नहीं थी, फिर भी उसी आदेश का हवाला देकर विभागीय कार्रवाई रोक दी गई। आरोप यह भी है कि संबंधित अधिकारियों ने उच्चाधिकारियों को यह बताकर गुमराह किया कि कोर्ट से स्टे मिलने के कारण कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती। ग्रामीणों और शिकायतकर्ताओं ने जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी से पूरे प्रकरण की समीक्षा कर विभागीय कार्रवाई की वर्तमान स्थिति सार्वजनिक करने, यदि किसी अधिकारी ने आदेशों के अनुपालन में लापरवाही या अनावश्यक विलंब किया है तो उसकी जवाबदेही तय करते हुए नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है।

# सपा विधायक ने रीवा गांव में लगाया आम का पौधा

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

हरियाली बढ़ाने और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से योगी सरकार ने मंगलवार से राज्यव्यापी वन महोत्सव की शुरुआत कर दी है। यह अभियान 1 जुलाई से 7 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान प्रदेशभर में आम बहार-आपके द्वार अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत आम की देशी और अन्य प्रजातियों के पौधों का बड़े स्तर पर वितरण करने के साथ ही पौधों का रोपण किया जाएगा।

इसके साथ ही एक जुलाई से शुरू हुए वन महोत्सव कार्यक्रम के आम-बहार आपके द्वार अभियान के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम बछरावां विधानसभा के सपा विधायक श्याम



सुंदर भारती व वन क्षेत्र अधिकारी बछरावां विक्रमजीत सिंह ने शुक्रवार को रीवा गांव में आम व पीपल के पेड़ का रोपण कर कार्यक्रम की शुरुआत की इस दौरान बछरावां विधायक श्याम सुंदर भारती ने कहा कि लगातार बढ़ती गर्मी, बदलते मौसम और पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण और जनभागीदारी ज़रूरी है। वहीं कार्यक्रम में मौजूद वन क्षेत्र अधिकारी विक्रम जीत सिंह ने कहा कि पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचने के लिए वन संरक्षण बेहद जरूरी है इसी उद्देश्य से वन विभाग प्रदेशभर में लोगों को पौधे लगाने के साथ-साथ उनके संरक्षण और रख-रखाव के प्रति भी जागरूक जाएगा। रीवा गांव में आयोजित वन महोत्सव कार्यक्रम में शिवगढ़ बीट के वन दरोगा रोशन कुमार पाल, फॉरेस्ट गार्ड श्यामबाबू सहित वन विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

# उपमुख्यमंत्री ने डॉ. अभिषेक अवस्थी को विशेष चिकित्सा अवार्ड से किया सम्मानित

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर के मोहल्ला रामनगर निवासी एवं हाल ही में दिवंगत हुए डॉ. बी.एन. अवस्थी के सुपुत्र, डॉ. अभिषेक अवस्थी (बीडीएस, एमडीएस), डायरेक्टर, आस्था डेंटल क्लिनिक एंड इम्प्लांट सेंटर, कल्याणपुर (कानपुर) को चिकित्सा एवं जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए ÷विशेष चिकित्सा अवार्ड-2026÷ से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने प्रदान किया। डॉ. अवस्थी को यह सम्मान ओरल कैंसर जागरूकता अभियान, निःशुल्क ओरल एवं डेंटल जांच शिविरों तथा जनहित में किए जा रहे सतत चिकित्सा एवं सामाजिक कार्यों के लिए मिला। उन्होंने विद्यालयों, महाविद्यालयों, थानों, पुलिस लाइन सहित विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर हजारों लोगों को मौखिक स्वास्थ्य, ओरल कैंसर की समय पर पहचान और बचाव के प्रति जागरूक किया है। सम्मान प्राप्त करने पर डॉ. अभिषेक अवस्थी ने कहा कि यह उपलब्धि उन्हें समाजसेवा के लिए और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देती है। उनका लक्ष्य प्रत्येक व्यक्ति तक बेहतर दंत चिकित्सा सेवाएं पहुंचाना और ओरल कैंसर की समय रहते पहचान एवं रोकथाम के प्रति लोगों को जागरूक करना है। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों, शुभचिंतकों और चिकित्सा जगत से जुड़े लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए इसे छिबरामऊ और जनपद कन्नौज के लिए गौरव का विषय बताया।

# तेराजाकेट में बीजेपी इंटर कॉलेज में सपा शिक्षक सभा ने किया पौधरोपण

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज**



बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इंटर कॉलेज तेराजाकेट में समाजवादी शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष अमित कुमार यादव की अगुवाई में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में गोष्ठी का भी आयोजन हुआ। पेड़ जीवन का आधार हैं गोष्ठी को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव ने छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के टिप्स दिए। उन्होंने कहा, पेड़ जीवन का आधार हैं। एक पेड़ सैकड़ों लोगों को ऑक्सीजन देता है। सभी विद्यार्थी अपने जन्मदिन या विशेष अवसरों पर कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं और उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी लें। पर्यावरण बचाकर ही हम आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य दे सकते हैं। कार्यक्रम में समाजवादी शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष अमित कुमार यादव के साथ मोहम्मद राशिद खान, उमेन्द्र सिंह, कल्पेन्द्र सिंह, रंजीत कुमार, विवेक यादव, पंकज पाल, सचिन कुमार, शेखर कश्यप सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे। इस दौरान विद्यालय परिसर में छायादार व फलदार पौधे लगाए गए।

## खेत की मेड़ पर विवाद में मारपीट पीड़िता ने कार्रवाई की लगाई गुहार

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भगवंतपुर निवासी रूबी पत्नी श्यामबाबू ने खेत की मेड़ को लेकर हुए विवाद में मारपीट और अभद्रता का आरोप लगाते हुए पूर्व राज्यमंत्री एवं विधायक अर्चना पांडेय को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता के अनुसार 27 जून को वह अपने खेत की मेड़ पर सीमेंट के पिलर लगवा रही थीं। आरोप है कि गांव के कुछ लोग मौके पर पहुंचे और पिलर उखाड़कर फेंक दिए। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके पति, सास तथा उनके साथ मारपीट की। पीड़िता का कहना है कि मारपीट के दौरान उनके कान की कुंडल भी गायब हो गई। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि घटना की सूचना पुलिस को देने के बावजूद अब तक उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। विधायक प्रतिनिधि की ओर से शिकायती पत्र पर कोतवाली प्रभारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

# लूट व छिनैती करने वाले दो आरोपियों को दबोचा

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**




कोतवाली पुलिस ने लूट और छिनैती की घटनाओं का खुलासा करते हुए एक शातिर युवक और एक बाल अपचारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो एंड्रॉयड मोबाइल, 27 हजार रुपये नकद, एक अवैध .315 बोर तमंचा, एक जिंदा कारतूस, पल्सर-160 मोटरसाइकिल, स्टील का टिफिन और पानी की बोतल बरामद की है। कोतवाली प्रभारी कपिल दुबे ने बताया कि पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देश पर पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार को सौरिख रोड स्थित सुजुकी एजेंसी के पास से विवेक बाथम निवासी मनिकापुर और एक बाल अपचारी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने एक जुलाई को उमेंद्र कॉलोनी रामपुर बैजू के पास रीना देवी से पर्स लूटने की वारदात स्वीकार की। इस घटना में लूटा गया इनफिनिक्स मोबाइल, ब्राउन रंग का पर्स और दो हजार रुपये बरामद किए गए। इसके अलावा फरवरी माह में खोजीपुर, सौरिख रोड पर महिला से पर्स लूटने की घटना भी कबूल की, जिसमें रियलमी मोबाइल, स्टील टिफिन, निरलोन पानी की बोतल और 25 हजार रुपये नकद बरामद हुए। पुलिस के अनुसार घटना में प्रयुक्त पल्सर बाइक भी बरामद कर ली गई। आरोपी विवेक ने बताया कि एक मुकदमे में जेल जाने और जमानत पर हुए खर्च के कारण उसने लूट की वारदातें शुरू कीं। वह सोशल मीडिया पर झपटमारी के वीडियो देखकर अपराध करने के तरीके सीखता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया है।

## आरबी पब्लिक स्कूल ने डॉक्टरों को किया सम्मानित



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** आरबी पब्लिक स्कूल में नए शिक्षा सत्र के स्वागत और डॉक्टर्स डे के अवसर पर डॉक्टरों के समर्पण भाव की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया।

सुबह विद्यालय खुलते ही नन्हें-मुन्ने बच्चे उत्साह के साथ पहुंचे। प्रधानाचार्या माधवी सिंह, गुंजन श्रीवास्तव, शायमा खान, शीलू खान और मीरा वर्मा ने फूलों और मुस्कान के साथ बच्चों का स्वागत किया। डॉक्टर्स डे पर विद्यालय प्रबंधन ने स्थानीय चिकित्सकों को माल्यार्पण और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. जे.के. वर्मा, डॉ. गणेश चतुर्वेदी, डॉ. विभांशु चतुर्वेदी, डॉ. रबी वर्मा को प्रबंधक राजीव शुक्ला एडवोकेट ने तथा डॉ. चेतना वर्मा को प्रधानाचार्या माधवी सिंह ने सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रबंधक राजेश शुक्ला ने कहा डॉक्टर समाज की रक्षा करने वाले देवदूत हैं। उनकी निस्वार्थ सेवा और रात-दिन की मेहनत के बिना समाज का स्वास्थ्य संभव नहीं है। नई पीढ़ी को डॉक्टरों के प्रति सम्मान का भाव सिखाना हमारा दायित्व है। उन्होंने बच्चों को नई सत्र में उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# करोड़ों के सुंदरीकरण के कार्य गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल

- तिरछे लगाए जा रहे झूलों से बच्चों की सुरक्षा पर चिंता

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



गंगेश्वरनाथ मंदिर के निकट स्थित ऐतिहासिक तालाब का केंद्र सरकार की अमृत सरोवर योजना के तहत 3.90 करोड़ रुपये की लागत से सुंदरीकरण कराया जा रहा है। निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। परिसर में बच्चों के लिए झूले, युवाओं के लिए ओपन जिम, पौधरोपण और बैठने के लिए बेंच लगाने का कार्य भी तेजी से चल रहा है।

इसी बीच कार्य की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठने लगे हैं। शासन द्वारा नामित सभासद संजीव चौहान ने निरीक्षण के दौरान आरोप लगाया कि बच्चों के झूले बिना सही नाप-जोख और लेवलिंग के लगाए जा रहे हैं। कई झूले तिरछे दिखाई दे रहे हैं, जिससे उनके जल्द खराब होने के साथ बच्चों की सुरक्षा पर भी खतरा मंडरा सकता है। उन्होंने कार्यदायी संस्था से निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप कराने और गुणवत्ता से कोई समझौता न करने की मांग की। वहीं, एमसीएमआर (माई सिटी माई रिस्पांसिबिलिटी) ग्रुप के संचालक गौरव त्रिपाठी अमर ने तालाब परिसर में एक से अधिक प्रवेश द्वार बनाए जाने की मांग उठाई। उनका कहना है कि इससे महिलाओं, बुजुर्गों और अन्य नागरिकों को परिसर तक पहुंचने में सुविधा मिलेगी। शहरवासियों को उम्मीद है कि गुणवत्तापूर्ण निर्माण के बाद गंगेश्वरनाथ तालाब शहर का प्रमुख आकर्षण और लोगों के लिए बेहतर सार्वजनिक स्थल बनकर उभरेगा।

# मुफ्त कोचिंग के लिए आवेदन शुरू : वेद प्रकाश मिश्रा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



अभ्युदय योजना

उत्तर प्रदेश सरकार की अभ्युदय योजना के तहत प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क कोचिंग हेतु आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश मिश्रा ने बताया कि जिले की तीनों तहसीलों में कोचिंग केंद्र संचालित किए जाएंगे। तिर्वा और छिबरामऊ केंद्रों पर नीट व जेईई की तैयारी कराई जाएगी, जबकि सदर क्षेत्र में यूपीएससी, यूपीपीएससी, एनडीए, सीडीएस सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की कक्षाएं चलेंगी। विद्यार्थियों को विशेषज्ञ शिक्षकों का मार्गदर्शन, अध्ययन सामग्री और गेस पेपर भी निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विद्यार्थियों की संख्या बढ़ने की संभावना को देखते हुए सदर क्षेत्र में एक अतिरिक्त केंद्र शुरू करने की तैयारी की जा रही है। आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है और जल्द ही नियमित कक्षाएं शुरू होंगी। इच्छुक छात्र-छात्राओं से समय रहते आवेदन करने की अपील की गई है।

## नैनो उर्वरकों के उपयोग पर जोर

# 16 नई सहकारी समितियों को मिला उर्वरक लाइसेंस

- सहकारिता सप्ताह के तहत कार्यशाला में सचिवों को दिए निर्देश
- किसानों को जैविक खेती के लिए जागरूक करने की अपील

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**




सहकारिता मंत्रालय के पांच वर्ष पूर्ण होने पर मनाए जा रहे सहकारिता सप्ताह के तहत शुक्रवार को विकास भवन स्थित हर्षवर्धन सभागार में इफको कन्नौज के तत्वावधान में नैनो उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए कार्यशाला आयोजित हुई। मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने 16 नई सहकारी समितियों के सचिवों को उर्वरक लाइसेंस वितरित किए।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग से मिट्टी और पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने सहकारी सचिवों से किसानों को जैविक खेती अपनाने और रासायनिक उर्वरकों का संतुलित उपयोग करने के लिए जागरूक करने का आह्वान किया।

जिला कृषि अधिकारी संतलाल गुप्ता ने निर्देश दिए कि किसी भी किसान को निर्धारित मानक से अधिक उर्वरक न दिया जाए तथा वितरण के समय किसान की फार्मर आईडी अनिवार्य रूप से ली जाए। उन्होंने नैनो उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया। अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विजय कुमार मिश्रा ने सचिवों से छोटे किसानों को प्राथमिकता के आधार पर उर्वरक उपलब्ध कराने और नैनो उर्वरकों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा। कार्यशाला में इफको के विशेषज्ञों ने नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, नैनो एनपीके और नैनो सल्फर के लाभ बताए। संचालन अपर जिला सहकारी अधिकारी रामनिवास राणा ने किया। कार्यक्रम में करीब 80 सहकारी सचिव मौजूद रहे।

# अनुदानित माध्यमिक शिक्षकों के चयन-प्रोन्नत वेतनमान के लिए लिखा पत्र

**गुरसहायगंज कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को बेसिक शिक्षा परिषद की तर्ज पर चयन एवं प्रोन्नत वेतनमान की सुविधा समय से दिलाने के लिए अपर मुख्य सचिव, माध्यमिक शिक्षा को पत्र भेजा है। यह जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ कन्नौज के जिला अध्यक्ष अनिल पाठक ने बताया कि महामंत्री अनिरुद्ध त्रिपाठी द्वारा 29 जून 2026 को भेजे गए पत्रांक 06126 में बताया गया कि संघ के प्रतिनिधि मंडल की 10 जून 2026 को अपर मुख्य सचिव से सकारात्मक वार्ता हुई थी। प्रतिनिधि मंडल में संरक्षक राज बहादुर सिंह चंदेल, सदस्य विधान परिषद और अध्यक्ष चेत नारायण सिंह, पूर्व सदस्य विधान परिषद शामिल थे।

मानव संपदा पोर्टल पर विवरण अंकित कराने की मांग पत्र में कहा गया है कि प्राथमिकता के आधार पर बेसिक शिक्षा परिषद में कार्यरत शिक्षकों की भांति अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों को भी चयन व प्रोन्नत वेतनमान की सुविधा सुगमता पूर्वक नियत समय पर मिल सके। इसके लिए इन शिक्षकों के मानव संपदा पोर्टल में आवश्यक विवरण अंकित कराकर शीघ्रातिशीघ्र लागू कराया जाए। संघ ने अपर मुख्य सचिव से अपेक्षा की है कि इस हेतु आवश्यक आदेश/निर्देश जारी किए जाएं।

# दूध व्यापारी सहित दो के घर से चोरों ने पार किए जेवरात व नकदी

- मामला कन्नौज जिले के थाना ठठिया क्षेत्र के गांव भुन्ना का
- डॉग स्क्वायड के साथ मौके पर पहुंची पुलिस ने शुरू की जांच पड़ताल

**ठठिया/कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



शातिर चोरों ने मौके का फायदा उठाकर चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। दूध व्यापारी सहित दो ग्रामीणों के घरों से लाखों रुपए के जेवरात और नकदी पार कर दी गई।

जानकारी के मुताबिक थाना ठठिया क्षेत्र के गांव भुन्ना में बीती रात शातिर चोरों ने अपना ठिकाना बनाने के बाद चोरी की वारदातों को अंजाम दिया। गांव के रहने वाले आलोक शुक्ला के मुताबिक वह पशुपालन और दूध का व्यापार करते हैं। बीती रात चोरों ने उनके आवास से ज्वैलरी में दो सोने की चेन, चार सोने की अंगूठी, तीन जोड़ी कान के झाले, कान के टॉप्स, तीन जोड़ तोड़ियां, चांदी की कमर पेटी, सहित 23 हजार रुपए की नकदी पार कर दी। चोरों ने यहां वारदात को अंजाम देने के साथ ही उपरोक्त व्यापारी के मकान के निकट ही करीब 50 मीटर दूर स्थित एक अन्य ग्रामीण वीरेंद्र चतुर्वेदी के आवास पर पर निशाना साधा। यहां से शातिर चोरों ने घर में घुसने के बाद चार जोड़ी चांदी की पायल, दो सोने की अंगूठी, मंगलसूत्र, तीन जोड़ी कान की सोने की बाली, कान के झुमके, सीने की माला और जंजीर के अलावा नकदी भी पार कर दी।

चोरी की वारदातों को अंजाम देने के लिए शातिर चोरों ने उपरोक्त दोनों ग्रामीणों के घरों पर रखे बक्सों को उठाया और खेतों की ओर ले जाने के बाद उसमें मौजूद उपरोक्त ज्वैलरी और नकदी पार करने के बाद खाली बक्सों को खेतों पर ही फेंक दिया और रफूचक्कर हो गए।

सुबह घटना की सूचना पर ग्रामीणों और उपरोक्त दोनों पीड़ित ग्रामीणों के परिजनों में हड़कंप मच गया। मामले की सूचना के बाद थाना ठठिया पुलिस मौके पर पहुंची। इसी दौरान डॉग स्क्वायड टीम भी पहुंची। पीड़ित ग्रामीणों के घरों से लेकर खेतों में पड़े समान तक डॉग स्क्वायड टीम और पुलिस ने जांच पड़ताल की। मामले में थाना प्रभारी ने बताया कि, जांच पड़ताल जारी है जल्द ही चोरी की वारदात का खुलासा करके आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

फिलहाल गांव में घटी चोरी की वारदातों से ग्रामीणों में हड़कंप के माहौल है। गांव के ग्रामीणों का कहना था कि, गांव में उनके गाय भैंस बंधे रहते हैं, जिनको शातिर चोर खोल भी ले जाते हैं। उनको चोरों का भय हर रोज सताता रहता है। ग्रामीणों ने मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों से करते हुए गांव में पुलिस सुरक्षा व्यवस्था की मांग की है।

# भविष्य ज्योति प्रतिभा सम्मान समारोह में सरस्वती विद्या मंदिर तिर्वा के मेधावियों का किया गया सम्मान

**तिर्वा/कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



- जनपद मेरिट सूची में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर छात्रों को मेडल-प्रशस्ति पत्र
- प्रधानाचार्य अनिल मिश्रा भी हुए सम्मानित

तिर्वा स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज के सभागार में शुक्रवार को ÷भविष्य ज्योति प्रतिभा सम्मान समारोह÷ में वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। माध्यमिक शिक्षा परिषद की जनपद मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और मेडल प्रदान किए गए। समारोह में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, तिर्वा के सर्वाधिक मेधावी विद्यार्थियों ने जनपद में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्रा को शॉल एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ऊर्जा राज्य मंत्री कैलाश राजपूत ने कहा कि सफलता का आधार कठिन परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण है। उन्होंने विद्यार्थियों से निरंतर सीखने और समाज व राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए शिक्षा को सफलता का सबसे सशक्त माध्यम बताया और समय के सदुपयोग तथा चरित्र निर्माण पर बल दिया। समारोह में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, उपजिलाधिकारी शालिनी वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज, अभिभावक, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। समारोह ने सम्मानित विद्यार्थियों और उनके परिजनों में उत्साह व गर्व का माहौल पैदा किया।

# मेरा युवा भारत अभियान का पोस्टर विमोचित

- डीएम ने विभागों को 15 से 29 वर्ष के युवाओं को जोड़ने के दिए निर्देश

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में मेरा युवा भारत (एमवाई भारत) की प्रथम जिला सलाहकार समिति तथा जिला वृक्षारोपण, जिला गंगा एवं जिला पर्यावरण समिति की संयुक्त बैठक जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने मेरा युवा भारत सघन पंजीकरण अभियान के पोस्टर का विमोचन कर अभियान का शुभारंभ किया। जिला युवा अधिकारी सागर महेश्वरी ने बताया कि एमवाई भारत पोर्टल युवाओं को स्वयंसेवा, नेतृत्व विकास, कौशल संवर्धन, इंटर्नशिप, हैकाथॉन और राष्ट्र निर्माण से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों से जोड़ने का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने अभियान के उद्देश्यों एवं पंजीकरण प्रक्रिया की भी जानकारी दी। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि विद्यालयों, महाविद्यालयों, आईटीआई एवं अन्य प्रशिक्षण संस्थानों के माध्यम से 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के अधिकतम युवाओं का पंजीकरण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि समन्वित प्रयासों से कन्नौज को इस अभियान में प्रदेश के अग्रणी जिलों में शामिल किया जाए।

बैठक के दूसरे चरण में पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए डीएम ने कृत्रिम वेटलैंड निर्माण, बायो-मेडिकल वेस्ट के वैज्ञानिक प्रबंधन, वृक्षारोपण की जियो टैगिंग तथा सड़कों पर कूड़ा फेंकने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# प्रसिद्ध समाजसेवी एवं मोटर यूनियन अध्यक्ष दिवाकर गुप्ता को दी श्रद्धांजलि

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

पश्चिमी बाईपास स्थित गोविंद गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में नेशनल मोटर यूनियन के अध्यक्ष रहे एवं समाजसेवी दिवंगत दिवाकर गुप्ता को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इसमें दलीय सीमाएं तोड़कर बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

कार्यक्रम में दलीय सीमाएं टूटी

नगर के मोहल्ला बुद्ध कूंचा निवासी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बृजेश गुप्ता के छोटे भाई एवं समाजसेवी दिवाकर गुप्ता उर्फ देवू (64) का अकस्मात निधन 21 जून को हो गया था। अपने पिता के चित्र पर पुष्प अर्पित करके भावपूर्ण श्रद्धांजलि देते हुए उनके पुत्र अभिजीत और पुत्रवधू आकांक्षा ने सजल नयनों से कहा कि आपका स्नेह, मार्गदर्शन और प्रेरणा हमेशा हमारे दिलों में जीवित रहेगी। आपने हमें जो मूल्य दिए, वही हमारी सबसे बड़ी धरोहर हैं।

वरिष्ठ सपा नेता एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य बाबा राम प्रकाश यादव ने कहा विशुनगढ़ छिबरामऊ घटियाघाट (फर्रूखाबाद) नेशनल मोटर यूनियन के अध्यक्ष रहे दिवाकर गुप्ता सामाजिक कार्यों में सदैव सक्रिय रहते थे और मोटर यूनियन के माध्यम से परिवहन क्षेत्र से जुड़े लोगों की समस्याओं का समाधान करते थे। हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज प्रबंध समिति के पूर्व अध्यक्ष, गल्ला आलू व्यापारी संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा के नगर अध्यक्ष रहे आलोक गुप्ता टिल्लू ने कहा उनके निधन से न केवल परिवार बल्कि पूरे चिबरामऊ क्षेत्र को अपूर्णीय क्षति हुई है। श्रद्धांजलि देने वालों की भीड़ से गेस्ट हाउस में दलीय सीमाएं टूटती दिखीं।



ऊर्जा राज्य मंत्री कैलाश राजपूत, विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय, पूर्व कांग्रेस विधायक संतोष चतुर्वेदी एडवोकेट, नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे, पूर्व पालिकाध्यक्ष राजीव दुबे, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, किराना एसोसिएशन अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, गल्ला आलू व्यापारी संघ के अध्यक्ष आदेश गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष अनुज गुप्ता जॉनी, पूर्व अध्यक्ष पीयूष गुप्ता प्रीतू, प्रभाकर गुप्ता, नरेश गुप्ता गोल्डी, दीपू चौहान फर्रुखाबाद जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष तहसील सिद्दीकी, कन्नौज से बसपा के पूर्व एमएलसी नौशाद अली, पूर्व विधायक अनिल दोहरे के पुत्र यश दोहरे, सौरिख से दिनेश गुप्ता व महेंद्र सिंह निम सहित जनपद के विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, समाजसेवी एवं अधिवक्ताओं ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## परेड में एसपी ने परखा पुलिस बल का अनुशासन

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित साप्ताहिक शुक्रवार परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। इसके बाद पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवाकर शारीरिक और मानसिक फिटनेस बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने टोलीवार ड्रिल और शस्त्र अभ्यास भी कराया तथा परेड में अनुशासन और एकरूपता बनाए रखने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान एसपी ने परिवहन शाखा में खड़े वाहनों की स्थिति की जानकारी ली। इसके अलावा जीडी कार्यालय, क्वार्टर गार्ड, शस्त्रागार, बैरक, भोजनालय, पुलिस कैंटीन, स्टोर रूम, कंट्रोल रूम, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष, यूपी-112 सहित पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने साफ-सफाई, अभिलेखों के रखरखाव और व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# कंटेनर ने सड़क किनारे खड़ी रोडवेज बस में मारी टक्कर, नवाबगंज के 4 युवक सहित 6 की मौत

- दिल्ली जाते समय बस एटा बागवाला क्षेत्र में खराब होने से घटी घटना
- एक दर्जन के करीब यात्री घायल


मृतकों का फाइल फोटो


रोते बिलखते मृतक के परिजन


घटना स्थल पर मौजूद पुलिस

**फर्रुखाबाद/नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

जनपद एटा के थाना बागवाला क्षेत्र में गुरुवार देर रात एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया। दिल्ली जा रही एक रोडवेज बस को तेज रफ्तार कंटेनर ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण दुर्घटना में फर्रुखाबाद जनपद के कई परिवारों की खुशियां पल भर में उजड़ गई। हादसे में नवाबगंज क्षेत्र के 4 युवकों सहित 6 लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज एटा मेडिकल कॉलेज में चल रहा है, जिनमें से दो की हालत अत्यंत नाजुक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार फर्रुखाबाद से यात्रियों को लेकर दिल्ली जा रही रोडवेज बस संख्या यूपी 46केटी/5485 गुरुवार देर रात एटा के बागवाला थाना क्षेत्र के गांव कीलरमऊ के पास रात 11 बजे में खराब हो गई थी। बस रुकने पर कई यात्री नीचे उतरकर बस के आगे खड़े हो गए और पीछे से धक्का लगाने लगे, जबकि चालक बस की खराबी की जांच कर रहा था। इसी दौरान अलीगंज की तरफसे आ रहे एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार कंटेनर संख्या डी0डी0 01एफ9652 ने रोडवेज बस को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस के आगे खड़े यात्री उसकी चपेट में आकर दब गए। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही बागवाला पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। वहीं, दुर्घटना के बाद कंटेनर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी है। इस हादसे की खबर जैसे ही फर्रुखाबाद के नवाबगंज क्षेत्र में पहुंची। पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। मृतकों में नवाबगंज के तीन युवक शामिल हैं, जिनके परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। शैलेश माथुर निवासी उम्मरपुर दिल्ली की एक निजी कंपनी में कार्यरत है। शैलेश अपनी बीमार मां से मिलने गांव आए थे। वह अपनी पत्नी चांदनी और तीन वर्षीय बेटी परी के पास दिल्ली लौट रहे थे। उनकी मौत से पिता जोगराज, मां कमला देवी और भाइयों का रो-रोकर बुरा हाल है। दूसरा आशीष सक्सेना निवासी बिरसिंहपुर आशीष नोएडा में फॉरेस्ट गार्ड की परीक्षा देने जा रहे थे, लेकिन परीक्षा केंद्र पहुंचने से पहले ही काल ने उन्हें अपना ग्रास बना लिया। युवा बेटे की मौत से पिता सुरेश सक्सेना और मां रामवती गहरे सदमे में हैं। तीसरे युवक राजेश कुमार निवासी मोहल्ला दौलतपुर, नवाबगंज कस्बा राजेश पिछले 10 वर्षों से दिल्ली में अपने परिवार पत्नी, दो बेटियों और एक बेटे के साथ रह रहे थे। वह किसी पारिवारिक कार्य से गांव आए थे और वापस लौटते समय इस हादसे का शिकार हो गए। सुखराम पुत्र राजपाल उम्र करीब 30 वर्ष पिलखना फर्रुखाबाद की भी मौत हो गयी। जिनके परिजनों का भी रो-रोकर बुरा हाल है। इसके अलावा अन्य लोग सतेन्द्र पुत्र रामकुमार उम्र करीब 38 वर्ष निवासी भरा थाना सियाना जनपद बुलन्दशहर सहित छह लोगों की मौत हो गयी। इस हादसे में नवाबगंज क्षेत्र के कई अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सुमित पुत्र जयवीर निवासी बालोखर थाना नवाबगंज, विक्रांत पुत्र पंकज सिंह, अतेन्द्र पुत्र रजिस्टर सिंह शामिल है के अलावा रिशू पुत्र मुकेश यादव उम्र करीब 25 वर्ष निवासी खलवाडा अलीगंज, रवि पुत्र राजेश उम्र करीब 17 वर्ष निवासी जयसिंहपुर फर्रुखाबाद, विशाल पुत्र सुग्रीव सिंह उम्र करीब 19 वर्ष निवासी अचलिया बाकलपुर थाना नवाबगंज, नितिन कुमार पुत्र विनोद कुमार उम्र करीब 38 वर्ष निवासी 103 आवास विकास कालोनी एटा, दक्ष पुत्र दिवाकर उम्र करीब 10 वर्ष निवासी नई बस्ती टीपी नगर मेरठ, आनन्द सिंह पुत्र मोहन सिंह उम्र करीब 34 वर्ष निवासी सेक्टर 34 नोएडा, अमन पुत्र भूप सिंह उम्र करीब 24 वर्ष निवासी दुनैया थाना बागवाला एटा के नाम शामिल है। बागवाला थाना पुलिस ने सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फरार कंटेनर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के लिए टीमें रवाना कर दी गई हैं। मृतकों के गांवों में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी हुई है और पूरे क्षेत्र में मातम का माहौल बना हुआ है।

**चार गांवों में पसरा सन्नाटा**

एक ही हादसे में नवाबगंज क्षेत्र के नौगांव बब्बूरी, बिरसिंहपुर, दौलतपुर और उम्मरपुर गांव के चार युवकों की मौत से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। हर गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और हर किसी की जुबान पर यही सवाल है कि रोजी-रोटी और भविष्य की तलाश में निकले इन युवाओं की जिंदगी आखिर इस दर्दनाक हादसे में क्यों खत्म हो गई।

## एसडीएम, बीडीओ और थाना प्रभारी समेत कई अधिकारियों पर कोर्ट में याचिका दायर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज तहसील क्षेत्र में गोवंशों की बदहाली का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शुरू हुआ विवाद अब न्यायालय की चौखट पर पहुंच गया है। भारतीय किसान यूनियन अखंड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह सोमवंशी ने मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी की अदालत में धारा 173(4) के तहत एक प्रार्थना पत्र दाखिल किया है। इसमें कायमगंज के उपजिलाधिकारी अतुल कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारी राजेन्द्र प्रताप, अपराध निरीक्षक महेन्द्र सिंह और कम्पिल थानाध्यक्ष नितिन चौधरी समेत कई प्रशासनिक व पुलिसकर्मियों को आरोपी बनाते हुए मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई है। प्रार्थना पत्र के अनुसार, 29 मई 2026 को वादी नरेन्द्र सिंह सोमवंशी को सुल्तानपुर पलनापुर थाना कम्पिल स्थित गौशाला में गोवंशों की दुर्दशा और उनकी मौत का एक वीडियो मिला था। वादी का आरोप है कि जब उन्होंने इस संबंध में जिला प्रशासन और संबंधित अधिकारियों को अवगत कराने का प्रयास किया, तो कोई उचित संज्ञान नहीं लिया गया। इसके बाद उन्होंने दोषियों के खिलाफकार्रवाई की मांग को लेकर इस वीडियो को मुख्यमंत्री, पुलिस अधीक्षक व अन्य उच्चाधिकारियों को टैग करते हुए फेसबुक पर सार्वजनिक कर दिया। वादी का आरोप है कि वीडियो वायरल होने के बाद उन पर इसे डिलीट करने का दबाव बनाया गया। बात न मानने पर प्रशासन द्वारा कथित रूप से उनके खिलाफथाना कम्पिल में एक झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया गया, जबकि उनका उस गौशाला या वीडियो निर्माण से सीधा कोई लेना-देना नहीं था। आरोप है कि 2 जून 2026 को जब वादी और अन्य किसान यूनियन के कार्यकर्ता एसडीएम से मिलने कायमगंज तहसील परिसर पहुंचे, तो उन्हें जबरन बसों में बैठाकर थाने ले जाया गया और रातभर बंद रखा गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि 4 जून को एसडीएम कायमगंज अतुल कुमार सिंह ने अपने चैंबर में बुजुर्ग किसानों जिनकी उम्र 61 से 79 वर्ष के बीच थी को बुलाकर उनके साथ गाली-गलौज की, लाठियों से मारपीट की और उन्हें मुर्गा बनाया। इस मारपीट में एक बुजुर्ग की रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट आने का भी दावा किया गया है। प्रार्थना पत्र में यह भी कहा गया है कि एसडीएम द्वारा उन्हें मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते हुए फर्जी एनकाउंटर में जान से मारने की धमकी दी गई। वादी नरेन्द्र सिंह सोमवंशी ने कोर्ट को बताया कि उन्होंने इस अमानवीय व्यवहार और मानवाधिकारों के हनन के संबंध में आईजीआरएस पोर्टल और डाक के जरिए पुलिस अधीक्षक को भी शिकायती पत्र भेजा था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। निराश होकर अब उन्होंने मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारीसे सभी आरोपी अधिकारियों व पुलिसकर्मियों के खिलाफप्रथम सूचना रिपोर्ट एफआई दर्ज कराकर उचित कानूनी विवेचना कराने के आदेश देने की गुहार लगाई है। सीजेएम ने सुनवाई के लिए 14 जुलाई की तिथि नियत की है।

## करंट लगने से किशोरी अचेत

**नवाबगंज , समृद्धि न्यूज।** थाना के गांव हुसैनपुर निवासी रामगोपाल की 15 वर्षीय पुत्री सोनम शुक्रवार शाम लगभग साढ़े छह बजे घर के पर ही स्थित खेत पर अपनी बड़ी बहन कीर्ति के साथ घास लेने गई थी। सोनम सिर पर रख कर घर लौट रही थी, सोनम जैसे ही घास लेकर लौटी तो घर के सामने गली में लटक रही बिजली की तार गीली घास में छू गया। जिससे उसमें करंट उतर गया। करंट लगने से सोनम मूर्छित होकर जमीन में गिर पड़ी। पीछे चल रही बड़ी बहन कीर्ति की चीखपुकार सुनकर परिजनों दौड़ कर मौके पर पहुंचे। परिजनों व ग्राम प्रधान दिलीप व किसान नेता सत्यभान झा ने सोनम को उठाकर निजी वाहन से नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां सोनम का इलाज चल रहा है। सोनम के परिजनों ने बताया कि बिजली विभाग को कई बार इन झूलते तारों की शिकायत की। लेकिन बिजली विभाग में अनसुना कर दिया।

## उर्वरक की कालाबाजारी रोकने को मारे छापे, 5 दुकानदारों को नोटिस

- 26 दुकानों का निरीक्षण, 2 नमूने जांच को भेजे, बिना सूचना दुकान बंद मिलने पर कार्रवाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिले में किसानों को तय रेट पर उर्वरक मिले और कालाबाजारी न हो, इसके लिए प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी के आदेश से बुधवार को जिला कृषि विभाग की टीमों ने 26 उर्वरक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की। जिला कृषि अधिकारी शैलेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान 2 उर्वरकों के नमूने गुणवत्ता जांच के लिए लिए गए हैं। इन्हें राज्य स्तरीय प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। अगर जांच में नमूना अमानक पाया गया तो संबंधित विक्रेता का लाइसेंस रद्द करने के साथ कानूनी कार्रवाई भी होगी।

**5 दुकानदार मिले नदारद, थमाया नोटिस**

छापे के दौरान अमृतपुर क्षेत्र के 3 और कायमगंज क्षेत्र के 2 उर्वरक विक्रेता अपनी दुकान बंद कर बिना सूचना गायब मिले। इनकी दुकानों का निरीक्षण नहीं हो सका।

इस पर विभाग ने पांचों को नोटिस जारी किया है। जिन्हे नोटिया दिया गया उनमें न्यू माँ गायत्री बीज भण्डार, अमृतपुर, कन्हैया कृषि सेवा केन्द्र अमृतपुर, खाटू श्याम कृषि सेवा केन्द्र अमृतपुर, एग्री जंक्शन रतनपुर पमारान, अमन खाद एवं बीज भण्डार बनपोई के नाम शामिल है।

**टैगिंग और महंगे दाम पर होगी कार्रवाई**

जिला कृषि अधिकारी ने साफ चेतावनी दी कि छापेमारी आगे भी जारी रहेगी। यदि कोई विक्रेता उर्वरक के साथ टैगिंग करता पाया गया, तय रेट से अधिक वसूली करता मिला या पीओएस मशीन से किसान की जमीन देखकर तय मात्रा से ज्यादा उर्वरक बेचता पाया गया, तो उसके खिलाफउर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 और आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कड़ी कार्रवाई होगी। वहीं विभाग ने किसानों से अपील की है कि जनपद में उर्वरक की लगातार आपूर्ति हो रही है। घबराकर अनावश्यक भंडारण न करें। फसल की जरूरत के हिसाब से संतुलित मात्रा में ही उर्वरक खरीदें और प्रयोग करें।

## टीईटी परीक्षाः डीएम-एसपी ने दूसरे दिन किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

- परीक्षा ड्यूटी में लगे अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी, निष्पक्षता एवं सजगता के साथ करें अपने दायित्वों का निर्वह्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करती डीएम-एसपी

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने संयुक्त रूप से जनपद में आयोजित उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 को लेकर दूसरे दिन क्रिश्चियन इंटर कॉलेज एवं बद्री प्रसाद इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, प्रवेश व्यवस्था, पहचान सत्यापन तथा परीक्षा संचालन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

डीएम एवं एसपी ने परीक्षा ड्यूटी में लगे स्टेटिक मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान सीसीटीवी कैमरों सहित अन्य उपकरणों के संचालन पर निरंतर निगरानी रखें। उन्होंने केन्द्र व्यवस्थापकों एवं कक्ष निरीक्षकों को निर्देश दिए कि परीक्षा पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न कराएं। परीक्षार्थियों को आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराएं तथा परीक्षा संबंधी सभी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा अनुचित साधनों के प्रयोग पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा की पवित्रता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी परीक्षार्थियों से अपील करते हुए कहा कि वे परीक्षा संबंधी नियमों का पालन करते हुए ईमानदारी एवं अनुशासन के साथ परीक्षा में सम्मिलित हों। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों पर सभी व्यवस्थाएँ संतोषजनक पाई गईं तथा परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित होती मिली।

## उपनिदेशक झांसी मण्डल ने ग्राम कुरार का किया निरीक्षण


ग्राम पंचायत का निरीक्षण करते उपनिदेशक झांसी मण्डल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

निदेशक पंचायती राज के निर्देशन में विकास कार्यों की क्रास चेकिंग समीक्षा झांसी मंडल के अधिकारियों ने ग्राम पंचायत में पहुंचकर की और निरीक्षण किया।

विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुरार में निदेशक पंचायती राज उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार झांसी मंडल से आए अधिकारियों ने ग्राम पंचायत में पहुंचकर विकास कार्यों की हकीकत जानी। जिसमें ग्राम पंचायत सचिव सुनील कुमार ने ग्राम पंचायत में रखरखाव तथा व्यवस्थाएं सुदृढ़ पहले से ही कर रखे थे। अधिकारियों के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान निम्न बिंदुओं के अनुश्रवण करने के लिए ग्राम पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय प्रगति तथा व्यक्तिगत शौचालय, निर्माण, आवेदन तथा ओडीएफ सत्यापन, प्लास्टिक बेस्ट, गोवर्धन प्रबंधन तथा आए सृजन हेतु पंचायत गेटवे तथा अन्य समस्त ग्राम पंचायत के विकास कार्यों का जायजा लिया। जिसमें अधिकारियों ने ग्रामीण शौचालय, पंचायत भवन आदि के बारे में जानकारी ली। वहीं अधिकारियों ने बताया कि ए क्लास चेकिंग 12 जनपदों में लागू की गई है। जिसमें सभी विकास कार्यों माही ग्राम पंचायत में बने अंत्येष्टि स्थल आदि का जायजा लिया गया। इस मौके पर उपनिदेशक पंचायती राज झांसी मंडल झांसी अजय आनंद सरोज, एडीओ पंचायत किशन पाल सिंह, ग्राम पंचायत सचिव सुनील कुमार, प्रशासक प्रधान धर्मवीर सिंह सहित अधिकारी कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे।

**विकास कार्यों की क्रास चेकिंग समीक्षा**

## चोरी के माल सहित आरोपी गिरफ्तार, रोडवेज बस से किया था पार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


खुलासा करते सीओ व पीछे खड़ा आरोपी

रोडवेज बस से महिला के सोने-चांदी के आभूषण व नगदी चोरी कर लेने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशानदेही से चोरी किया गया माल बरामद कर लिया गया। जानकारी के अनुसार सीओ नगर ने जानकारी देते हुए बताया कि वादिनी उमा देवी पत्नी राजीव कुमार नि0 ग्रा0 कलुआ पुरसानी थाना शमशाबाद ने दी तहरीर में दर्शाया कि 29 जून को समय दोपहर 01 बजे वह रोडवेज बस अड्डा फर्रुखाबाद से गाड़ी संख्या यूपी 78एसएन/5916 पर बैठकर अपने मायके सवायजपुर जा रही थी, तभी दो अज्ञात लोगों ने प्रार्थिनी का बेग रोडवेज बस पर चढ़ाया और पीछे रख दिया और कहा आप आगे सीट पर बैठ जाए।

प्रार्थिनी अपने दोनों पुत्रों के साथ सीट पर बैठ गयी। पीछे बैग में कुण्डा तोड़कर उसमें रखे सोने के आभूषण में दो पेन्डल, नाक का फूल, कान के कुन्डल तथा 25000 रु0 नगदी और घरेलू कागज आधार कार्ड, पैनकार्ड, राशनकार्ड, बैंक पासबुक के साथ बेग खाली कर कादरीगेट पर रास्ते में नमस्ते करके उतर गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 303(2) बी0एन0एस0 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरु कर दी थी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर विकास राजपूत उर्फ करु पुत्र गिरीश उर्फ चन्द्रशेखर उर्फ कृपाल उर्फ मूली निवासी ब्रह्मपुरी थाना मेरापुर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि 29 जून को दोपहर करीब 01 बजे मैं व मेरे गाँव के साथी नीरज पुत्र जयसिंह निवासी ग्राम बृम्हपुरी थाना मेरापुर व रामनरेश उर्फनरेश पुत्र रामकिशन निवासी ग्राम बृम्हपुरी थाना मेरापुर बस स्टैण्ड फर्रुखाबाद पर आये थे, एक महिला अपनें बच्चों के साथ बस में चढ़नें के लिये खड़ी थी तो जब बस आयी तो रामनरेश उर्फ नरेश पहले बस में चढ़कर सबसे पीछे की सीट पर बैठ गया था। उसके बाद जब वह महिला व उसके बच्चे अपनें ट्राली बैग को ऊपर चढा रहे थे तो मैनें व नीरज नें उसका ट्राली बैग ऊपर चढ़वाया था तथा बैग को पीछे ले जाकर रामनरेश उर्फ नरेश के पास रख दिया था तथा महिला व उसके बच्चों को हम लोगों ने आगे बैठनें के लिये कहा था तो वह लोग बस में आगे की तरफ बैठ गये थे।

उनके ट्राली बैग में ताला लगा था तो हम लोगों को लगा इसमें जरूर कीमती सामान होगा तो हम तीनों लोगों नें ट्राली बैग का कुन्ड़ा तोड़कर उसके अन्दर रखे, पिंक कलर के लेड़ीज पर्स व एक पन्नी जिसमें कुछ कागजात थे, बस अड्डे से कुछ दूर निकलते ही चोरी कर लिया था। उसके बाद रामनरेश उर्फ नरेश सारा सामान लेकर बस अड्डे से थोड़ी दूर पर उतर गया था। उसके बाद में मैं व नीरज कॉदरीगेट तिराहे पर उत्तर गये थे, मैनें उस महिला से उतरते समय नमस्ते भी किया था, ताकि उसे कोई शक न हो। जिस लेडीज बैग में जेबरात थे उससे हम लोगों ने जेबर व पैसे निकाल कर उस लेडीज बैग को कही रास्ते में फेंक दिया था। तथा पन्नी में केवल कागजात थे तो हम लोगों ने उसे भी चलते रास्ते में कहीं फेंक दिया था। पर्स व पन्नी कहाँ फेंकी थी वह मुझे याद नंहीं है। हम लोगों ने जो सामान चोरी किया था उसमें गले के दो पैन्डल सोनें के, एक नाक का फूल सोनें का, एक जोड़ी कान के कुंडल सोनें के तथा 25000/- नगद थे। चोरी के सामान को हम लोगों ने आपस में उसी दिन बाँट लिया था। चोरी किये गये जेवरात में उन लोगों ने मुझे एक जोड़ी कान के कुंडल सोनें के तथा एक नाक का फूल सोनें का व 10 हजार रूपये नगद दिये थे व बाकी सामान नीरज व रामनरेश उर्फनरेश लेकर चले गये थे। उसके बाद हम लोग आपस में अभी तक नहीं मिले है, वह लोग कहाँ गये मुझे नहीं पता है, मेरे पास अपनें जो पैसे थे वह सारे खर्च हो गये हैं और मेरे पास से जो 01 जोड़ी कान के कुंड़ल व एक नाक का फूल तथा 10 हजार रूपये बरामद हुये हैं, यह वही जेवर व रूपये हैं जो उस दिन हम लोगों नें उस महिला के ट्राली बैग से चुराये थे। मैं इस जेवरात को बेंचने के लिये बाहर जा रहा था, यहाँ पर मैं गाड़ी का इंतजार कर रहा था , तभी लोगों ने पकड़ लिया।

## सुल्तानपुर राजकुमार गांव में बंबा कटने से 200 बीघा फसल जलमग्न


कटे बंबा से बहता पानी

- विभाग की लेटलतीफी से किसानों में भारी आक्रोश
- किसानों ने मांगा मुआवजा, नहर विभाग ने जेसीबी से बंद कराया बंबा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

ब्लॉक के सुल्तानपुर राजकुमार गांव में गुरुवार देर रात नहर का एक बंबा कट जाने से सैकड़ों बीघा कृषि भूमि जलमग्न हो गई। खेतों में अचानक तेज बहाव से पानी भरने से किसानों में हड़कंप मच गया। केले और आम के बागों सहित अन्य खड़ी फसलें जलभराव की चपेट में आ गई, जिससे किसानों को भारी नुकसान की आशंका है। ग्रामीणों के अनुसार, गुरुवार रात बंबा कटने की सूचना मिलते ही किसान मौके पर पहुंचे और तत्काल नहर विभाग को जानकारी दी। किसानों का आरोप है कि सुबह सूचना देने के बावजूद कई घंटों तक विभाग का कोई अधिकारी या कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। इस दौरान बंबे का पानी लगातार खेतों में भरता रहा और जलभराव का दायरा बढ़ता गया, किसानों ने खुद मिट्टी डालकर बंबा बंद करने का प्रयास किया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीणों और किसानों ने स्वयं ही कटे हुए बंबे को मिट्टी डालकर बंद करने का प्रयास किया। हालांकि, पानी का दबाव अधिक होने के कारण वे इसमें सफल नहीं हो सके। लगातार बढ़ते जलभराव से क्षेत्र के किसानों में चिंता बनी रही। किसान राजाराम, सुबोध और प्रवीण दीक्षित ने बताया कि यदि नहर विभाग की टीम समय रहते मौके पर पहुंच जाती, तो फसलों को होने वाले नुकसान को काफी हद तक रोका जा सकता था। किसानों ने विभाग से प्रभावित फसलों का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। इस संबंध में नहर विभाग के महेंद्र सिंह ने बताया कि उन्हें फोन पर बंबा कटने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही तत्काल जेसीबी मशीन मौके पर भेजी गई, जिससे कटे हुए बंबे को बंद कर दिया गया। विभाग के अनुसार, अब स्थिति नियंत्रण में है और खेतों में पानी का बहाव रोक दिया गया है।

## मारपीट व फायर करने के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस हिरासत में आरोपी

पुरानी रंजिश में युवक के साथ मारपीट कर गोली मार देने के मामले में फरार चल रहे आरोपी युवक को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तमंचा कारतूस सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली फर्रुखाबाद थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह गहलौत ने जानकारी देते हुए बताया कि 21 जून को कोतवाली फर्रुखाबाद पर वादी उत्कर्ष मिश्रा उर्फ भूरा पुत्र स्व0 ललित मिश्रा निवासी पल्ला जटवारा थाना कोतवाली फर्रुखाबाद ने तहरीर दी थी कि अभियुक्त द्वारा वादी के साथ गाली-गलौज किया गया।

जिसका विरोध करने पर एक राय होकर जान से मारने की नियत से फायर कर दी और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 191(2)/ 109(1)/ 115(2)/ 352/ 351(3) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मुकदमा में वांछित अभियुक्त देव मिश्रा पुत्र स्व0 डब्बू मिश्रा निवासी बाग कूंचा थाना कोतवाली फर्रुखाबाद को 01 अवैध तमंचा 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त देव मिश्रा ने पूछने पर बताया कि 20 जून को रात्रि 10 बजे शिवा और सोम, नारायण होटल के सामने से गुजर रहे थे कि उत्कर्ष मिश्रा आ रहे थे, तभी आमना-सामना होने पर पुरानी रंजिश को लेकर बहस हो गयी थी। जिसको लेकर हम लोगों ने उत्कर्ष मिश्रा व उसके दोस्त विमल, शिवम व मोहित को रॉयल अक्षय होटल के बगल वाले रास्ते पर रोक लिया था और हम लोगों ने गुस्से में आकर उनके साथ मारपीट व गाली-गलौज की थी, लेकिन जब वे लोग विरोध करने लगे तो जान से मारने की नियत से मैंने व एक अन्य किसी व्यक्ति ने एक-एक फायर उत्कर्ष मिश्रा पर कर दिया। जिसके बाद गोली चलने से पहले ही उत्कर्ष मिश्रा जमीन पर गिर गया। जिससे उत्कर्ष मिश्रा की जान बच गयी।

बाकी लोग गोली चलने की आवाज सुनते ही मौके से भाग गये और भीड़ को आते देख हम सभी लोग भी मौके से भाग गये थे।

भागते समय हमने उत्कर्ष से कहा कि अगर पुलिस में शिकायत की तो तुम्हे जान से मार देगें। सारी घटना पुरानी रंजिश व आवेश में आने के कारण हो गयी थी।

# टीईटी परीक्षा के दूसरे दिन भी मुख्य मार्गों पर लगा रहा जाम

▸ रोड पर खड़ी गाड़ियों का टीएसआई ने किया चालान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



जाम में फंसे वाहन

जिले में टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) के दूसरे दिन परीक्षा संपन्न होने के बाद परीक्षार्थियों की भारी भीड़ एक साथ सड़कों पर उतरने से यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। फर्रुखाबाद-फतेहगढ़ मुख्य मार्ग मार्ग बढ़पुर क्रिश्चियन इंटर कालेज के पास सड़क के दोनों ओर खड़ी कारों की बजह से भीषण जाम लग गया। सूचना पर पहुंचे टीएसआई ने कार चालकों को चालान किये, जिसके बाद कार स्वामी अपने-अपने वाहन लेकर क्रिश्चियन इंटर कालेज ग्राउंड में लेकर चले गये। पहली पाली की परीक्षा छूटते ही फतेहगढ़-फर्रुखाबाद मुख्य मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई और भीषण जाम की स्थिति पैदा हो गई, जिससे आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। दूसरे जनपदों से बड़ी संख्या में अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचे थे, जिनमें से कई अपने निजी वाहनों से आए थे। परीक्षा छूटने के बाद एक साथ बाहर निकलने से शहर की सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। दोपहर 12 बजे पहली पाली की परीक्षा समाप्त होते ही फतेहगढ़-फर्रुखाबाद मार्ग पर लंबा जाम लग गया। देखते ही देखते बद्री विशाल डिग्री कॉलेज से लेकर बढ़पुर देवी मंदिर से आगे तक वाहनों की कतारें लग गई। इस जाम में मोटरसाइकिल, स्कूटी, चार पहिया वाहन और रोडवेज की बसें भी फंस गई, जिससे यातायात बाधित हो गया। शहर के अन्य हिस्सों में भी जाम का असर देखा गया। कादरीगेट चौराहे पर भी वाहनों के आड़े-तिरछे फंसने से जाम लग गया, जिससे पांचाल घाट की ओर जाने वाला मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न होने के बाद जैसे ही परीक्षार्थी केंद्रों से बाहर निकले, सड़कों पर अचानक दबाव बढ़ गया। दूसरे जिलों और ग्रामीण अंचलों से आए परीक्षार्थियों को उनके गंतव्य तक पहुंचने की जल्दी थी, जिसके चलते ऑटो, ई-रिक्शा, बसों और निजी वाहनों की भारी भीड़ मुख्य मार्ग पर जमा हो गई। भीषण जाम के कारण दुपहिया और चार पहिया वाहन घंटों तक रेंगते नजर आए। जाम में फंसे आम यात्रियों, स्कूली बच्चों और मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। फर्रुखाबाद-फतेहगढ़ मार्ग पर लगे भीषण जाम की सूचना पर यातायात प्रभारी सत्येंद्र कुमार जाम खुलवाने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कई गाड़ियों के चालान भी किये। यातायात प्रभारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि परीक्षा छूटने के बाद बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के एक साथ बाहर निकलने से थोड़ी समस्या उत्पन्न हुई थी।

## 4 जुलाई को नहीं आयोजित होगा समाधान दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा यानी यूपीटीईटी-2026 के आयोजन को देखते हुए जिले में होने वाला सम्पूर्ण समाधान दिवस स्थगित कर दिया गया है। जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर द्वारा जारी कार्यालय ज्ञाप के अनुसार, 4 जुलाई दिन शनिवार को आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा के कारण माह के प्रथम शनिवार को आयोजित होने वाला सम्पूर्ण समाधान दिवस अब निर्धारित तिथि पर नहीं होगा। प्रशासन की ओर से जारी आदेश में बताया गया है कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन अब 6 जुलाई दिन सोमवार को किया जाएगा। इस संबंध में सभी विभागीय अधिकारियों और संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

## पॉलीटेक्निक में प्रवेश के लिए प्रथम चरण की काउंसलिंग शुरू



जानकारी देते प्रधानाचार्य

▸ जनपद के दो पॉलीटेक्निक कॉलेजों में ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया प्रारंभ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय पॉलीटेक्निक कायमगंज में सिविल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग एवं पीजीडीईए के लिए प्रत्येक ब्रांच में 60-60 सीटों के लिए प्रथम चरण की काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जिसके लिए काउंसलिंग कोड 3403 भरकर कॉलेज का चयन कर सकते हैं। वहीं भोलेपुर स्थित राजकीय पॉलीटेक्निक में इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी एवं टेक्सटाइल डिजाइन प्रिंटिंग ब्रांच की सीटों के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जिसके लिए काउंसलिंग कोड 3306 भरकर कॉलेज का चयन कर सकते हैं। जनपद में डाक्यूमेंट वेरीफिकेशन के लिए भोलेपुर स्थित राजकीय पॉलीटेक्निक फर्रुखाबाद को वेरीफिकेशन केन्द्र बनाया गया है। जहां पर प्रथम चरण की काउंसलिंग में आवंटित सीटों के लिए अभ्यर्थी डाक्यूमेंट्स वेरीफिकेशन की प्रक्रिया को पूर्ण करा रहे हैं। विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि काउंसलिंग संबंधी किसी भी समस्या के लिए राजकीय पॉलीटेक्निक कायमगंज में काउंसलिंग हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है तथा संस्थान द्वारा काउंसलिंग हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं, जिन पर कॉल करके अभ्यर्थी काउंसलिंग संबंधी दिशानिर्देश एवं जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इन काउंसलिंग हेल्पलाइन नंबर 8960954715, 8081130764, 9151026368 पर सम्पर्क करके काउंसलिंग संबंधी सभी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# दबंगों ने दंपत्ति सहित तीन को मारपीट कर किया घायल



थाने में बैठे पीड़ित परिजन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने दंपत्ति सहित तीन लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने घटना के संबंध में थाने में तहरीर दी है।

पीड़िता का आरोप है कि पुलिस ने आरोपियों से सांठगांठ कर ली है। थाना क्षेत्र के गांव उम्मरपुर निवासी सुनीता देवी पत्नी समरपाल शुक्रवार अपनी परिजनों के साथ घर पर ही मौजूद थी। एक हादसे में पड़ोसी युवक की मौत हो गई थी। सुनीता देवी वही जा रही थी आरोप है कि तभी गांव के ही निवासी भूपेंद्र, नीलेंद्र, पुरुषोत्तम, विनोद व जनपद एटा के थाना जैथरा के गांव तिगरा धुमरी निवासी इनके दहनोई हरिओम और थाना शमसाबाद के गांव बेले बरई निवासी साला सतेंद्र एक साथ मिलकर सुनीता की पुत्रियों को गाली-गलौज करने लगे। पुत्रियों ने जब गाली-गलौज का विरोध किया तो उक्त लोगों ने मारपीट करना शुरू कर दिया। बचाने आई मां सुनीता देवी, पिता समरपाल, भाई आदर्श को भी मारपीट करना शुरू कर दिया। थाने पहुंचकर सुनीता ने उक्त लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। आदर्श का आरोप है कि पुलिस ने हमसे पहले आए उक्त लोगों से सांठगांठ कर ली है। इस लिए हमारी बात नहीं सुन रहे है और आरोपियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं का रहे है।



बैठक में मौजूद भाकियू नेता

## भाकियू लोकशक्ति की पंचायत में किसानों की समस्याओं पर हुई चर्चा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति की बैठक ग्राम पंचायत अल्लाहपुर के मजरा मदारपुर में आयोजित हुई। पंचायत की अध्यक्षता यूनियन के जिलाध्यक्ष अली क़ायम ने की। वरिष्ठ जिला संरक्षक अशोका नन्द महाराज के आवास पर संपन्न हुई किसानों की समस्याएं सुनीं। संगठन मजबूत करने पर चर्चा पंचायत में जिलाध्यक्ष अली क़ायम ने क्षेत्र के किसानों की प्रमुख समस्याओं को गंभीरता से सुना। किसानों ने खाद-बीज की किल्लत, आवारा पशुओं से फसल को नुकसान, नहरों में पानी की कमी और मंडी में उपज का उचित मूल्य न मिलने जैसे मुद्दे प्रमुखता से उठाए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि किसानों की हर समस्या का समाधान यूनियन की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने का आवाह्न किया। बैठक में संगठन के विस्तार और आगामी रणनीति पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। जिला संरक्षक अशोका नन्द महाराज ने किसानों से एकजुट रहने की अपील की।

# भाजपा नेता के सुझाव पर सरकार का बड़ा संकेत देशभर में टोल व्यवस्था में बदलाव की उम्मीद

▸ भाजपा नेता के पत्र का दिखने लगा असर/देशभर में टोल नीति पर मंथन

▸ करोड़ों वाहन स्वामियों को मिल सकती है बड़ी राहत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



जानकारी देते विकास राजपूत

देशभर में बढ़ती महंगाई और आमजन पर आर्थिक बोझ को देखते हुए भाजपा नेता एवं समाजसेवी विकास राजपूत द्वारा प्रधानमंत्री को भेजे गए पत्र का असर अब दिखाई देता नजर आ रहा है। प्रधानमंत्री कार्यालय की शिकायत निस्तारण प्रणाली पर संबंधित विभाग द्वारा दिए गए उत्तर में उल्लेख किया गया है कि सभी टोल प्लाज़ा को अस्थायी अथवा स्थायी रूप से बंद करने संबंधी नीति पर विचार किया जा रहा है। इस जवाब ने देशभर में टोल व्यवस्था को लेकर नई चर्चा शुरू कर दी है।

गौरतलब है कि विकास राजपूत ने अपने पत्र में बढ़ती महंगाई के बीच आम जनता, किसानों, व्यापारियों और परिवहन क्षेत्र को राहत देने के उद्देश्य से टोल व्यवस्था में बदलाव तथा लोगों को आर्थिक राहत देने की मांग उठाई थी। यदि केंद्र सरकार इस दिशा में सकारात्मक निर्णय लेती है, तो इसका लाभ देशभर के करोड़ों वाहन चालकों और आम नागरिकों को मिल सकता है। इससे यात्रा लागत कम होने के साथ-साथ परिवहन खर्च में भी कमी आने की संभावना है। हालांकि, विभाग ने अभी केवल इतना कहा है कि नीति विचाराधीन है। अंतिम निर्णय सरकार द्वारा लिया जाना बाकी है। ऐसे में आने वाले समय में इस विषय पर केंद्र सरकार का रुख महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यदि भाजपा नेता विकास राजपूत के सुझाव पर सरकार सकारात्मक निर्णय लेती है, तो यह देशभर के लोगों के लिए बड़ी आर्थिक राहत साबित हो सकती है।

## खबरें एक नजर में

### ईंट निर्माता समिति ने जिक-जैक में परिवर्तित किये जाने हेतु समय बढ़ाने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** साधारण ईट भट्ठों पर जिक-जैक में परिवर्तित किए जाने हेतु सामयावधि 2 वर्ष बढ़ाए जाने के संबंध में ईट भट्ठ निर्माता समिति के अध्यक्ष पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे और डीएम को ज्ञापन सौंपा। ईंट निर्माता समिति के अध्यक्ष कृष्णदत्त द्विवेदी अन्य पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे और डीएम को मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा कि ईंट भट्ठा उद्योग एक सीजनल ग्रामीण कुटीर उद्योग है। जो कि बिना किसी सरकारी सहायता के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित होता है। इसमें ग्रामवासी स्थानीय स्तर पर खेती किसानी से बचते समय में श्रमिक रोजगार पाते हैं। जिससे इस उद्योग से जुड़े हजारों परिवारों का भरण पोषण के साथ शहरी पलायन भी रुकता है। ईंट भट्टे की जिक जैक में परिवर्तित करने में प्रति भट्ठ लगभग 50 से 60 लाख रुपया अनुमानित खर्च आता है। जिस हेतु सरकारी से कोई सहायता प्रदान नहीं हो रही है। हम भट्ठा स्वामियों पर व्यापार बहुत मद्दे के दौर में गुजर रहा है। जिक जैक में परिवर्तित करने के लिए 2 वर्ष का समय बढ़ाया जाए।

### उमर खुर्शीद ने गऊटोला में जनसंपर्क कर ग्रामीणों की सुनीं समस्याएं

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद के पुत्र उमर खुर्शीद ने गुरुवार को पितौरा शीत गृह प्रबंधक एवं समाजसेवी जुनैद मम्मा के साथ क्षेत्र के ग्राम गऊटोला में जनसंपर्क किया। उमर खुर्शीद ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र का समग्र विकास करना है। उमर खुर्शीद ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और निर्वाचित होने पर प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराने का आश्वासन दिया।

### ऑपरेशन कन्विक्शन लाया रंग, 6 महीने में 304 अभियुक्तों को सजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फतेहगढ़ पुलिस के ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत बीते 6 महीनों में न्याय व्यवस्था को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार, 1 जनवरी 2026 से 30 जून 2026 तक कुल 212 मामलों का निस्तारण कर 304 अभियुक्तों को सजा दिलाई गई। इनमें 9 मामलों में 16 अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। सबसे अधिक 81 मामलों में 1 से 5 वर्ष तक की सजा हुई, जिनमें 129 अभियुक्त शामिल हैं। वहीं 84 मामलों में अभियुक्तों द्वारा जेल में बिताई गई अवधि को ही सजा माना गया। इस अवधि में किसी भी अभियुक्त को मृत्युदंड नहीं दिया गया। साथ ही 14 मामलों में 30 अभियुक्त दोषमुक्त भी हुए। फतेहगढ़ पुलिस ने अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस, न्याय के प्रति जीरो समझौता के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि अभियान का उद्देश्य अपराधियों को शीघ्र सजा दिलाना है।

### एमपी सीएम व यादव समाज के खिलाफ अभद्रता रील प्रसारित करने पर थाने में दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र में फेसबुक आईडी पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव व यादव समाज के खिलाफगाली गलौज व अभद्रता करने का वीडियो वायरल हो रही है। वायरल हो रही व वीडियों में युवक मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ साथ पूरे यादव समाज को गाली-गलौज कर अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर रहा है और पुलिस कर्मियों को भी मार डालने की धमकी दे रहा है। इस वायरल हो रही वीडियो व रील को तमाम लोगों ने देखा है। जिससे युवक द्वारा सौहार्द बिगाड़ने के साथ-साथ यादव समाज को नीचा दिखाने के उद्देश्य से समाज के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का काम किया है। वीडियो व रील को संज्ञान में लेकर यादव महासभा के जिलाध्यक्ष डॉ0 हरिनंदन सिंह यादव ने थाना नवाबगंज में उक्त फेसबुक आईडी चला रहे युवक के खिलाफतहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# रामपुर डफरपुर में सौर्य ऊर्जा लाइटें लगाये जाने की मांग



धरने पर बैठे ग्रामीण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम पंचायत व न्याय पंचायत रामपुर डफरपुर के दोनों ओर पूर्व एवं पश्चिम में बह रहे नाला में नगर पालिका का जो गंदा पानी आ रहा है। जिससे स्थानीय लोग परेशान है। सभी ने गंदा पानी गांव में आने का विरोध किया। पिछले 17 वर्षों से लगातार ग्राम पंचायत रामपुर डफरपुर में गंदा पानी आने के कारण जमीने प्रति वर्ष खराब हो रही है।

प्रतिवर्ष बरसात के समय नाला के फटने के वजह से डूब जाती है, जिसके कारण फसलें नष्ट हो जाती हैं और खेतों में पन्नी, निडिल जैसी तमाम चीजें खेतों में भर जाती है, जिससे किसानों को काफी नुकसान होता है, इसलिए सभी किसानों ने भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति को साथ लेकर 20 मई को कलेक्ट्रेट में ज्ञापन दिया। उस पर कोई सुनवाई नहीं हुई, उसके बाद 18 जून को हम लोगों ने पुनः बैठक कर एक जुलाई से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन तीसरे दिन जारी रहा। नगरपालिका के नाला का पानी है, उसको हम लोग बंद कर देंगे, क्योंकि नगरपालिका हर बार यह कहकर अपने आपको नाला का पक्का निर्माण करने से बचा लेती है कि हमारी सीमा में नहीं है तो इसलिए हम लोगों ने भी तय किया है कि अगर पानी आपकी सीमा से बाहर जा रहा है और कह रहे हैं कि हमारी सीमा नहीं तो हम लोग भी अपनी सीमा के अंदर पानी नहीं आने देंगे। ग्राम पंचायत डफरपुर से पश्चिम में पक्का नाला निर्माण कराये जाने की मांग की है। बिलावलपुर के मजरा पृथ्वीपुर दिलीप की मड़ैया जो बाढ़ के प्रकोप से जलमग्न हो गये थे। उन लोगों को आवास हेतु जमीन दी जाये। रामपुर डफरपुर में पश्चिम में नालों का पक्का निर्माण कराया जाये। रामपुर डफरपुर में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र है। ऐसे में गांव में मुख्य तिराहों व चौराहों पर सौर्य ऊर्जा की लाइटें लगवायी जाये। अमेठी के पात्र लोगों को आवास व शौचालय दिलाये जाये। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मनोज कुमार यादव, सत्यदेव, अनमोल, श्रीओम, धर्मवीर, कुलदीप, संतोष कुमार, अंकित लोधी, मदनलाल, फूल सिंह, जागेश्वर प्रसाद, संगीता आदि लोग मौजूद रहे।

# प्रतिबंध के बावजूद गल्ला मंडी में धड़ल्ले से बिक रही मांगुर मछली

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



बाजार में बिक रही मांगुर मछली

प्रतिबंध के बावजूद कायमगंज नगर की गल्ला मंडी में मांगुर मछली खुलेआम बेंची जा रही है। शासन द्वारा मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक मानते हुए मांगुर मछली के पालन व बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया गया है, लेकिन यहां जिम्मेदार विभागों की अनदेखी के चलते यह प्रतिबंधित मछली धड़ल्ले से बाजार में पहुंच रही है। मांगुर मछली मांसाहारी होती है और गंदगी में पलती है। इसमें भारी मात्रा में लेड व अन्य जहरीले तत्व पाए जाते हैं, जो कैंसर सहित कई गंभीर बीमारियों का कारण बन सकते हैं। इसी वजह से बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगा रखा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि गल्ला मंडी में रोजाना सुबह-शाम खुलेआम मांगुर मछली की बिक्री हो रही है, लेकिन मत्स्य विभाग, खाद्य सुरक्षा विभाग व स्थानीय प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। अब तक न तो कोई छापेमारी हुई है और न ही किसी विक्रेता पर कार्रवाई की गई। विभाग की इस चुप्पी से लोगों में आक्रोश है। मंडी के कुछ थोक व्यापारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि प्रतिबंधित मांगुर मछली बिकने से वैध मछली का व्यापार प्रभावित हो रहा है। साथ ही आम जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ हो रहा है। उन्होंने मांग की कि प्रशासन तत्काल अभियान चलाकर कार्रवाई करे।

# मां-बेटों को पीटने पर चार पर मुकदमा दर्ज

▸ पत्नी व पुत्र से की लाठी-डंडों से मारपीट

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।**

मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव नदौरा निवासी अनिल कुमार पुत्र नत्थू सिंह ने गांव के ही उपेंद्र, अजय पुत्रगण राजबहादुर व उपेंद्र की मां रन्नो देवी एवं कांति देवी पत्नी राजवीर सिंह के विरुद्ध गाली-गलौज मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है।

तहरीर के अनुसार 29 जून समय लगभग 10:30 बजे हमारे फोन पर पूर्व में किसी व्यक्ति का फोन आता था। बाद में पता चला कि यह फोन नंबर उपरोक्त आरोपित अजय का है तो मैं उनकी माता से कहा कि तुम्हारा पुत्र हमारे फोन पर कॉल करता है, उसे समझा दो तो इसी समय उपरोक्त सभी आरोपित हमारे घर पर आए और कहा की तुम झूठा आरोप लगा रहे हो और गाली-गलौज करने लगे। जब मैं गाली देने से मना किया तो उपरोक्त आरोपितों ने हमारी पत्नी कांति देवी व हमारे पुत्र शिवम व धर्मेंद्र के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की।

जिससे इन लोगों के शरीर में गंभीर चोटें आ गई। बाद में उपरोक्त आरोपित जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# चार दिन बाद भी लापता तीन युवकों का नहीं लगा पता, परिजन चिंतित

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**



थाने में बैठे परिजन

नगर के मोहल्ला बरतल रोड निवासी बृजेश कुमार शाक्य का चौदह वर्षीय पुत्र अहम शाक्य मंगलवार नगर के बाईपास मार्ग निवासी साथी 15 वर्षीय आयुष राजपूत पुत्र संजीव उर्फसंजू व 15 वर्षीय अपने ममेरे भाई सत्यम पुत्र शिवराम शाक्य के साथ बिना बताए कहीं चले गए। देर शाम तक तीनों के घर न लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। रात ही परिजनों ने थाने पहुंचकर पुलिस को घटना की सूचना दी। बुधवार सुबह थाने पहुंचे बृजेश कुमार शाक्य ने पुलिस को पुत्र अहम शाक्य उसके साथी सत्यम व आयुष के लापता होने की लिखित तहरीर दी। पुलिस ने बृजेश कुमार शाक्य की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर कर जांच शुरू की। पुलिस ने नगर में जगह जगह दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर किशोरों का सुराग लगाने का प्रयास किया।

पिछले चार दिन से लापता हुए किशोरों के परिजनों ने फर्रुखाबाद, कमालगंज, कानपुर समेत आसपास के नगरों, कस्बों, शहरों आदि में खोजबीन शुरू की, लेकिन किशोरों का कोई सुराग नहीं लग सका। परिजनों के साथ थाने की तीन टीमें, एसओजी व सर्विलांस टीम भी किशोरों की तलाश में जुटी है। शुक्रवार परिजनों के साथ पुलिस की टीमें कानपुर व लखनऊ शहरों में किशोरों की तलाश में गई, लेकिन चार दिन बाद भी लापता हुए किशोरों का कोई सुराग नही लग सका है। पिछले चार दिन से किशोरों के लापता होने से परिजनों में भय के साथ साथ उनकी कुशलता को लेकर चिंताएं भी बढ़ती जा रही हैं। परिजन चार दिन से लापता बच्चों की कुशलता के लिए सभी चिंतित हैं। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि थाना पुलिस की तीन टीमों के साथ साथ एसओजी व सर्विलांस टीम भी पूरी तरह सक्रिय है। शुक्रवार को परिजनो के साथ पुलिस की टीमें कानपुर व लखनऊ शहरों में गई है, लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं लग सका है। शीघ्र ही किशोरों को शकुशल बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

# मंडी समिति में मुंसिफ न्यायालय स्थापित करने का विरोध



मण्डी सचिव से वार्ता करते व्यापारी नेता

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

मंडी समिति कायमगंज के पुराने कार्यालय में मुंसिफ न्यायालय स्थापित करने के प्रस्ताव का व्यापारियों ने कड़ा विरोध किया है। उपजिलाधिकारी द्वारा गुरुवार को किए गए सर्वे की जानकारी मिलते ही तीनों प्रमुख व्यापार मंडलों के जिलाध्यक्षों ने संयुक्त रूप से मंडी सचिव से भेंट कर अपना सख्त विरोध दर्ज कराया। व्यापारियों ने स्पष्ट कहा कि किसी भी कीमत पर मंडी परिसर में मुंसिफ न्यायालय स्थापित नहीं होने दिया जाएगा। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष संजय गुप्ता, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आदेश अग्निहोत्री एवं अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष उमेश गुप्ता ने संयुक्त बयान में कहा कि मंडी परिसर में न्यायालय बनने से व्यापारियों, किसानों व आवागमन करने वाले लोगों को भारी परेशानी होगी। नेताओं ने मंडी सचिव से कहा मंडी व्यापार का केंद्र है। यहां कोर्ट खुलने से भीड़ बढ़ेगी, आवागमन बाधित होगा और व्यापार करना कठिन हो जाएगा। यदि प्रशासन ने जबरन यह निर्णय थोपा तो सभी व्यापार मंडल एकजुट होकर व्यापारियों के साथ जबर्दस्त आंदोलन करेंगे। गुरुवार को उपजिलाधिकारी अतुल कुमार ने मंडी समिति कायमगंज के पुराने कार्यालय भवन का मुंसिफन्यायालय स्थापित करने के उद्देश्य से सर्वे किया था। इसकी जानकारी मिलते ही व्यापार मंडल के पदाधिकारी सक्रिय हो गए और शुक्रवार को मंडी सचिव से मिलकर विरोध जताया। इस अवसर पर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष संजय गुप्ता, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष आदेश अग्निहोत्री, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष उमेश गुप्ता एवं व्यापारी नेता शानू खां उपस्थित रहे।

## भाकियू अखण्ड प्रदेश ने समस्याओं के निराकरण करने की उठायी मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन अखण्ड प्रदेश ने कलेक्ट्रेट परिसर में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया गया था। संगठन ने मांग की थी कि एसडीएम कायमगंज अतुल कुमार सिंह को तत्काल हटाया जाए, ताकि निष्पक्ष जांच प्रभावित न हो। एसडीएम द्वारा संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ किए गए अमानवीय एवं अभद्र व्यवहार की निष्पक्ष जांच कर उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाए। एसडीएम कायमगंज द्वारा संगठन के कार्यकर्ताओं को बार-बार बुलाकर किए जा रहे उत्पीड़न को रोकते हुए संबंधित प्रकरण की कार्यवाही जिला मुख्यालय पर स्थानांतरित की जाए। थाना कंपिल में दर्ज कथित झूठे मुकदमा समाप्त किया जाए। ग्राम सुल्तानपुर पालनपुर विकासखंड कायमगंज स्थित गौशाला में हुई गोवंशों की मृत्यु की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। धरना के दौरान नगर मजिस्ट्रेट द्वारा संगठन को आश्वासन दिया गया था कि मोहर्रम पर्व को दृष्टिगत रखते हुए यदि धरना स्थगित कर दिया जाए तो सोमवार 28 जून को आश्वासन के बाद धरना स्थगित कर दिया गया था। 29 जून को प्रतिनिधि मण्डल नगर मजिस्ट्रेट से मिला। ऐसे में किसानों की मांगों को अनदेखा किया जा रहा है। जिससे किसानों में रोष है। किसान की समस्याओं का निराकरण नहीं होगा तो जल्द आंदोलन किया जायेगा। जिसकी जिम्मेदार जिला प्रशासन की होगी।

# सीओ नगर ने दिव्यांग फरियादी की सुनीं समस्या, तत्काल कार्रवाई के दिए निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



पीड़िता की समस्या सुनते सीओ

पुलिस द्वारा जनता की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए पुलिस लाइन में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान एक दिव्यांग फरियादी अपनी शिकायत लेकर पहुंची। क्षेत्राधिकारी नगर ने मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए स्वयं दिव्यांग फरियादी के पास पहुंचकर उनकी समस्या को गंभीरता से सुना। सीओ ने शिकायत को ध्यानपूर्वक सुनने के बाद संबंधित प्रकरण में आवश्यक जांच एवं नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई हेतु संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही निर्देशित किया। पुलिस ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता है। जनसुनवाई कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को अपनी शिकायत सीधे उच्चाधिकारियों तक पहुंचाने का मंच देना है, ताकि थाने-कोर्ट के चक्कर लगाए बिना ही उनका निस्तारण हो सके। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जनसुनवाई कार्यक्रम में आकर सीधे अधिकारियों से मिल सकते हैं।

## खबरें एक नजर में

### प्राथमिक विद्यालय में वन महोत्सव पर हुआ पौधरोपण, बच्चों को दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश




**हलिया (मिर्जापुर)।** वन महोत्सव सप्ताह के तहत शुक्रवार को विकास खंड ड्रमण्डगंज रेंज के गलरा प्राथमिक विद्यालय में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरुण मिश्रा ने वन विभाग की टीम व स्कूली बच्चों के साथ मिलकर पौधे लगाए। कार्यक्रम में शामिल रहे अधिकारी इस दौरान रेंजर रविशंकर शर्मा, वन दरोगा अभिषेक सिंह, सर्वेश पटेल व फॉरेस्ट गार्ड अनादि नाथ तिवारी मौजूद रहे। विद्यालय परिसर में छायादार और फलदार पौधों का रोपण किया गया।बच्चों को किया जागरूक कार्यक्रम में शामिल स्कूली बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया गया। वृक्ष लगाएं - पर्यावरण बचाएं के नारे के साथ बच्चों ने पौधों की सुरक्षा का संकल्प लिया। बैनर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संदेश के साथ पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ जन अभियान-2026 का उल्लेख था।01 से 07 जुलाई तक वन महोत्सव ड्रमण्डगंज रेंज, मीरजापुर वन प्रभाग के तत्वावधान में 01 से 07 जुलाई 2026 तक वन महोत्सव मनाया जा रहा है। वन विभाग की अपील है कि अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरुण मिश्रा ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन के लिए ऑक्सीजन का सबसे बड़ा स्रोत हैं। हर व्यक्ति को अपने जन्मदिन या खास अवसर पर एक पौधा जरूर लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिए।

### आकांक्षी विकास खंड हलिया की ग्राम पंचायत नदौली पटेहरा में ग्राम चौपाल का आयोजन



**हलिया, (मिर्जापुर)।** आकांक्षी विकास खंड हलिया के अंतर्गत ग्राम पंचायत नदौली पटेहरा में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में सीएम फेलो गौरव सिंह और सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण राजेश कुमार ने ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं शिकायतों को सुना तथा उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। ग्राम चौपाल के दौरान सीएम फेलो गौरव सिंह द्वारा ग्रामीणों को आकाँक्षी विकास खंड के सभी 49 सूचकांकों, प्रधानमंत्री आवास योजन, (विकसित भारत जी.राम जी), स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, आयुष्मान भारत योजना, किसान सम्मान निधि, वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला (विधवा) पेंशन, दिव्यांग पेंशन, राशन कार्ड, पेयजल, स्वच्छता, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही पात्र लाभार्थियों के आवेदन प्राप्त कर उन्हें योजनाओं से लाभान्वित किए जाने की प्रक्रिया भी प्रारंभ की गई चौपाल में प्राप्त शिकायतों एवं सुझावों का मौके पर ही परीक्षण किया गया तथा संबंधित विभागों को समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने ग्रामीणों से शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने, स्वच्छता अपनाने, जल संरक्षण करने तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में सहभागिता निभाने का आह्वान किया इस अवसर पर सीएम फेलो,सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण, आँगनवाड़ी सुपरवाईजर,पंचायत सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री, आशा कार्यकर्त्री, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### चेयरमैन ने एक अखबार के उत्तर प्रदेश विकास रथ का स्वागत किया



**महराजगंज।** नगर पंचायत आनन्दनगर की अध्यक्षा विजय लक्ष्मी ने सम्मानित कार्यकर्ता गणों एवं सम्मानित नगरवासियों के साथ आज एक हिन्दी बखबार के विकास रथ का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया है और उपस्थित अखबार के समस्त सम्मानित पत्रकार बन्धुओ को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया है । इसके पश्चात उन्होंने कहा कि यह विकास रथ प्रदेश की विकास यात्रा, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा बदलते उत्तर प्रदेश की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाने का एक प्रेरणादायी माध्यम है। इस अवसर पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों का उत्साह और सहभागिता प्रदेश के विकास के प्रति उनके विश्वास एवं समर्पण का परिचायक रहा।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला वांछित गिरफ्तार



**महराजगंज।** पुलिस अधीक्षक महराजगंज शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी फरेन्दा के पर्यवेक्षण में जनपद में वांछित अभियुक्तों की गिरफतारी तथा महिला संबंधी अपराधों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के क्रम में थाना फरेन्दा पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थाना फरेन्दा पर पंजीकृत मुअसं 177/2026, धारा 69 बीएनएस से संबंधित प्रकरण में वांछित अभियुक्त पप्पू पुत्र रामनैन, निवासी ग्राम रतनपुरवा टोला नसीराबाद, थाना पनियरा, जनपद महराजगंज को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त उपरोक्त अभियोग में वांछित चल रहा था। गिरफ्तारी के उपरांत अभियुक्त को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त पप्पू पुत्र रामनैन, उम्र लगभग 22 वर्ष, निवासी ग्राम रतनपुरवा टोला नसीराबाद, थाना पनियरा, जनपद महराजगंज का रहने वाला है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में राघवेन्द्र सिंह, थानाध्यक्ष फरेन्दा, उनि अमित कुमार मौर्य, कां. चन्दन चौरसिया व कां. बुद्धिसागर शामिल रहे।

### अमृत सरोवर हादसे में बड़ा प्रशासनिक एक्शन, प्रधान पर एफआईआर के आदेश

**महराजगंज।** सोनौली थाना क्षेत्र के शेख फरेंदा गांव में अमृत सरोवर के सुंदरीकरण कार्य के दौरान बने लोहे के गेट का पिलर गिरने से 12 वर्षीय बालक की मौत के मामले में जिला प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर ग्राम प्रधान के खिलाफ सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही प्रधान को प्रशासक पद से मुक्त किए जाने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। ग्राम पंचायत सचिव और कंसल्टिंग इंजीनियर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है, जबकि रोजगार सेवक के विरुद्ध भी विभागीय कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि 20 जून की सुबह शेख फरेंदा गांव में अमृत सरोवर के सुंदरीकरण कार्य के तहत स्थापित लोहे का गेट अचानक गिर गया था। हादसे के समय वहां खेल रहे 12 वर्षीय विक्की पुत्र वीरेन्द्र उसकी चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक और आक्रोश का माहौल बन गया था। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में लापरवाही और सुरक्षा मानकों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने एसडीएम नौतनवा नवीन प्रसाद की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की थी। समिति में जिला पंचायत राज अधिकारी तथा ग्रामीण अभियंत्रण विभाग (आरईएस) के अधिशासी अभियंता को भी शामिल किया गया। जांच के दौरान निर्माण कार्य की गुणवत्ता, तकनीकी मानकों और जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका का परीक्षण किया गया। शुक्रवार को समिति ने अपनी विस्तृत रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपी।

# सीएम ने लखीमपुर के प्रगतिशील किसान अचल कुमार मिश्रा को किया सम्मानित

- उन्नत बागवानी तकनीक और उत्कृष्ट आम उत्पादन के लिए आम महोत्सव में मिला सम्मान

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित उत्तर प्रदेश आम महोत्सव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखीमपुर खीरी के प्रगतिशील किसान अचल कुमार मिश्रा को सम्मानित किया। उन्हें आम की उन्नत खेती, आधुनिक बागवानी तकनीकों के सफल प्रयोग तथा उत्कृष्ट फल उत्पादन के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया।

बिजुआ विकासखंड के मेंड़ई पुरवा निवासी अचल कुमार मिश्रा ने वैज्ञानिक पद्धति और आधुनिक तकनीकों को अपनाकर आम की उन्नत किस्मों का सफल उत्पादन किया है। गुणवत्तापूर्ण फल उत्पादन और बेहतर बाग प्रबंधन के कारण उन्होंने क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है तथा अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्रोत बने हैं।

अचल कुमार मिश्रा के बागों में मियाँ जाकी, टॉमी हॉकिंस, अल्फांसो, बनाना मैंगो, आम्रपाली, चौसा और फजली समेत कई उन्नत प्रजातियों के आम का उत्पादन किया जा रहा है। उनके नवाचार और आधुनिक खेती के तौर-तरीकों ने जिले के अनेक किसानों को भी फलोत्पादन की ओर प्रेरित किया है।

सम्मान समारोह के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वैज्ञानिक सोच, आधुनिक तकनीक और निरंतर परिश्रम के बल पर किसान अपनी आय में वृद्धि करने के साथ प्रदेश की उद्यानिकी को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकते हैं। उन्होंने प्रगतिशील किसानों की भूमिका को कृषि विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया।

अचल कुमार मिश्रा को मिला यह सम्मान न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि लखीमपुर खीरी के किसानों और प्रदेश की समृद्ध कृषि एवं बागवानी परंपरा के लिए भी गौरव का विषय माना जा रहा है।

## धान रोपाई के खेत में मिला युवक का शव, गांव में सनसनी

- एक दिन से लापता था युवक, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका



**बिजुआ खीरी।** कोतवाली गोला क्षेत्र के गांव मूड़ा सवारान में शुक्रवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब धान की रोपाई के लिए तैयार एक खेत में 18 वर्षीय युवक का शव पड़ा मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हैं, जबकि परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। मूड़ा सवारान निवासी अरुण कुमार उर्फ गोलू गुरुवार दोपहर करीब एक बजे घर से निकला था। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। शुक्रवार सुबह गुमशुदगी की सूचना पुलिस चौकी मूड़ा सवारान में दी गई। इसके बाद परिजन और ग्रामीण युवक की खोजबीन में जुटे रहे।तलाश के दौरान शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे गांव निवासी सुनील राठौर के धान रोपाई के लिए तैयार खेत में अरुण का शव पड़ा मिला। शव मिलने की खबर फैलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंच गए ।सूचना पर चौकी प्रभारी सुरेंद्र मिश्रा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल से शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। परिजनों का आरोप है कि अरुण की हत्या कर शव खेत में फेंका गया है। वहीं पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण स्पष्ट हो सकेंगे। फिलहाल सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है।

## एसएसबी डांगा के तत्वावधान में हरद्वाही पंचायत में पशु चिकित्सा शिविर आयोजित



**बेलरायां खीरी।** निघासन तहसील के एसएसबी डांगा के तत्वावधान में हरद्वाही पंचायत में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में पहुचे ग्रामीणों ने अपने मवेशियों का इलाज कराया व टीके लगवाए भारत नेपाल सीमा पर तैनात सशत्र सीमा बल के द्वारा बार्डर इलाके के गांवों में चिकित्सा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं उसी क्रम में शुक्रवार को हरद्वाही पंचायत में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें प्रमोद देवरानी कमांडेंट तृतीय वाहिनी लखीमपुर के निर्देशन में डॉक्टरों ने हरद्वाही, मथुरापुरवा, चितिहा, उमरा से आये 91 मवेशियों का उपचार कर मुफ्त में दवाएं वितरित की साथ ही बरसात के मौसम में जानवरों में होने वाले रोगों से बचाव के लिए टीके भी लगाए इस दौरान डॉ शालिनी परिहार कमांडेंट वेटनरी, एसएसबी डांगा कंपनी प्रभारी मेघराज सहित उनकी टीम व जिलापंचायत सदस्य लक्ष्मी नरायन वर्मा, प्रधान सौरभ वर्मा, अजय वर्मा, राकेश, सुरेश सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## 80 लाख की ब्राउन शुगर के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

- 400 ग्राम स्मैक बरामद, चार मोबाइल व नकदी भी मिली, अंतरजनपदीय नेटवर्क की जांच में जुटी पुलिस

**पलिया कलां खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पलिया पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 80 लाख रुपये कीमत की 400 ग्राम ब्राउन शुगर (स्मैक) के साथ चार नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चार मोबाइल फोन और नकदी भी बरामद की है। सभी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक खीरी ख्याति गर्ग के निर्देशन,अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी पलिया के मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे के नेतृत्व में थाना पलिया पुलिस ने शुक्रवार तड़के करीब 3:40 बजे अतरिया क्रॉसिंग से पहले भीरा रोड स्थित मेला घाट मोड़ के पास घेराबंदी कर चारों आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में मोहल्ला रंगरेजान-2 पलिया निवासी सनी कुमार गुप्ता, थाना हजारा (पीलीभीत) निवासी पप्पू सिंह, थाना नानकमत्ता (ऊधम सिंह नगर, उत्तराखंड) निवासी तरसेम सिंह तथा थाना पढ़ुआ (खीरी) क्षेत्र के ग्राम मझरा पूरब निवासी परमजीत सिंह शामिल हैं। पुलिस के अनुसार सनी कुमार गुप्ता के पास से 150 ग्राम, पप्पू सिंह एवं तरसेम सिंह के पास से 100-100 ग्राम तथा परमजीत सिंह के पास से 50 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। इसके अलावा चार मोबाइल फोन और कुल 3,160 रुपये नकद भी बरामद किए गए। थाना पलिया में चारों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया गया। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि मुख्य आरोपी सनी कुमार गुप्ता के खिलाफ पूर्व में एनडीपीएस एक्ट, गैंगस्टर एक्ट समेत कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। वहीं पप्पू सिंह के विरुद्ध भी आबकारी एवं एनडीपीएस एक्ट के मामले पहले से पंजीकृत हैं। इस सफल कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक शिवा जी दुबे, उपनिरीक्षक रामजीत यादव, उपनिरीक्षक विवेक त्रिपाठी सहित थाना पलिया के अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र में नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

## राजकीय हाई स्कूल में वन महोत्सव पर भाजपा मंडल अध्यक्ष ने किया पौधरोपण

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज़।**




वन महोत्सव-2026 के तहत शुक्रवार को हलिया के पिपरा गांव स्थित राजकीय हाई स्कूल परिसर में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश अग्रहरी ने वन विभाग की टीम व छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर आम व अन्य छायादार पौधे लगाए।वन विभाग के अधिकारी रहे मौजूद इस दौरान वन दरोगा नीटू शर्मा, राजकुमार वर्मा व फॉरेस्ट गार्ड शीतला बक्स सिंह मौजूद रहे। विद्यालय परिसर में आम पौध भण्डारा के तहत पौधे रोपे गए। छात्राओं ने पौधों में पानी देकर उनकी देखभाल का संकल्प लिया।पर्यावरण बचाने का संदेश बैनर पर पेड़ बचाओ का संदेश दिया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश अग्रहरी ने कहा कि वन महोत्सव केवल एक सप्ताह का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि हर व्यक्ति को जीवन भर पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करना होगा। पेड़ लगाने के साथ-साथ उन्हें बचाना भी हमारी जिम्मेदारी है। रेंजर संतोष कुमार राय ने बताया कि 1 से 7 जुलाई तक चल रहे वन महोत्सव में पूरे क्षेत्र में लाखों पौधे लगाने का लक्ष्य है। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, वनकर्मी, ग्रामीण व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

## करंट की चपेट में आये युवक की मौत

**हलिया (मिर्जापुर)।** संतनगर थाना क्षेत्र के पतेर गांव में गुरुवार रात करंट लगने से 18 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक रात में लघुशंका के लिए उठा था, तभी घर के ऊपर से गुजरे हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया। गांव निवासी रामबालक गुरुवार रात भोजन करने के बाद अपने ममेरे भाई गोलू के साथ घर की छत पर सोया था। लगभग साढ़े 10 बजे रात लघुशंका के लिए उठा तो घर के ऊपर से गुजर रहे बिजली के तार से छू गया और बुरी तरह झुलस गया।बचाने की कोशिश नाकाम चीख-पुकार सुनकर छत पर सो रहे परिजन जाग गए। उन्होंने लाठी-डंडे से मारकर उसे तार से छुड़ाया और तुरंत एम्बुलेंस से लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस कार्रवाई सूचना मिलते ही संतनगर थानाध्यक्ष जीतेन्द्र कुमार मौके पर पहुंचकर । शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। गांव में हादसे के बाद मातम पसरा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से घरों के ऊपर से गुजर रहे जर्जर और खतरनाक तारों को हटाने की मांग की है।

वनटांगिया क्षेत्र के विकास को विधायक की पहल

## सड़क निर्माण के लिए अपर मुख्य वन संरक्षक से मिले जयमंगल कन्नौजिया

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



वनटांगिया क्षेत्र के विकास को गति देने और वर्षों से लंबित सड़क निर्माण की मांग को पूरा कराने के उद्देश्य से सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने लखनऊ में अपर मुख्य वन संरक्षक ए.पी. सिन्हा से मुलाकात कर फुरसतपुर बाजार में इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य को शीघ्र स्वीकृति देने का अनुरोध किया। विधायक ने अपर मुख्य वन संरक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि पकड़ी रेंज अंतर्गत ग्राम बरगदवा राजा स्थित फुरसतपुर बाजार तक जाने वाले मार्ग का निर्माण लंबे समय से लंबित है। सड़क के अभाव में वनटांगिया क्षेत्र के हजारों लोगों को प्रतिदिन आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जिससे विद्यार्थियों, किसानों, व्यापारियों तथा मरीजों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। जयमंगल कन्नौजिया ने बताया कि इस सड़क निर्माण का प्रस्ताव पूर्व में ही मुख्य वन संरक्षक (वन्य जीव) पूर्वी गोंडा को भेजा जा चुका है। इसके अतिरिक्त उन्होंने 28 अगस्त 2025 को भी पत्र लिखकर मामले के शीघ्र निस्तारण की मांग की थी, लेकिन अब तक कार्य शुरू नहीं हो सका है। इसी क्रम में उन्होंने लखनऊ जाकर अधिकारियों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर इस महत्वपूर्ण परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति देने की मांग की। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार वनटांगिया गांवों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल सहित सभी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण के लिए जो भी एस्टीमेट तैयार होगा, उसकी धनराशि वह अपनी विधायक निधि से उपलब्ध कराएंगे, ताकि आर्थिक संसाधनों के अभाव में विकास कार्य बाधित न होने पाए। उन्होंने कहा कि सड़क बनने से न केवल ग्रामीणों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी, बल्कि स्थानीय व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि वन विभाग शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेकर वनटांगिया क्षेत्र के हजारों परिवारों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करेगा। इस अवसर पर संजीव शुक्ला एवं राकेश अग्रहरी भी मौजूद रहे।

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः॥

भावपूर्ण श्रद्धांजलि

प्यार भरी स्मृतियों में

स्व. श्री दिवाकर गुप्ता



जन्म
2 अक्टूबर 1961

स्वर्गवास
21 जून 2026

प्रसिद्ध समाजसेवी एवं अध्यक्ष नेशनल मोटर यूनियन
छिबरामऊ जनपद कन्नौज

आपका स्नेह, मार्गदर्शन और प्रेरणा
हमेशा हमारे दिलों में जीवित रहेगा
आपने हमें जो मूल्य दिए, वही हमारी सबसे बड़ी धरोहर है।

सादर
अभिजीत और आकांक्षा
एवं समस्त गुप्ता परिवार

# बीमारियों का पैकेज है मोटापा, कम करें पेट की चर्बी

- मोबाइल इस्तेमाल करने वाले आंखों को स्वस्थ रखने के लिए अपनाएं 20-20-20 का नियम
- तीन दिन में 3.5 हजार से ज्यादा युवाओं ने उठाया एक दर्जन से ज्यादा निशुल्क जांचों का लाभ

**बरेली, समृद्धि न्यूज।**



24वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में चार दिवसीय युवा स्वास्थ्य मेला के तीसरे दिन शुक्रवार को 3.5 हजार से ज्यादा लोगों ने निशुल्क जांच का लाभ उठाया । तीसरे दिन जागरूकता परिचर्चा में चिकित्सकों ने मोटापे को बीमारियों का पैकेज बताया। कहा कि पेट की चर्बी कम करे बगैर स्वस्थ होने की बात करना नासमझी है। इसे दूर कर ही स्वस्थ जीवन की आधारशिला रखी जा सकती है। आप्थैल्मोजी विभाग प्रमुख डा. नीलिमा मेहरोत्रा ने आधुनिक जीवन शैली में सभी अंग प्रभावित हैं। आंखें भी इससे अछूती नहीं। आंखों का सबसे बड़ा दुश्मन मोबाइल है। अनजाने में मां-बाप का छोटे छोटे बच्चों को मोबाइल देना उन्हें चश्मा लगाने का सबसे बड़ा कारण है। रात में बिस्तर पर सोने से पहले अंधेरे कमरे में मोबाइल पर रील देखना आंखों की रौशनी को छीन रहा है। इसे बचाने के लिए मोबाइल का कम से कम इस्तेमाल करना और सोने से दो घंटे पहले इसे दूर रखने में ही समझदारी है। अगर आपकी आंखें सूखी हो रही हैं। लाल हो रही हैं या पानी आता है तो सावधान हो जाएं। डा.नीलिमा ने मोबाइल इस्तेमाल करने वालों को 20-20-20 का मंत्र दिया। कहा कि 20 मिनट मोबाइल का इस्तेमाल करने के बाद 20 सेकंड के लिए 20 मीटर की दूरी पर देखना और आंखों में साफ पानी के छींटे मारना जरूरी है। ईएनटी स्पेशलिस्ट डा. डा.अम्बालिका सिंह ने इयरफोन लगाकर लगातार मोबाइल के इस्तेमाल पर चेतावनी दी। कहा कि इससे कान की नसे कमजोर हो जाती हैं और इसका कोई इलाज भी नहीं। ऐसे में इयरफोन लगा कर भी मोबाइल की आवाज को कम से कम रखें। गायनेकोलॉजिस्ट डा. कनीज फातिमा ने लाइफस्टाइल की वजह से ज्यादा उम्र में होने वाला विवाह की प्रवृत्ति पर चिंता जताई। ज्यादा उम्र के विवाह में पति पत्नी के साथ होने वाले बच्चों को भी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होना आम है। ज्यादा उम्र में होने वाले बच्चों में डाउन सिंड्रोम होने की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे में 30 वर्ष तक विवाह करना स्वास्थ्य के नजरिए से उचित है। मनोरोग विशेषज्ञ डा. रूपाली रोहतगी ने जीवन शैली बिगड़ने से होने वाली मन की बीमारियों पर चर्चा की।